ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 • विक्रम संवत 2079 • शुक्रवार, 03 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-32 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



रजनीकांत, 'जय भीम' निर्देशक के अगले...

पेज 12 पर

## पूर्वोत्तर में और गहरा हुआ भगवा

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा ने अपनी स्थिति और मजबूत की है। त्रिपुरा-नगालैंड में बीजेपी गठबंधन की सरकार बनना तय है। दोनों ही राज्यों में भाजपा ने बहुमत हासिल किया है।

वहीं, मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा है जहां पर किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, बीजेपी त्रिपुरा में दोबारा सत्ता में वापसी की है। वहीं, नगालैंड में एनडीपीपी (बीजेपी गठबंधन) ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। मेघालय में एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।




## सुनीता चौधरी ने जीत लिया रामगढ़ का रण

### 21970 वोट से दर्ज की जीत, 115669 वोट लाकर बनाया रिकॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव एनडीए के पक्ष में गया। एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने रिकॉर्ड 115669 वोट लाकर इतिहास रच दिया। वहीं, यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो को 93699 वोट मिले। इस तरह से सुनीता चौधरी ने कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो को 21970 वोटों से पराजित किया है। इस चुनाव में कुल 228000 मतदाताओं ने वोट किया था। आजसू पार्टी के प्रत्याशी की जीत की खुशी में एनडीए गठबंधन ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाए और लड्डू का वितरण किया। सुनीता चौधरी की जीत की खबर सुनते ही आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, भाजपा के हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विधायक लंबोदर महतो और कई दिग्गज नेता रामगढ़ पहुंच गए। इन लोगों ने सबसे पहले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत की बधाई दी। खुली जीप पर सवार होकर सभी नेता जब सर्टिफिकेट लेकर बाहर निकले तो उनका स्वागत फूल माला और गाजे बाजे के साथ किया गया।




> **रामगढ़** का जनादेश प्रत्यक्ष तौर पर झूठ की बुनियाद पर चल रही सरकार की नीति, निर्णय और मंशा के खिलाफ है। उपचुनाव में सत्ता को चुनौती देना आसान नहीं था। चुनाव में सत्तारूढ़ दलों ने भावनात्मक लहर पैदा करने की कोशिशें की और झूठ परोसते रहे जबकि आजसू रामगढ़ और राज्य के हितों की बात करती रही।
> **– सुदेश महतो, आजसू प्रमुख।**

> **रामगढ़** उपचुनाव में धनबल का खेल हुआ। अभी सरकार ने काम शुरू किया है। कई चीजें धरातल पर पहुंची ही नहीं हैं। चिंता की बात नहीं है, ये सब धनबल का खेल है। जो जनादेश मिला है उसका सम्मान करते हैं, विजयी उम्मीदवार को शुभकामना देते हैं, लेकिन मेन मैच (2024 का चुनाव) अभी बाकी है।
> **– हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री।**

## NEWS इन ब्रीफ

### धनबल के आगे जनबल की हुई हार : बजरंग



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के उम्मीदवार बजरंग महतो ने रामगढ़ की जनता को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि लगभग 93 हजार जनता ने मुझे अपना साथ दिया है। मैं उन सब का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। जनता ने जो फैसला सुनाया है उसका पूरा सम्मान करना मेरा फर्ज है। इस चुनाव का रिजल्ट इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि धन बल के आगे जन बल की हार हो गई है।

### पूजा सिंघल मामले में सुनवाई आज



**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर हाजिर हुई। मनरेगा घोटाला के केस में पूजा सिंघल की ओर से अदालत में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया जाना था, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने डिस्चार्ज याचिका दाखिल नहीं की। इसके बाद अदालत ने उन्हें निर्देश दिया कि शुक्रवार को अगर डिस्चार्ज का आवेदन फाइल नहीं किया गया, तो कोर्ट चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### अभिषेक झा की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत में गुरुवार को मनी लांड्रिंग के मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## कैबिनेट ○ राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 35 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# बाध्यता हटी

### नियोजन नीति : झारखंड से 10वीं और 12वीं पास करने की बाध्यता खत्म

#### झारखंड के बाहर से भी मैट्रिक-इंटर पास किया तो राज्य में मिलेगी नौकरी

#### क्षेत्रीय भाषा में हिंदी संस्कृत और अंग्रेजी भी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के ही शैक्षणिक संस्थानों से 10वीं और 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण होने की बाध्यता हटा दी गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 35 प्रस्तावों पर मंजूरी दी गई। नयी संशोधित नियोजन नीति को मंजूरी दी गयी। सरकारी नौकरियों में झारखंड से ही मैट्रिक और इंटर पास होने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया। स्थानीय रीति रिवाज और परंपरा को भी जानना जरूरी नहीं रहा।

कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा इंटर, टेन प्लस टू का संचालन नियमावली संशोधन किया गया। इसमें क्षेत्रीय भाषाओं के अतिरिक्त हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत को भी जोड़ा गया है। यह सारे नियम कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा स्नातक स्तर नियमावली मैट्रिक 10वीं पास नियमावली और डिप्लोमा नियमावली में लागू होगा। संशोधन में आरक्षित वर्ग के लिए भी लागू होगा।

उल्लेखनीय है कि झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद नियमावली में बदलाव किया गया है। नगर विकास विभाग ने इसके अंतर्गत झारखंड नगरपालिका नियमावली में भी संशोधन कर दिया है। झारखंड नगरपालिका संपत्ति कर निर्धारण संग्रहण वसूली संशोधन नियमावली 2022 की मंजूरी दी गई। इसके अनुसार निर्धन शारीरिक रूप से अक्षम महिलाओं तथा बच्चों के लाभार्थी के लिए न्यास न लाभ न हानि के आधार पर संचालित शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थान से निर्धारित होल्डिंग टैक्स का 50 प्रतिशत कर देना होगा। हालांकि, इसके लिए वैध प्रमाण पत्र समर्पित करने को अनिवार्य किया गया है। गणना प्रक्रिया अनुसार प्रमंडलवार आवश्यक सर्किल दरों के आलोक में पूंजीगत मूल का निर्धारण करते हुए होल्डिंग टैक्स की गणना की जायेगी।

#### मैट्रिक और इंटर टॉपर को मिलेंगे तीन लाख ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले को पांच करोड़

**कैबिनेट** सचिव ने बताया कि झारखंड से मैट्रिक और इंटर परीक्षा के फर्स्ट टॉपर को तीन लाख, सेकंड को दो लाख और थर्ड टॉपर को एक लाख प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही मोबाइल और लैपटॉप दिया जायेगा। वहीं, ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ियों को अब दो करोड़ की जगह पांच करोड़ मिलेगा। इसी तरह अन्य पदक के लिए भी अलग-अलग राशि का प्रावधान किया गया।



#### छह विधेयकों को वापस लेने के प्रस्ताव को स्वीकृति

**रघुवर** सरकार के समय पारित हुए श्रम विभाग के छह विधेयकों को वापस लेने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। भारत सरकार ने इन विधायकों के प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी।

- द कॉन्ट्रैक्ट लेबर (रेगुलेशन एंड एबोलिशन) (झारखंड अमेंडमेंट) बिल 2015
- द बिहार इंडस्ट्रियल एस्टेब्लिशमेंट (नेशनल एंड फेस्टिवल हॉलिडे एंड कैजुअल लीव) झारखंड अमेंडमेंट बिल 2015
- द झारखंड लेबर लॉ (अमेंडमेंट) एंड मिसलेनियस प्रोविजन बिल 2018
- द इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट (झारखंड अमेंडमेंट) बिल 2018
- द झारखंड शॉप एंड इस्टैब्लिशमेंट (अमेंडमेंट) बिल 2018
- द फैक्टरी (झारखंड अमेंडमेंट) बिल 2019

#### कैबिनेट के अन्य फैसले

- राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्वीकृत किए गए 10 नए मॉडल डिग्री कॉलेज में से साहेबगंज जिला अंतर्गत नए मॉडल डिग्री कॉलेज साहेबगंज को राज्य स्कीम में स्वीकृत कर इसके फंडिंग पैटर्न में परिवर्तन करने की स्वीकृति दी गई।
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची में दैनिक पारिश्रमिक/एकमुश्त पारिश्रमिक पर नियुक्त 02 (दो) कर्मियों की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग नियमावली, 2014 ( समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा में नाव दुर्घटना, नदियों/डोभा/जलप्रपात में डूबने के स्थान पर पानी में डूबने की घटना को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित करने की स्वीकृति दी गई।
- दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय विधेयक, 2023 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई।

## अब नॉर्थ ईस्ट न तो दिल्ली से दूर है, न ही दिल से : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड की जनता का सिर झुकाकर आभार व्यक्त करते हैं। इन राज्यों की जनता ने हमारे साथी सहयोगियों को भरपूर आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में भाजपा के लिए कार्य करना कठिन नहीं है, लेकिन नॉर्थ ईस्ट में हमारे कार्यकर्ताओं ने दोगुनी मेहनत की है, उनके मेहनत की मैं सराहना करता हूं और धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि आपने जो मोबाइल फोन के माध्यम से प्रकाश फैलाया है, ये पूर्वोत्तर के नागरिकों का सम्मान है, पूर्वोत्तर के देशभक्ति का सम्मान है, प्रगति के रास्ते पर जाने का सम्मान है। ये प्रकाश उनके सम्मान में है, उनके गौरव में है। अब अब नॉर्थ ईस्ट न तो दिल्ली से दूर है, न ही दिल से। बता दें कि पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा ने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

## 4546 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को चालू वित्तीय वर्ष के लिए 4546 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। विपक्ष ने अनुदान मांग का विरोध किया जबकि सत्ता पक्ष ने इसका समर्थन किया। विपक्ष का कटौती प्रस्ताव खारिज हो गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए हेमंत सरकार शुक्रवार को बजट पेश करेगी।

बहुमत के आधार पर अनुपूरक बजट पास हो गया। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने इसे जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि इस साल अब तक 68.73 प्रतिशत खर्च किया जा चुका है। अनुपूरक बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 51 प्रतिशत ही था। जाहिर है कि खर्च करने के मामले में भी सरकार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार आगे है।



उन्होंने कहा कि पथ निर्माण के लिए 300 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान किया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के लिए 327 करोड़ का उपबंध किया गया है। सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में पेंशन मद में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 645 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिए किया गया है। इसके अलावा भवन निर्माण विभाग को 100 करोड़, वन पर्यावरण विभाग को 112 करोड़, गृह विभाग को 172 करोड़, उद्योग विभाग को 122 शेष पृष्ठ 11 पर

### जी20 सम्मेलन रांची में शुरू

## विशेषज्ञों ने टिकाऊ ऊर्जा पर दिया जोर

#### सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग और काम करने के तंत्र पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत सतत ऊर्जा के लिए सामग्री पर अनुसंधान और नवाचार पहल सभा (आरआईआईजी) का दो दिवसीय सम्मेलन गुरुवार से राजधानी रांची में शुरू हो गया। सम्मेलन में 16 जी20 सदस्यों, आमंत्रित अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 21 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लगभग 40 भारतीय विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन का समन्वय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। डॉ. श्रीवरी चंद्रशेखर, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), आरआईआईजी अध्यक्ष ने जी20 प्रतिनिधियों और विशेष आमंत्रितों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सहित कई जी20 देशों के पास विशाल खनिज और सामग्री संपदा है, जिसका हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर उपयोग करने की आवश्यकता है। अन्य जी20 देशों जैसे इंडोनेशिया और ब्राजील के जी20 प्रतिनिधियों ने भी अपनी प्रारंभिक टिप्पणियों में सम्मेलन के महत्व को दोहराया।

प्रतिनिधियों और आमंत्रितों का स्वागत करते हुए, डीएसआईआर के सचिव और सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. कलईसेल्वी ने कहा कि भारत शेष पृष्ठ 11 पर




### बातचीत | झारखंड के रंगकर्मी संजय लाल की भावुक अपील

## सीएम साहब! एक ऑडिटोरियम तो बनवा दें

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**

विगत ढाई दशकों से थिएटर में खुद को खपाने वाले संजय लाल इन दिनों दुखी हैं। उनके दुख का एकमात्र कारण है-झारखंड में थिएटर के लिए कायदे का एक भी ऑडिटोरियम का ना होना। मोरहाबादी मैदान में युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण मेले में गुरुवार को अपने नाटक 'सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का' की प्रस्तुति के ठीक पहले विशेष बातचीत में संजय लाल ने कहाः झारखंड में टैलेंट की कोई कमी नहीं है। एक से एक प्रतिभावान लोग हैं। हम लोग थिएटर के लिए एक अदद ऑडिटोरियम के लिए तरस रहे हैं। रांची, झारखंड की राजधानी है लेकिन यह कहते हुए बहुत दुख होता है कि हम लोगों के नाटकों के मंचन के लिए यहां एक भी कायदे का ऑडिटोरियम नहीं है। हमारी मांग है कि शेष पृष्ठ 11 पर



### जो मेरा कांशस कहेगा, वही गीत गाऊंगी : प्रो. सुलेखा रमैया

#### कहाः शॉर्ट-कर्ट से मिली सफलता अस्थायी ही है

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**

भोजपुरी, मैथिली, अंगिका और हिंदी में गायन के प्रायः सभी विधाओं में अपना स्वर दे चुकीं प्रोफेसर सुलेखा रमैया गत ढाई दशकों से गायन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। एक इंटर कॉलेज में संगीत पढ़ाने वाली प्रो. रमैया मानती हैं कि कलाकार भावुक होता है और जो देखता है, वही शब्दों में व्यक्त करता है, गुनगुनाता है। ऐसे में, अगर भोजपुरी की लोकगायिका नेहा सिंह राठौड़ ने यूपी में का बा पार्ट-2 गाया है तो उन्हें नोटिस देना गलत है। उन्होंने जो देखा, उसे ही गाया। साहित्य तो समाज का आईना है। गीत-संगीत भी तो साहित्य का ही हिस्सा है। मैं नेहा सिंह राठौड़ के साथ हूं।



मोरहाबादी मैदान में युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण मेले में गुरुवार को एक विशेष बातचीत में प्रो. रमैया ने कहा कि वह लोकगायिका शारदा सिन्हा को अपनी प्रेरणास्त्रोत मानती हैं। उन्होंने बताया कि अभी होली पर उनका एक एलबम जारी हुआ है। इसके अलावा भी उनकी छह गीतों का एक एल्बम जारी होने वाला है। देश भर में घूम-घूम कर गाने वाली प्रो. रमैया मानती हैं कि भोजपुरी में थोड़े समय में ही सुपरहिट होने से नुस्खे हैं, पर वो नुस्खे उन्हें रास नहीं आते। वह कहती हैः भोजपुरी में आपको रातों-रात शोहरत मिल सकती है। बस शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम के सुरक्षा प्रभारी से आज होगी पूछताछ

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन में आरोपी पॉवर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के यहां से एके-47 बरामदगी मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार से ईडी आज पूछताछ करेगी। ईडी ने चौथी बार डीएसपी विमल कुमार को समन भेजकर शुक्रवार को दिन के 11 बजे रांची जोनल ऑफिस में बुलाया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी के समन पर अनुपस्थित होने पर अब एजेंसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। एजेंसी के अधिकारियों के मुताबिक, हाल के दिनों में एजेंसी के समन के बाद भी कई अधिकारी मंतव्य लेने की बात कह उपस्थित नहीं हो रहे, इसे काफी गंभीरता से लिया गया है। यही वजह है कि विमल कुमार को फिर से समन भेजा गया।

## रिश्वत लेते पति समेत महिला मुखिया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

योजनाओं में चल रही अनियमितता व मनमानी के विरुद्ध एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पलामू इकाई ने गढ़वा जिले के हरादाग कला पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी और उसके पति बृजलाल विश्वकर्मा को 25 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मुखिया और उसका पति डोभा निर्माण कार्य के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर करने के एवज में 25 हजार रुपए घूस ले रहे थे। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम मेदिनीनगर ले गई। वहीं, एसीबी की कार्रवाई से पूरे प्रखंड में हड़कंप मच गया। बता दें कि मुखिया और उसके पति को गिरफ्तार करने के साथ ही पलामू एसीबी ने इस वर्ष का तीसरा ट्रैप केस पूरा कर लिया है।

#### चाईबासा में रिश्वत लेते नाजिर पकड़ाया

**चाईबासा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर पंडित को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) डीएसपी विजय महतो, सीओ सुभाष कुमार महतो और अन्य शामिल थे। मिली जानकारी के अनुसार नाजिर मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय के पीछे स्थित किराए के मकान में रहता है।

# मृतक के आश्रितों को लाइसेंस देने पर होगा विचार : मंत्री





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में कहा कि 60 वर्ष के बाद जन वितरण प्रणाली के डीलरों की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को लाइसेंस देने पर विचार करेगी। वे विधायक रामदास सोरेन के सवाल पर जवाब दे रहे थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह अनुवांशिक व्यवस्था हो जाएगी, जो ठीक नहीं है। राज्य सरकार कॉमन सर्विस सेंटर और सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिये इसे आगे बढ़ाने पर काम कर रही है। रामेश्वर उरांव ने कहा कि नियम यह है कि 18 साल से ऊपर वालों को लाइसेंस दिया जाता है। वो कबतक काम करेंगे, इसकी कोई उम्र सीमा नहीं है। जबतक सक्षम रहते हैं, काम करते हैं। 60 वर्ष के अंदर मृत्यु होने पर विभाग उनके आश्रितों को लाइसेंस देती है। प्रदीप यादव और मथुरा महतो के आग्रह पर बाद में मंत्री ने कहा कि कुछ मामले ऐसे आये हैं, जिनमें 60 वर्ष के बाद तक काम करने वाले डीलर की मृत्यु से आश्रितों को लाइसेंस देने की मांग हुई है। विधायक रामदास सोरेन ने सरकार से पूछा था कि क्या सरकार 60 वर्ष के बाद तक काम करने वालों के आश्रितों को लाइसेंस देने का विचार है। इसी पर प्रदीप यादव ने कहा कि जब 60 वर्ष के बाद भी काम कर सकते हैं तो उनके आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर लाइसेंस क्यों नहीं दिया जा सकता है।

## खाली पदों को भरने के लिए भेजी गई अधियाचना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भाजपा विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री बादल पत्रलेख ने स्वीकार किया कि मत्स्य विभाग में पदाधिकारी और कर्मचारी की कमी है। सरकार खाली पदों को भरने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके तहत मत्स्य विभाग ने 59 मत्स्य प्रसार पदाधिकारी को नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी है। इसके अलावा 19 निम्नवर्गीय लिपिक की अधियाचना भी भेजी गई है। अभी मत्स्य निदेशालय में 44 पदों के विरुद्ध 32 पदों पर पदाधिकारी कार्यरत हैं। अराजपत्रित कर्मियों के स्वीकृत पदों के विरुद्ध 116 कर्मी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक राजस्व के क्षति की बात है तो दो साल कोरोना में बीता इसके बावजूद तीन वर्ष में 24.02 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि इससे पहले पांच साल में 22.34 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

## मंत्री के भाई पर लगा आरोप, मांगे गये सबूत

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मिथिलेश ठाकुर के भाई पर आरोप लगाया कि कोयल नदी में नहर के टेंडर की कॉपी अपने लोगों के साथ जाकर फाड़ दी। इसके बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर गुस्साते हुए वेल में जा पहुंचे। उन्होंने कहा कि आप जो आरोप लगा रहे हैं, उसका सबूत दीजिये, नहीं तो इस्तीफा दीजिये। अगर आप आरोपों के पक्ष में सबूत देते हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। इस दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर वेल में ही बैठे रहे। इसके बाद सत्ता पक्ष के कई विधायक वेल में जाकर हंगामा करने लगे। हंगामा को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस तरीके से विपक्ष के सदस्य का आरोप है। सदस्यों को चाहिए कि सबूत के साथ आरोप लगाएं। बिना तथ्य का आरोप लगाना सदन को बाधित करना है। किसी को चोर बोल देने से वो चोर हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पीकर से मांग किया कि इस मामले को स्पंज कर दिया जाय। विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने कहा कि कोई भी सदस्य एक दूसरे पर आरोप लगाते वक्त सबूत भी रखें। बगैर सबूत के आरोप लगाने से सदन की गरिमा पर सवाल उठता है। आप सभी सदन की गरिमा का ख्याल रखें।

# चौथे दिन भी विपक्ष ने किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भी विपक्ष के विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। विपक्ष के विधायकों ने भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री इस्तीफा दो, खदान लूटनेवाली सरकार इस्तीफा दो के नारे लगाए। विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री समेत उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्री और अधिकारी भरष्टाचार में लिप्त हैं। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। झूठे वादों के बल पर सत्ता में आई यह सरकार जनता के कल्याण की जगह अपनी जेब भरने में लगी हुई है। नियोजन नीति का नहीं बनना, स्थानीय नीति पर जनता को गुमराह करना इस सरकार की नियति है। विधायक अनंत ओझा ने कहा कि हेमन्त सरकार मुस्लिम तुष्टीकरण पर काम कर रही है। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों के द्वारा लगातार कुकृत्य किये जा रहे हैं लेकिन ये सरकार उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य में असुरक्षा का माहौल है। डॉक्टर हड़ताल पर हैं। सरकार को इसकी सुध नहीं है। राज्य के युवा रोजगार के लिए तरस रहे हैं लेकिन यह सरकार न तो नियोजन नीति बना रही है और न ही स्थानीय नीति। ऐसी सरकार को एक मिनट भी गद्दी पर बने रहने का अधिकार नहीं है।

## राशनधारी को पेट्रोल 230 रुपये में सब्सिडी सिर्फ अफवाह : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधानसभा में गुरुवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राशनधारी परिवारों को पेट्रोल में 250 रुपये की सब्सिडी देने की योजना को लेकर अफवाह फैलाया गया है, जिसकी वजह से सीएम सपोर्ट योजनांतर्गत राशनकार्ड धारी लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। सदन में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव विधायक राज सिन्हा के सवालों का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि राशनकार्ड धारियों के बीच यह अफवाह फैला दी गई कि सब्सिडी लेने वाले का राशनकार्ड खत्म कर दिया जायेगा। दूसरी वजह यह थी कि सब्सिडी लेने के किए प्रज्ञा केंद्र में आवेदन देना पड़ता था लेकिन अब सुधार किया गया है। राशन डीलर के यहां ही अब ठप्पा लगाना होगा। मंत्री ने बताया कि 2021-22 वित्तीय वर्ष में 174828 व 2022-23 में अबतक 53773 राशन कार्डधारियों ने लाभ लिया है। गांव में अधिकांश लोग सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन का इस्तेमाल करते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए ओनरशिप भी जरूरी है। डीटीओ को भी निर्देश दिया गया है कि वह ओनरशिप बदलने संबंधी आवेदन को समय से निपटाए। मंत्री के जवाब के दौरान राज सिन्हा ने सवाल उठाया कि पेट्रोल, डीजल पर वैट कम करने की योजना राज्य सरकार की है या नहीं। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 22 प्रतिशत ही वैट लेती है जबकि केंद्र 29 से 30 फीसदी वैट लेती है।

# 68 एफपीओ का किया गया गठन : बादल पत्रलेख



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा में गुरुवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि नाबार्ड द्वारा एफपीओ योजना की स्कीम झारखंड में लागू है। इस स्कीम के तहत छोटे एवं सीमांत किसानों को एकीकृत कर कंपनी या को ऑपरेटिव अधिनियम में निबंधित कराया जाता है, ताकि वे संगठित रूप से इनपुट की खरीद कर किसानों को उपलब्ध कराए तथा कृषि उपज को ई-एनएएम तथा अन्य माध्यम से बाजार तक ले जाकर सही मूल्य दिलवाएं। बाजार की सुविधा होने से किसानों को काफी फायदा होगा और किसान काफी इसका लाभ भी उठायेंगे। किसानों के लिए अपने सामान को बेचने के लिए बाजार का होना बहुत ही जरूरी है। जब उन्हें उन्हें सुविधा नहीं मिलेगी तबतक वह सफल नहीं हो पायेंगे।

उन्होंने कहा कि नाबार्ड द्वारा वर्ष 2020-21 से झारखंड राज्य में भारत सरकार की 10000 एफपीओ की सेंट्रल सेक्टर योजना में 68 एफपीओ का गठन किया गया है और उन्हें पांच वर्षों तक मदद किया जाएगा। इसके अलावा और भी कई एजेंसी के माध्यम से एफपीओ का गठन किया गया है, जिसकी संख्या 257 है। यह एजेंसी भी भारत सरकार के गाइडलाइन पर चलता है। मंत्री कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

**कार्य स्थगन प्रस्ताव**

# लंबोदर महतो का प्रस्तावः कुरमी, तेली और घटवार को एसटी की सूची में शामिल करें



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन कुरमी/ कुड़मी (महतो) और घटवार व कोल्ह ( तेली) को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने को लेकर सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया। उन्होंने सदन में लाए अपने कार्य स्थगन प्रस्ताव में कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 23 नवंबर 2004 को परिषद की बैठक में छोटानागपुर की कुरमी कुड़मी (महतो) उत्तरी छोटानागपुर एवं संथाल परगना की घटवार जाति व कोल्ह (तेली) को अनुसूचित जाति में शामिल करने हेतु भारत सरकार को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया गया है किंतु उस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पूरे राज्य में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही उन्होंने शून्यकाल में हमसे सदन के माध्यम से सरकार से बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) को जिला बनाने की मांग की है उन्होंने सदन में कहा कि बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) राज्य का सबसे पुराना अनुमंडल है। वर्ष 1971 में जिला गिरिडीह से अलग होकर बेरमो अनुमंडल के रूप में अस्तित्व में आया। बेरमो अनुमंडल हर दृष्टिकोण से जिला बनने की की सभी अहर्ता रखता है। इस अनुमंडल में 07 प्रखंड, 15 थाना 0 6 ओपी एवं व्यवहार न्यायालय भी है। इसकी कुल आबादी 2011 के जनगणना के अनुसार करीब 11लाख 08 हजार 735 है। उन्होंने कहा कि इससे कम जनसंख्या तथा प्रखंड वाले अनुमंडल भी जिला बन चुका है, किंतु बेरमो अनुमंडल के जिला नहीं बनने से लाखों व्यक्तियों को प्रशासनिक, राजस्व व विकास संबंधी कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना कर रहा है।

## अनधिकृत काम करने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय के एक सवाल के जवाब में सरकार ने माना कि दोमुहान, जमशेदपुर पर स्वर्णरिखा नदी के भीतर जल संसाधन विभाग द्वारा वर्तमान में कोई योजना स्वीकृत नहीं है। जहां तक कार्रवाई की बात है तो इस पर चांडिल के मुख्य अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। सरयू राय ने बताया कि समयाभाव के कारण उनके प्रश्न पर सदन में चर्चा नहीं हो पाई, परंतु सरकार ने अपने उत्तर में नदी के भीतर अनधिकृत कार्य करने वालों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दे दिया। मुख्य अभियंता चांडिल से स्पष्टीकरण मिलते ही कार्रवाई होगी। मेरे प्रश्न की कंडिका 2 के उत्तर को सरकार ने स्वीकारात्मक बताया है। राय ने कहाः सवाल उठता है कि 1 फरवरी 2023 को विभाग ने मुख्य अभियंता से प्रतिवेदन मांगा तो प्रतिवेदन एक माह के बाद भी क्यों नहीं मिला? शायद इसलिए कि अनधिकृत कार्य स्थानीय मंत्री द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद मैं उपायुक्त से पूछूँगा कि क्या ज़िला प्रशासन ने नदी के भीतर कार्य करने की कोई योजना स्वीकृत की है या नहीं?

# भ्रष्टाचार की रिपोर्ट तीन सप्ताह में देंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
विधायक कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद के अंचलाधिकारी एनके राम पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अंचलाधिकारी ने 1956-57 से अभी तक का रशीद एक साथ ही काट दिया है। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनका आरोप गलत साबित हुआ तो वह सदन से इस्तीफा दे देंगे। जवाब में प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि पूरे मामले की जांच पलामू उपायुक्त से कराकर तीन सप्ताह में रिपोर्ट देंगे। मंत्री के जवाब पर विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि तीन सप्ताह नहीं दो सप्ताह के भीतर जांच कर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि सदन में सवाल आने के बाद भी जब भ्रष्ट पदाधिकारी को बचाया जाएगा तो इस सदन का क्या औचित्य रहेगा। इसपर मंत्री ने कहा कि चलते सत्र में ही जांच कर जवाब दिया जाएगा और कार्रवाई भी होगी।

## मथुरा महतो ने नवजात शिशु के इलाज के लिए दिए 50 हजार चेक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
टुंडी के झामुमो विधायक व सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने आज रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भर्ती 15 दिन के नवजात शिशु के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त 50 हजार का चेक पिता उपेंद्र कुमार महतो को सौंपा। चिकित्सकों के मुताबिक शिशू के गर्दन से जुड़ी सांस नली की सर्जरी की जानी है। बाघमारा प्रखंड के नगड़ी गांव के रहने वाले उपेंद्र कुमार महतो ने अपने बच्चे के समुचित इलाज के लिए मथुरा प्रसाद महतो से मिलकर सहयोग करने की गुहार लगाई।

**प्रदर्शनी** | बुटिक्स प्रदर्शनी का मेयर ने किया शुभारंभ

# त्योहार में ग्राहकों को मिलेगी सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 19वें संस्करण का उद्घाटन गुरुवार को रांची के होटल चाणक्या बीएनआर में किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची की महापौर आशा लकड़ा व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 40 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उपस्थित बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि हम इस बार ग्राहकों के लिए त्योहारों एवं शादियों के सीजन को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को यहां लेकर आए हैं। यहां ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में खासकर त्योहारों एवं वेडिंग के खास कलेक्शंस को शामिल किया गया है। फैशन में स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए देश भर से ब्रांडों को चुनते हुए पूरे देश से प्रीमियम ब्रांडो को इस प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है। बुटिक्स ऑफ इंडिया इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में विशेष रूप से अपने क्यूरेटेड शो को पेश करने जा रहा है जिसमें फैशन, ब्राइडल वियर, होम डेकोर, हैंडलूम, ज्वैलरी, एक्सेसरीज, किड्स वियर के साथ मेन्स वियर शामिल है। यह प्रदर्शनी सभी ग्राहकों के लिए निःशुल्क प्रवेश के साथ सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। संजय अग्रवाल ने कहा कि बीओआई न केवल खरीदारी करने का स्थान है, बल्कि यह कई छोटे नवोदित उद्यमी लोगों के लिए एक व्यापार मंच भी है, जो जीवन में कुछ बड़ा करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी लोगों का प्रवेश निःशुल्क होगा और यह सभी के लिए खुला रहेगा जिससे दुकानदारों को अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने का एक अच्छा अवसर मिलेगा।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था करें दुरूस्त : उपायुक्त

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा कि सीबीएसई एवं आईसीएसई की परीक्षा शुरू हो चुके हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी-1 व 2 को आवश्यक निर्देश दिया है। साथ ही सभी थाना प्रभारियों से भी कहा है कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गंभीर रहें। वर्तमान में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र (आईसीएसई) बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा क्रमशः 15 फरवरी एवं 27 फरवरी से रांची जिला अन्तर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आरम्भ हो चुकी है एवं परीक्षा की अंतिम तिथि पांच अप्रैल है। इसके लिए निर्धारित समय पूर्वाह्न 10:30 बजे से पूर्व सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिये आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित का निर्देश दिया गया है।

# रांची-बलरामपुर वाया गोरखपुर चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
होली पर रेलवे रांची-बलरामपुर वाया गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन चलाएगा। ट्रेन नंबर 08183/ 08184 रांची-बलरामपुर-रांची होली स्पेशल रांची से छह मार्च को चलेगी जबकि यह ट्रेन बलरामपुर से आठ मार्च को चलाई जाएगी। इस ट्रेन में एसी सेकेंड क्लास के 18 और एसी थ्री टियर के दो कोचों सहित कुल 22 कोच लगेंगे। इस ट्रेन में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। इस ट्रेन की टाइमिंग रांची से 20.30 बजे प्रस्थान कर खड़गपुर से 22.10 बजे, दूसरे दिन टाटानगर से 00.06 बजे, पुरूलिया से 01.50 बजे, भोजूडीह से 02.50 बजे, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस गोमो से 04.25 बजे, कोडरमा से 05.37 बजे, गया से 07.07 बजे, सासाराम से 08.22 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. से 10.25 बजे, वाराणसी से 11.55 बजे, मऊ से 13.40 बजे, भटनी से 14.50 बजे, देवरिया सदर से 15.20 बजे, गोरखपुर 18.00 बजे पहुंचकर, आनन्दनगर से 18.47 बजे, सिद्धार्थनगर से 19.09 बजे, बढ़नी से 19.50 बजे और तुलसीपुर से 20.53 बजे छूटकर बलरामपुर 22.00 बजे पहुंचेगी। जबकि, बलरामपुर से इस ट्रेन की टाइमिंग 21.30 बजे प्रस्थान कर तुलसीपुर से 22.10 बजे, बढ़नी से 23.00 बजे, सिद्धार्थनगर से 23.49 बजे, दूसरे दिन आनन्दनगर से 00.52 बजे, गोरखपुर से 02.20 बजे, देवरिया सदर से 03.27 बजे, भटनी से 03.55 बजे, मऊ से 05.10 बजे, वाराणसी से 07.35 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. से 08.25 बजे, सासाराम से 09.27 बजे, गया से 11.05 से बजे, कोडरमा से 12.27 बजे, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस गोमो से 14.08 बजे, भोजूडीह से 15.12 बजे, पुरूलिया से 16.10 बजे, टाटानगर से 18.20 बजे और खडगपुर से 20.55 बजे छूटकर रांची 23.15 बजे पहुंचेगी।

## सुरेश अलबेला हास्य कवि के है बेताज बादशाह

**रांची।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा 6 मार्च को मारवाड़ी भवन में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में देश के कई सुप्रसिद्ध हास्य कवि भाग ले रहे हैं। हास्य कवि सम्मेलन में विख्यात हास्य कवि सुरेश अलबेला पधार रहे हैं। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि सुरेश अलबेला अपने अलबेले अंदाज में श्रोताओं के दिल में सीधे उतरने वाले कई प्रतिभाओं से सुसज्जित हास्य कवि सुरेश अलबेला का अंदाज ही अलबेला है ! राजस्थान के सवाई माधोपुर के एक छोटे से गाँव चौथ का बरवाड़ा के रहने वाला कोमल हृदय मगर चुलबुले अंदाज वाला एक युवक जिसको सभी सुरेश के नाम से जानते थे। एक शाम उसको दोस्त गांव में हो रहे कवि सम्मलेन में ले गए और वहीं से इनके मन में कविताओं के तुकबंदी का दीप प्रज्ज्वलित हो गया और फिर वह धीरे -धीरे अपने अनोखे अंदाज में कविताये पड़ना शुरू कर दिया।

# पर्यावरण मेले का समापन आज, हेमंत-मुंडा-महतो रहेंगे मौजूद







विशेष प्रतिनिधि। रांची

22 फरवरी से प्रारंभ हुआ पर्यावरण मेला कल, 3 मार्च को संपन्न हो जाएगा। यह मेला नेचर फाउंडेशन और युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। 10 दिनों तक चले इस मेले में हर दिन प्रायः लोगों की भीड़ रही। इस मेले की खासियत यह रही कि प्रतिदिन एक से दो व्याख्यान होते रहे और प्रतिदिन शाम में सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित होती रही। शुक्रवार को मेले का समापन है। समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो मौजूद रहेंगे।

आयोजन समिति के अंशुल शरण के अनुसार, जब से मेला प्रारंभ हुआ, तब से लेकर अब तक लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। लोग यहां आते गए और नई-नई चीजों को देखे गए। लोग बैठे भी। कई ने खरीदारी की तो कई संगीत का आनंद लेते देखे गए। चूंकि हम लोग पर्यावरण की थीम पर इस मेले का आयोजन कर रहे हैं, लिहाजा पर्यावरण हमारा कोर इश्यू है। हमारी कोशिश यही रही है कि आम जनता को पर्यावरण के बारे में जितना संभव हो, जागरुक किया जाए।

**अंशुल बताते है:** जितने भी आपने स्टॉल देखे होंगे, सभी भारतीय थे। हम लोगों ने तय कर दिया था कि स्टॉल सिर्फ स्वदेशी कंपनियों के उत्पाद बेचने वालों को ही मिलेंगे। चाइनीज माल बेचने वालों को हम लोगों ने स्टॉल दिया ही नहीं। हम लोग यह चाहते हैं कि जो भी लोग आएं, वो स्वदेशी प्रोडक्ट बेचें। भी तो हमारी इकोनॉमी ग्रो करेगी। एक सवाल के जवाब में अंशुल ने बताया कि मेले में लोगों की सहभागिता बेहतरीन रही। लोगों में आज भी मेले का कल्चर है। यह शुभ संकेत है। उन्होंने इस बा पर भी प्रसन्नता जाहिर की कि मेले को सभी ने सराहा। उन्होंने बताया कि इस मेले में हम लोगों ने लोगों को यह बताने का प्रयास किया है कि दामोदर नद अब पहले वाली स्थिति में नहीं रह गया। अब उसमें से वो बदबू नहीं आती, जिसके लिए वह नद बदनाम था। अब दामोदर नद 95 प्रतिशत तक निर्मल हो चुका है, उसके पानी का रंग बदल चुका है। ऐसे ही, जो भी पर्यावरण के क्षेत्र में काम किया गया है, उसे हम लोगों ने यहां शोकेस करने की कोशिश की है।

## महंगाई की मार से देश की जनता हो रही है बेहाल

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता व महासचिव डॉ मनोज कुमार ने केंद्र सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की जब से केंद्र भाजपा की सरकार बनी है तब से मंहगाई चरम पर देश की आम आवाम बदहाल है।देश की निरंकुश सरकार को आम आवाम से कोई सरोकार नहीं है ये पूंजी पतियों के लिए बनी है उन्ही लोगो को लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार मंहगाई बढ़ा कर गरीबों का खून चूसने का काम कर रही है। डॉ कुमार ने कहा की केंद्र सरकार रसोई गैस में 50/रुपए मूल्य वृद्धि और वाणिज्य गैस में 350/ रुपए मूल्य में वृद्धि कर आम आवाम को परेशान और मारने पर मजबूर करने के समान है,केंद्र सरकार अविलंब किए गए मूल्य वृद्धि वापस करे अन्यथा राजद इस मंहगाई के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगी।

# शिक्षा को बेहतर बनाएं : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सी०पी० राधाकृष्णन ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता वहाँ के विद्यार्थियों द्वारा अर्जित ज्ञान पर निर्भर करता है। विद्यार्थी अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात ही प्रतियोगिता के इस युग में उत्कृष्टता व सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन, रिसर्च एवं इनोवेशन का बेहतर वातावरण विकसित करने पर बल देना होगा। राज्यपाल गुरुवार को राज भवन में नैक द्वारा प्रकाशित 'प्रत्यायन रिपोर्ट-झारखंड का राज्यवार विश्लेषण' के विमोचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उक्त अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव श्री राहुल कुमार पुरवार, नैक टीम के सदस्यगण तथा राज्य सरकार द्वारा सचालित विश्वविद्यालयों व निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण उपस्थित थे।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जित करने हेतु सदैव प्रेरित किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की सफलता उसके भवनों से नहीं, बल्कि उनके प्रतिभावान विद्यार्थियों से होती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के ज्ञान का महत्व होता है, केवल अंक हासिल करने से कुछ नहीं होता है। हमारे विश्वविद्यालय ज्ञान के प्रमुख केंद्र के रूप में जाने जाय, इसके लिए विश्वविद्यालय तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बीएयू कुलपति ने शिष्टाचार भेंट की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को राजभवन में झारखंड के राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने विवि के गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों की संछिप्त जानकारी दी। उन्हें विश्वविद्यालय हित में मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन भी मिला। डा. ओंकार ने कहा कि बीएयू शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने पर प्रतिबद्ध है। यहां से कई ऐसे छात्र गये हैं जो आज दुनिया में अपने साथ-साथ विवि का भी नाम रौशन कर रहें हैं।

कुलपतियों को व्यक्तिगत रुचि के साथ विभिन्न समस्याओं का समाधान करते हुए विश्वविद्यालय में बेहतर कार्य-संस्कृति विकसित करने की दिशा में सचेष्ट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रहित में विश्वविद्यालय में सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव ने राज्य के विश्वविद्यालयों के संदर्भ में चर्चा करते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संस्थाओं की रैंकिंग, रिसर्च-सह-इनोवेशन बोर्ड, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मैनपावर आदि की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। डा. ओंकार ने कहा कि कहा कि बीएयू के शिक्षण संस्थान में यहां के शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। शिक्षकों ने रात दिन करके बच्चों को एक अच्छी पहचान देने का काम किया गया। जो आज ऊंचाईयों पर हैं।

# असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति मामले में सुनवाई छह अप्रैल को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को राज्य के विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली तस्लीम आरिफ की याचिका पर सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने विस्तृत सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तिथि निर्धारित की। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति नियमावली जो वर्ष 2017-18 में झारखंड सरकार के द्वारा बनाई गई है, वह गलत है। राज्य सरकार को असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए नियमावली बनाने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार यूनिवर्सिटी के पास है। इसलिए राज्य सरकार द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए बनाए गए नियमावली को निरस्त किया जाए। मामले में जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया सरकार ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए नियमावली बनाई है। इसी के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया में जेपीएससी आगे बढ़ रहा है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

## नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित पुस्तक का किया गया विमोचन

**रांची।** दिल्ली में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में रांची के अक्षत देव की लिखी और नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित पुस्तक सॉग ऑफ द रिबेल का विमोचन किया गया। विमोचन पर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री राजकुमार रंजन, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक, नोबल पुरस्कार विजेता ऐनी एर्नोक्स, फ्रांस के राजदूत इमैनुअल लेनिन, फ्रांस दूतावास में सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार इमैनुएल लेब्रल डेमियंस और आईटीपीओ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरौला मौजूद रहे। यह पुस्तक 1855 की हूल क्रांति पर लिखी एक ऐतिहासिक कल्पित कथा है। जिसमें क्रांति के नायक सिदो कान्हू की वीर गाथा को अनोखे ढंग से प्रदर्शित किया गया है। पुस्तक राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा आयोजित पुस्तक मेलों, न्यास की वेबसाइट और स्कूलों में लगने वाले कैंप्स में मिलेगी। बताते चलें कि अक्षत का चयन राष्ट्रीय स्तर के पीएम युवा मेंटरशिप कांटेस्ट के जरिए हुआ था।

# अर्जुन मुंडा कल करेंगे मेले का उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा 4 मार्च 2023 को झारखंड के सरायकेला खरसावां जिले में आयोजित विशाल रोजगार मेला (जॉब फेयर) का अपने कर कमलों से शुभारंभ करेंगे। इस मेगा जॉब फेयर के माध्यम से जनजातीय युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे।

झारखंड राज्य में ऑटोमोटिव क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुंडा 4 मार्च, 2023 को झारखंड में सरायकेला जिले के काशी साहू कॉलेज में ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद (एएसडीसी) द्वारा आयोजित अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला (जॉब फेयर) में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इसका शुभारंभ करेंगे। विशाल रोजगार मेला का आयोजन सार्वजनिक निजी भागीदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण होगा। इस मेगा जॉब फेयर में अग्रणी ऑटोमोटिव कंपनियों के भाग लेने की संभावना है, जो जनजातीय युवाओं को दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए प्रशिक्षित तकनीशियन बनाने के उद्देश्य से नौकरी के अवसर प्रदान करेंगी। रोजगार मेले में आसपास के इलाकों से हजारों जनजातीय उम्मीदवारों के शामिल होने की उम्मीद है। बड़ी संख्या में नौकरी प्रदान करने का यह कार्यक्रम झारखंड में छात्रों और ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन सिद्ध होगा। रोजगार मेला जनजातीय विद्यार्थियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने तथा कंपनियों को अपनी इकाइयों के लिए सही उम्मीदवार खोजने का एक मंच प्रदान करेगा, जिससे जनजातीय युवाओं को कुशल और प्रतिष्ठित संगठनों के साथ काम करते हुए अपनी तरक्की के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सितंबर 2022 में भी इसी तरह के उम्मीदवार भर्ती अभियान का आयोजन किया गया था। इस दो दिवसीय भर्ती अभियान का आयोजन खूंटी, सरायकेला, चाईबासा और सिमदेगा में हुआ था। खूंटी की 488 लड़कियों में से कुल 387, सरायकेला की 331 लड़कियों में से 152, सिमदेगा की 1071 लड़कियों में से 846 और चाईबासा की 715 लड़कियों में से 513 ने भर्ती अभियान में अर्हता प्राप्त की और उन्हें तमिलनाडु में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के होसुर प्लांट में नियुक्त किया गया था। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किये गए सेवा पखवाड़ा के दौरान जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा के अथक प्रयासों से यह अभियान शुरू किया गया था। इस पहल को बहुत सराहनीय प्रतिक्रिया मिली थी और जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों से 2600 से अधिक लड़कियों एवं युवतियों ने भर्ती अभियान में भाग लिया, जिनमें से 1898 लड़कियों को 2 दिन में ही चुन लिया गया।

## विधायक के खिलाफ चुनाव याचिका पर सुनवाई 17 मार्च को

**रांची।** कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से समय की मांगी गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले में बहस के लिए 17 मार्च की तिथि निर्धारित की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में समरी लाल की ओर से हुई गवाही में लगभग सभी गवाहों ने कोर्ट में बताया है कि समरी लाल का परिवार आजादी के पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विभास सिन्हा ने पैरवी की। वही प्रतिवादी की ओर से कुमार हर्ष ने पैरवी की। दरअसल, वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके से भाजपा के टिकट पर समरी लाल जीते थे। सुरेश बैठाने उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए उनके निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

# हॉकी झारखंड ने 2023 का खेल कैलेंडर किया जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी झारखंड की ओर से वर्ष 2023 में राज्य में आयोजित होनेवाले राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिताओं का खेल कैलेंडर जारी हो गया है। हॉकी झारखंड की ओर से जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर और सीनियर महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के लिए तिथि तय किया गया है। साथ ही राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और पांच साइट महिला, पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए भी आयोजन तिथि निर्धारित की गयी है। खेल कैलेंडर जारी करने के साथ हॉकी झारखंड ने सभी जिलों को अपने जिले में खेल प्रतियोगिता समय पर कराये जाने को कहा है। विशेष परिस्थिति में पूर्व सूचना देकर आयोजन तिथि में आंशिक परिवर्तन करने का निर्देश दिया है। कैलेंडर के मुताबिक सभी जिलों में निर्धारित डेट में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर हॉकी मैचों के आयोजन के बाद हॉकी झारखंड की ओर से पुरुषों का (सीनियर) राज्य स्तरीय मैच 26-29 अगस्त को खेला जायेगा। साथ ही महिलाओं (सीनियर) का भी इसी अवधि में मैच होगा। हॉकी इंडिया के नेशनल कैलेंडर के मुताबिक 3-14 मई को पुरुषों (सीनियर) के नेशनल स्तर के मैच होंगे जबकि महिलाओं (सीनियर) के 15-26 फरवरी तक होंगे। सब जूनियर हॉकी मैचों (पुरुष) के लिए सभी 24 जिलों को 15-16 अप्रैल जबकि महिलाओं के चार-पांच अप्रैल को कराने को कहा गया है। जूनियर (लड़का) मैच दो-जून जून के बीच कराने होंगे जबकि लड़कियों के भी इसी डेट के अंदर कराने हैं। सीनियर मेंस के 29 जुलाई-पांच अगस्त के बीच और महिलाओं के भी पांच अगस्त तक जिला स्तर पर आयोजन करा लिए जाने का निर्देश जारी किया गया है।

**योजना** तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

# जीवनयापन में सुकर पालन बेहतर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय अनुसंधान अधीन पशु चिकित्सा संकाय में संचालित आईसीएआर - एफएमडी नेटवर्क यूनिट के जनजातीय उपपरियोजना (टीएसपी) के अधीन तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएयू के डीन पीजी एवं आईसीएआर- एफएमडी प्रोजेक्ट के परियोजना अन्वेषक डॉ. एमके गुप्ता ने किया। मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. एमके गुप्ता ने झारखंड में सुकर पालन के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय समुदाय की आजीविका एवं पोषण सुरक्षा में उन्नत सुकर पालन प्रौद्योगिकी बेहद उपयोगी साबित हो रही है। बीएयू द्वारा विकसित संकर सुकर नस्ल झारसुक और हाल में खोजी गयी दो देशी नस्ल बांड़ा एवं पूर्णिया से किसानों को रोजगार का साधन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को एक नर एवं एक मादा सुकर का वितरण किया जायेगा। इससे उन्नत सुकर पालन तकनीकी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ पोषण सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर बीएयू के आईसीएआर - सुकर पालन प्रोजेक्ट के परियोजना प्रभारी एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ रविन्द्र कुमार ने झारखंड प्रदेश के उपयुक्त प्रमुख सुकर नस्लें और सुकर नस्ल झारसुक की विशेषताओं, आहार एवं आवास प्रबंधन के बारे में बताया। सुकर पालन प्रशिक्षण एवं क्षमता कौशल विकास विषयक इस कार्यक्रम में रांची जिले के नामकुम प्रखंड अधीन रुदुंग कोचा गांव के कुल 26 जनजातीय महिला एवं पुरुष किसान भाग ले रहे है।

## आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने रिम्स को दिया रक्त संग्रह वैन

**रांची।** आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने गुरुवार को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) को एक नया मोबाइल रक्त संग्रह वैन दिया। यह रक्त संग्रह वैन आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने अपने कॉपोरेंट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत रिम्स को दी है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के हेड ऑफ ऑपरेशन सुहास नायक और नॉर्थ सेंट्रल जोनल हेड सुनील कुमार साह ने रिम्स निदेशक प्रो डॉ कामेश्वर प्रसाद एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेन्द्र बिरुआ को वैन की चाबी सौंपी। इस मौके पर रिम्स उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, रिम्स ट्रॉमा एवं क्रिटिकल केयर विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, आईसीआईसीआई फाउंडेशन के गवर्नमेंट एंड इंस्टिट्यूशनल बिजनेस के रीजनल हेड राजेश मिश्रा और रिम्स रक्त केंद्र की इंचार्ज डॉ सुषमा कुमारी भी मौजूद थी।

# मैकलुस्कीगंज में नक्सली हमले में दो मजदूर घायल, रिम्स रेफर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मैकलुस्कीगंज में नक्सलियों की गोलीबारी में दो मजदूर घायल हो गये हैं। दोनों मजदूरों के पैर में गोली लगी है। घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। वहीं, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। नक्सलियों ने गोलीबारी के बाद घटनास्थल पर पर्चा छोड़ कर पुलिस मुखबिरी बंद करने की चेतावनी दी है। बुधवार देर रात मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के जोभिया में नक्सलियों ने धावा बोलकर राजन साहू के ईंट भट्ठा में गोलीबारी की। लातेहार जिले की जंगल की ओर से सात-आठ की संख्या में आये नक्सलियों का नेतृत्व एक वदीधारी कर रहा था। नक्सलियों के ईंट भट्ठा में आते ही कार्यरत मजदूरों से भट्ठा संचालक राजन साहू का मोबाइल नंबर मांगा। जब तक मजदूर कुछ समझ पाते नक्सलियों ने गोली चला दी। इस गोलीबारी में मांडर निवासी राजकुमार (40) और लातेहार निवासी सोमरा उरांव (25) घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी एवं मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे व घायल मजदूरों को इलाज के लिए तत्काल रिम्स भिजवाया। नक्सलियों द्वारा छोड़े गये पर्चे को जब्त कर संभावित जगहों पर छापेमारी शुरू कर दी गयी है। मैक्लुस्कीगंज सहित खलारी, डकरा, पिपरवार एक औद्योगिक क्षेत्र है, जहां कई आपराधिक गुट और उग्रवादी संगठन सक्रिय हैं। वे समय-समय पर लेवी की उगाही के चलते घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। अब नक्सलियों की उपस्थिति ने स्थानीय एवं जिला पुलिस को चुनौती दी है। इस संबंध में मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए पर्चा मिलने की बात कही है।

NEWS इन ब्रीफ

## उत्पाद विभाग और रांची पुलिस का छापा, शराब बरामद

**रांची।** उत्पाद विभाग की रांची मुख्यालय टीम ने गुरुवार को रांची पुलिस के साथ मिलकर नामकुम थाना क्षेत्र के जोरार बस्ती में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में ब्लैक हॉर्स शराब और महंगे ब्रांड के शराब की बोतल, स्टीकर, ढक्कन बरामद किया गया है। जोरार बस्ती के नदी किनारे एक घर में उत्पाद विभाग और रांची एसएसपी के क्यूआरटी टीम ने छापेमारी की। उत्पाद आयुक्त करण सत्यार्थी को गुप्त सूचना मिली थी कि कम मूल्य की विदेशी शराब ब्लैक हॉर्स को महंगे ब्रांड के विदेशी शराब ब्लैक लेबल, ब्लेंडर प्राइड और आरएस के बोतल में भरकर बेचा जा रहा है। ब्लैक हॉर्स शराब में फॉर सेल अरुणाचल प्रदेश लिखा है। सभी शराब को होली में खपाने की तैयारी थी। इसके बाद छापेमारी की गई।

## श्री माहेश्वरी सभा का होली मिलन समारोह आयोजन चार को

**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा रांची का फागुन उत्सव और होली मिलन समारोह चार मार्च को माहेश्वरी भवन में होगा। माहेश्वरी सभा की मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने बताया कि आयोजन शाम सात से रात नौ बजे तक होगा। इसके लिए मुख्य संयोजक राजेश सोमानी और श्यामसुंदर बिहानी बनाए गए हैं। उनके साथ संयोजक अंजना गट्टानी, विनीता चितलांगिया, साबिक बोड़ा और हिमांशु धूत बनाए गए हैं।

## किसान संघ का स्थापना दिवस चार को

**रांची।** भारतीय किसान संघ झारखंड प्रांत के सभी जिलों में चार मार्च को संघ का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर सभी जिलों के अध्यक्षों और प्रभारियों को आयोजन संबंधी जानकारी दी गई है। उनसे आग्रह किया गया है कि सभी जिला मुख्यालयों में दत्तोपंत ठेंगड़ी और भारत माता का चित्र जरूर रखें। साथ ही सभी जिलों और प्रखंडों के पदाधिकारी और जिलों के प्रभारी अपेक्षित हैं।

## भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में लगा चिकित्सा शिविर

**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में गुरुवार को लघु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर के साथ ही आधार सुधार कैंप भी लगाया गया था। स्वास्थ्य शिविर में आये ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर के दौरान मोबाइल डर्मा एंड इएनटी और डेंटल वैन के माध्यम से आंख एवं दांत सहित अन्य बीमारियों का उपचार किया गया। साथ ही आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड के कैंप लगाकर आयुष्मान भारत की जानकारी दी गयी।

# रांची में डेलिगेट्स का किया गया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में गुरुवार की शाम झारखंडी संस्कृति की सुगंध से सराबोर थी। मौका था, जी 20 सम्मेलन में आए विदेशी मेहमानों को झारखंड की संस्कृति से रूबरू कराने का। रांची के होटल रेडिसन ब्लू में झारखंड के कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्य से यहां की संस्कृति से विदेशी मेहमानों को परिचित कराते हुए शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत लोक नृत्य से की गई, जिसे विदेशी मेहमानों ने काफी सराहा। उसके बाद मांदर, नगाड़ा और करताल की त्रिवेणी में कुडुख भाषा में गाए गए गीत आकर्षण का केंद्र बने। नंद नायक की टीम की बेहतरीन प्रस्तुति पर मेहमानों ने खूब तालियां बजाईं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भी पहुंचे और जी 20 में शामिल होने आए प्रतिनिधियों से मुलाकात की।



# रामगढ़ की जीत भ्रष्टाचार के खिलाफ संदेश :मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए के आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह जनादेश सोरेन परिवार के लूट, भ्रष्टाचार के खिलाफ आम लोगों के गुस्से का इजहार है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नियोजन नीति, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर अब लोगों को और बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। सरकार की नौटंकी का अंत समय आ गया है। वेकैंसी निकालकर रिक्त पदों को भरिए, वर्ना गद्दी खाली कीजिए। बालू, कोयला, पत्थर की लूट, ट्रांसफर- पोस्टिंग के नाम पर वसूली बंद कीजिये। हवाओं ने अपना रुख बदल दिया है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड के बसंत की शुरूआत है ये चुनाव परिणाम। बाबूलाल मरांडी ने रामगढ़ की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपने विकास और विश्वास पर अपनी मुहर लगा दी है। सुनीता चौधरी की यह जीत रामगढ़ की जनता की जीत है, यह जीत एनडीए के हजारों समर्पित कार्यकताओं की जीत है, जिनकी मेहनत और समर्पण ने इस जीत की बुनियाद रखी। भ्रष्ट सरकार के विदाई की शुरूआत- रघुवर दास पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की यह प्रचंड विजय राज्य की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार की विदाई की शुरूआत है। युवा, महिला, किसान, मजदूर, आदिवासी, पिछड़े, वंचितों समेत सभी झारखंडवासियों को धोखा देनेवालों को यह जनता का जवाब है।

### जेल में बंद अपराधी ने रची थी भाजपा नेता चतुर साहू की हत्या की साजिश

# एसआईटी ने हमलावरों को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के ओरमांझी इलाके में भाजपा नेता चतुर साहू के ऊपर हुई गोलीबारी मामले में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चतुर साहू इस हमले में बाल बाल बच गए थे।चतुर साहू को मारने के लिए रांची जेल से ही सुपारी दी गई थी। मामले के उद्भेदन के लिए रांची एसएसपी ने एक एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने इस मामले में दो अपराधियों को बिहार के मुंगेर से गिरफ्तार किया है ,वहीं दो अपराधी ओरमांझी मांझी से पकड़े गए। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो हथियार और कारतूस भी जब किया है। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि चतुर साहू पर हमला कर उन्हें जान से मार देने की प्लानिंग रांची जेल में हुई थी ,हलाकि दूसरा फायर मिस होने की वजह से भाजपा नेता बाल बाल बच गए थे ,चतुर साहू को एक गोली हाथ मे लगी थी।जब पुलिस ने इस मामले की तफ्तीश शुरू की तो पुलिस को एक चौंकाने वाली जानकारी मिली दरअसल पिछले साल 22 सितंबर को ओरमांझी के ही रहने वाले भाजपा नेता जीतराम मुंडा की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी ,इस हत्याकांड को मनोज मुंडा ने भाड़े के शूटरों से अंजाम दिलवाया था ,जिसके बाद मनोज मुंडा गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस की तफ्तीश में अनाज सामने आई है कि मनोज मुंडा नहीं चतुर साहू को मारने के लिए सुपारी दी थी।मनोज मुंडा जेल में रहकर ही एक बड़ा आपराधिक गिरोह तैयार कर रहा था। पुलिस के तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि मनोज मुंडा अपने गिरोह के साथ मिलकर जेल के अंदर से ही ओरमांझी के कारोबारियों से रंगदारी मांग रहा था। मनोज मुंडा ने भाजपा नेता चतुर साहू से भी रंगदारी की मांग की थी जिसे देने से भाजपा नेता ने इंकार कर दिया था। चतुर साहू के इनकार करने के बाद मनोज मुंडा ने उसे जान से मार देने की योजना बनाई ,ताकि उसके मारे जाने के बाद कोई भी रंगदारी देने से इनकार नहीं करेगा। इसी साजिश के तहत उसने , पहले से ही जेल में बंद ओरमांझी के ही एक अपराधी उमेश करमाली की जमानत करवा कर उसे गिरोह का संचालन करने के लिए बाहर भेजा। जेल से बाहर निकलने के बाद उमेश करमाली मनोज के इशारे पर करवरिया से रंगदारी की मांग करने लगा।



# होली मिलन समारोह की तैयारियां जोरों पर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होली के अवसर पर मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह 8 मार्च को मारवाड़ी भवन में आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारियां जोरों पर है, होली मिलन समारोह के संयोजक का दायित्व सज्जन पाड़िया को दिया गया है। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि 6 मार्च को डांडा रोपण कार्यक्रम प्रातः 10:00 से अपराह्न 4:00 तक होगा। तथा 7 मार्च को प्रातः काल 4:30 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। होलिका दहन बाजार टांड़ एवं बकरी बाजार मे होगा, होलिका दहन कार्यक्रम का संयोजक पवन पोद्दार, शिव सरावगी, केदार अग्रवाल एवं रमेश अग्रवाल को बनाया गया है। 8 मार्च को होली मिलन समारोह मारवाड़ी भवन में अपराह्न 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगा। होली मिलन समारोह का सामूहिक विधिवत उद्घाटन मारवाड़ी समाज से संबंधित सभी संस्थाओं के अध्यक्ष एवं मंत्री संयुक्त रूप से करेंगे।

# होली मिलन महोत्सव आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वावधान में होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम मे संत श्री ने आज के अपने प्रवचन मे कहा की हिन्दुओं के महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली। होली मिलन कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए गुरु जी ने कहा कि अधर्म पर हर समय धर्म ही जीतता है धर्म भले थोड़ा परेशान होता है लेकिन अंत में धर्म की जीत होती है गुरु जी ने आगे कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिम सभ्यता की ओर जा रही है आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलख जगाना चाहिए इसके बाद गुरुजी अंत में शिष्यों के साथ फूलों की होली खेली एवं आशीर्वाद दिया गुरु जी ने कहा कि होली का महत्व भक्त पहलाद के भक्ति के ऊपर आधारित है भक्त पहलाद के पिता हिरण्यकश्यप भक्त प्रहलाद को अपनी पूजा करने के लिए कहता था लेकिन पहलाद श्री कृष्ण भक्ति में लीन थे वह अपनी बहन के द्वारा पहलाद को अग्नि मे जला कर मारना चाहता था लेकिन उसकी बहन जलकर मर गई और भगवान ने भक्त पहलाद को बचा लिया इसलिए कहा गया है कि भक्ति से कोई बड़ा पूजा नहीं है। गुरुजी सदानंद जी महाराज के रांची पहुंचने पर उनके शिष्यों के द्वारा गुरु जी को चंदन बदन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात गुरुजी रेलमार्ग द्वारा पटना के लिए प्रस्थान किया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ननद किशोर पाटोदिया बिष्णु सोनी,नन्द किशोर चौधरी, अंशुल अग्रवाल इनके अलावा भी संस्था के बहुत से महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थ। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।




# महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**दुमका।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न वार्ड के ओटी में बालिका मुर्मू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह जामा थाना के माठाचक गांव की रहने वाली थी। बताया जाता है कि बालिका मुर्मू की चार वर्षीय बेटी अणिमा हेम्ब्रम आग में झुलस गई थी। 13 फरवरी को परिजनों ने अणिमा को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया। बच्ची का इलाज चल रहा था। उसकी स्थिति में सुधार भी हो रहा है। अणिमा की देख भाल के लिए उसकी मां बालिका मुर्मू और पिता रुबिलाल हेम्ब्रम बर्न वार्ड में रह रहे थे। गुरूवार सुबह सभी के जगने के बाद बालिका मुर्मू अपने पति को यह कहकर बर्न वार्ड से निकली कि ब्रश करके आती है। जाने के बाद काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो पति ने उसकी तलाश शुरू की। बर्न वार्ड के आपरेशन थियेटर में बालिका मुर्मू का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला।

# सीसीएलः अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को सी.सी.एल. मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने सी.सी.एल. एवं सीएमपीडीआइ के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल, पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआईएल, श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल, बी. साईराम, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (टी/आर डी एंड टी), सीएमपीडीआई, आर.एन. झा, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी), सीएमपीडीआई, श्री एस.के. गोमस्ता, निदेशक (टी/ईएस), सीएमपीडीआई, श्री शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पी एण्ड डी), सीएमपीडीआई, अजय कुमार सहित सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देते हुये कहा कि आप सभी बहुत ही अच्छा कर रहे हैं। श्री अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि कंपनी इस वित्तीय वर्ष में अपना लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होगी। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करना है तथा पिछले वर्ष की तुलना में फरवरी, 2023 तक उत्पादन में 11% का वृद्धि दर्ज किया है। सीसीएल के उच्च प्रबंधन खनन क्षेत्रों का नियमित दौरा कर कर्मियों को और अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहे हैं।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

45वीं औपबंधिक सूची जिलाः–राँची

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. डायरी सं0–3775<br>2. आवेदक का नाम–नरसिंह महतो<br>3. पिता का नाम–गोपाल महतो<br>4. ग्राम–सुण्डील<br>5. पो0–टुटकी नवाडीह<br>6. थाना–सिल्ली<br>7. प्रखण्ड–सिल्ली<br>8. लिंग–पुरूष<br>9. पहचान चिन्ह–गला में तिल का निषान<br>10. आयु–53 वर्ष | नहीं | नहीं | कारणः– पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–झामुमो | कंडिका–02 (ix) |
| 2. | 1. डायरी सं0–2463<br>2. आवेदक का नाम–मो0 उमर भाई<br>3. पिता का नाम–स्व0 मो0 सफीक<br>4. ग्राम–ग्वाला टोली रोड हिन्दपीढ़ी<br>5. पो0–हिन्दीपीढ़ी<br>6. थाना–हिन्दपीढ़ी<br>7. प्रखण्ड–सदर राँची<br>8. लिंग–पुरूष<br>9. पहचान चिन्ह–पीठ में तिल का निषान<br>10. आयु–72 वर्ष | नहीं | नहीं | कारणः– झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–झापा | कंडिका–02 (ix) |
| 3. | 1. डायरी सं0–2598<br>2. आवेदक का नाम–बादल महतो<br>3. पिता का नाम–स्व0 भागीरथ महतो<br>4. ग्राम–डमारी<br>5. पो0–बुण्डू<br>6. थाना–बुण्डू<br>7. प्रखण्ड–बुण्डू<br>8. लिंग–पुरूष<br>9. पहचान चिन्ह–गला में तिल का निषान<br>10. आयु–50 वर्ष | नहीं | नहीं | कारणः– झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–झामुमो (मार्डी) | कंडिका–02 (ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र ब0 तामांग)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 291725 Home(22-23)#D


**आस्था**

### श्याम अमृत महोत्सव सह स्थापना दिवस का तीसरा दिन

# श्रद्धालु श्याम की गीतों में खो-से गये!

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव सह स्थापना दिवस के तीसरे दिन हरमू रोड के खाटु श्याम मंदिर में श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ की गूंज देर रात तक जारी रही। कोलकाता से आए प्रख्यात पाठ वाचक संदीप सुलतानिया ने मधुर वाणी में अखंड ज्योत है अपार माया श्याम देव की परबल छाया.... गाते हुए श्याम प्रभु को रिझाया। बाबा के दरबार में लगातार 8 घंटे तक पाठ कर श्याम बाबा के जीवन का गुणगान किया। इस दौरान उनकी टीम के 20 कलाकारों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से श्याम प्रभु के अलावा अन्य देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए पूजा अर्चना की। भगवान शंकर के शिवलिंग के मूर्त रूप को विराजित कर युवा कन्याओं ने अपने हाथों में दीप लेकर नृत्य करते हुए आरती उतारी। इस दौरान मंदिर सभागार में 500 महिला श्रद्धालुओं ने सस्वर पाठ में भाग लिया । इस दौरान अखंड ज्योत में आहुति देने का सिलसिला जारी रहा और हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योत में आहुतियां दी। बाबा के अति प्रिय फाल्गुन माह के दौरान श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा आयोजित महोत्सव पर श्री श्याम प्रभु का सुबह और शाम में मनमोहक श्रृंगार किया गया। रंग बिरंगे फूलों से निर्मित गजरों से बाबा का श्रृंगार किया गया। बाबा को नया बागां पहनाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी उपमंत्री अनिल नारनोली की मौजूदगी में मंत्रोच्चारण के बीच यजमान परिवार पुष्पा देवी पोद्दार सनेह पोद्दार और स्नेहा पोद्दार ने मंदिर के पुजारी के सानिध्य में अखंड ज्योत प्रज्वलित की और श्याम प्रभु को पंचमेवा और फलों का भोग लगाया । श्याम भक्तों की सुबह से ही बाबा के दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह 5 बजे मंदिर का पट खोला गया और मंगला आरती के बाद भोग लगाया गया। खाटू नरेश को नया बागा पहनाने के बाद श्रृंगार आरती कर भक्तों के लिए दरबार खोल दिया गया । बाबा के दर्शनो के लिए मंदिर का पट सारा दिन खुला रहा। दोपहर भोग आरती के बाद मेवों और रंग बिरंगे सुगन्धित पुष्पों से निर्मित गजरों से बाबा का फिर श्रृंगार किया गया। मंदिर में ही विराजित श्री शिव परिवार और बालाजी महाराज का भी अलौकिक श्रृंगार कर नए वस्त्र पहनाए गए। एक तरफ अखंड ज्योति पाठ चल रहा था वही श्याम भक्तों द्वारा खाटू नरेश को सवामणी का महा भोग अर्पित किया जा रहा था। अखंड ज्योति पाठ के लिए मंदिर सभागार की विशेष साज सज्जा की गई। महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू के नेतृत्व में अखंड ज्योत पाठ करने वाली 500 श्रद्धालु महिलाओं के लिए फलाहार और सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई। दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों और अखंड ज्योति पाठ के दौरान मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया प्रदीप राजगढ़िया राजीव रंजन मित्तल अनिल नारनोली संजय सराफ अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार अभिषेक सरावगी विकास मोदी रमा सरावगी जिज्ञासा नारसरिया अमित सरावगी पंकज गाड़ोदिया कविता मित्तल उपस्थित रहे। अखंड ज्योत के साथ संगीतमय भजनों का कार्यक्रम होगा जयपुर से पहुंचे प्रमोद त्रिपाठी और चक्रधरपुर के अमित शर्मा और शीतल शर्मा द्वारा भजनों की सरिता का प्रवाह किया जाएगा सुबह एकजोत 9:30 बजे और रात में 9:30 बजे होगी।



# रामगढ़ में मुनि प्रसन्न सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

**रामगढ़।** रामगढ़ की पावन धरती पर परम पूज्य अंतरमना आचार्य मुनि श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश 2 मार्च को रामगढ़ में ऐतिहासिक रूप से हुआ। सकल जैन समाज रामगढ़ एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम से शहर के बाजार टांड़ मे महाराज श्री की भव्य अगवानी की। श्री दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन के नेतृव में सकेड़ो जैन सदस्यों ने महाराज श्री का अभिनंदन एवम् स्वागत किया। गाजे बाजे के साथ जुलूस बाजार टांड़ से चट्टी बाजार ,थाना चौक होते हुए वे श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ पहुंची। जहां सर्वप्रथम सर्वप्रथम महाराज श्री का पग परिचालन एवं आरती कर स्वागत किया गया ़। तत्पश्चात मुनि श्री ससंध मंदिर जी में भगवान जी का दर्शन एवं स्वाध्याय किया गया। मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक जैन, नरेंद्र छाबड़ा, अरविन्द सेठी, ललित चूड़ीवाल, जीवन पाटनी, राजेंद्र पाटनी,राजेंद्र चूरीवाल, राजेश सेठी, बिमल सेठी, शांतिलाल सेठी, जंबू पाटनी, अशोक सेठी,अशोक काला, देवेन्द्र गंगवाल,सुशील चूड़ीवाल,मोनू सेठी,संजय सेठी,पदम चंद छाबड़ा,अशोक काला, मांगीलाल चूड़ीवाल, नितिन पाटनी, बबलू सेठी, नीरज सेठी, पदम चंद जैन अजय पाटनी, विनोद पहारिया, निशांत सेठी, सौरव अजमेरा, विवेक अजमेरा, टीकम चंद बागड़ा, रघु गंगवाल अंकित जैन, ललित गंगवाल, प्रदीप जैन,अशोक कुमार रापरिया, दिलीप रापड़िया, सुनील पाटनी , पदम चंद सेठी, रोहित जैन, बीरेंद्र गंगवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस-झामुमो गठबंधन को मिली शिकस्त

## रामगढ़ उप चुनाव झांकी है, 2024 विधानसभा बाकी है : पूर्व विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस झामुमो गठबंधन को करारा झटका लगा है। एनडीए गठबंधन की आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने जीत का परचम लहराया है । नवनिर्विचित विधायिका को जीत की शुभकामनाये देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि रामगढ़ चुनाव तो एक झांकी है, अभी 2024 का विधानसभा चुनाव बाकी है । पूर्व विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार के वायदे और घोषणाएं हवा हवाई साबित हुए। जनता इनके कारनामे जान चुकी है । पारा शिक्षक हो या अन्य कोई सरकारी कर्मी सभी छले गए है, राज्य में एक बार फिर अपराधियो को संरक्षण मिला है । अपराधी बेखौफ घूम रहे है, हत्या और कुकर्म से लोग भयभीत है । सरकार ने सत्ता की सभी शक्तियां लगाया परंतु जनता के पंचायत में इंसाफ की जीत हुई ।



## रामगढ़ में आजसू के विकास पर लोगों ने लगा दी मुहर

# सुनीता चौधरी की जीत पर विजय जुलूस



### क्षेत्र की समस्याओं को दूर करूंगी : सुनीता चौधरी

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विजय हुईं आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि मैं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करती हूं की उन्होंने मुझे वोट देकर विजय बनाया। कहा कि विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का कार्य करूंगी। साथ ही लोगों की मुझसे जो अपेक्षा है उसे पूरा करने का प्रयास करूंगी।





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव का परिणाम 2 मार्च को मतगणना के बाद घोषित हुआ। जिसमें आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को 21970 मतों से पराजित किया। आजसू प्रत्याशी की जीत के बाद आजसू कार्यकर्ताओं ने कॉलेज गेट के निकट से बैंड बाजे के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला। जिसमें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव से विजय सुनीता चौधरी सहित आजसू के कई दिग्गज शामिल हुए। विजय जुलूस के दौरान कार्यकर्ता एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते झूमते हुए बढ़ रहे थे।

### हमारी नीतियों की जीतः सुदेश

आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत के बाद आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह हमारी नीतियों की जीत है। कहा कि हम लोगों से किये वादों को पूरा करने में विश्वास करते हैं। इसलिए लोगों का समर्थन हमें मिला। उन्होंने उपचुनाव में समर्थन के लिए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद दिया।

### हम लोगों के साथ हमेशा खड़े रहेंगेः चंद्रप्रकाश

वहीं, रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी की जीत पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हम लोगों के हर सुख दुख में साथ खड़े रहते हैं। कहा कि इसी कारण लोगों का समर्थन हमें मिला और रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी की जीत हुई।

## जीत की जश्न में शामिल भाजपा और आजसू के दिग्गज नेता





**रामगढ़ ।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव आजसू के नाम रहा। इस चुनाव में जनता ने चंद्र प्रकाश चौधरी एक बार फिर से विकास पुरुष के तमगे से नवाजा और उनकी पत्नी सुनीता चौधरी को विधानसभा में पहुंचा दिया। यहां की जनता ने रिकॉर्ड 115669 वोट देकर यह दर्शा दिया की आजसू के अलावा इस विधानसभा पर किसी और का दबदबा नहीं हो सकता। एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो को 21970 वोटों से पराजित किया है। सुनीता चौधरी की जीत की खबर सुनते ही आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, भाजपा के हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विधायक लंबोदर महतो और कई दिग्गज नेता रामगढ़ पहुंच गए। इन लोगों ने सबसे पहले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत की बधाई दी। इस दौरान सर्टिफिकेट लेने से पहले ही कार्यकताओं का जोश उमड़ रहा था। खुली जीप पर सवार होकर सभी नेता जब सर्टिफिकेट लेकर बाहर निकले तो उनका स्वागत फूल माला और गाजे बाजे के साथ किया गया।

# सांसद ने सीधे सीएम पर बोला हमला

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी की जीत के बाद बधाई देने पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा ने सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री ने सारी ताकत झोंक दी लेकिन इस दौरान वे जिस तरह हर मंच से चूल्हा प्रमुख को मूर्ख का तमगा दे रहे थे, यह उन्हें ही भारी पड़ गया। मुख्यमंत्री का यह शब्द आम जनता को काफी नागवार गुजरा। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना संवैधानिक अधिकार है और प्रचार में अपनी बात रखना भी उचित है लेकिन जिस तरह से जनता का अनादर मुख्यमंत्री ने किया, उसका परिणाम साफ दिख रहा है। रामगढ़ की जनता ने उपचुनाव को एनडीए की झोली में डालकर यह संकेत दे दिया है कि 2024 में भी वे सरकार बदलने का माद्दा रखते हैं। जयंत ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने बहुत सूझबूझ के साथ मतदान किया। किसी को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि इस भारी बहुमत के साथ एनडीए उम्मीदवार की जीत होगी। हर कोई कह रहा था कि दोनों पार्टियों में कड़ी लड़ाई है लेकिन जनता ने तो पहले ही तय कर लिया था। बड़े ही शांत माहौल में जनता ने सरकार के खिलाफ अपना संकेत दे दिया।

## विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि बितका बाउरी हत्याकांड का खुलासा

# पांडे गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ पुलिस ने कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि राजकिशोर उर्फ बितका बाउरी हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीनों पांडेय गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने कई राज उगले हैं। मिले इनपुट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस कप्तान पीयूष पांडेय ने पीसी कर हत्याकांड से संबंधित जानकारी दी। एसपी ने बताया कि जीटा( गुंडा टैक्स) को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले में सलिप्त अन्य अपराधियों की तलाश में जुटी है, जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। मृतक राजकिशोर उर्फ बितका बाउरी विधायक अंबा प्रसाद का विधायक प्रतिनिधि था और काफी करीबी था। बितका की हत्या के बाद कांग्रेसियों में पुलिस-प्रशासन के प्रति रोष था। सड़क जाम कर लोगों ने विरोध जताया था और हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। मामला हाईप्रोफाइल था, इसलिए पुलिस पर भी दबाव था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था। टीम ने टेक्निकल सेल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की छानबीन शुरू की. साथ ही अपने गुप्तचरों को भी अलर्ट कर दिया। मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए अपराधियों में गोबिंद कुमार (30) पिता स्व. लक्ष्मी साव, पतरातू, अंजित मुंडा (33) पिता- स्व. कारू मुंडा, टुंगरी टोला जयनगर, पतरातू और बादल लोहरा (21) पिता जगरनाथ लोहरा, छापर थाना बुढ़मू, रांची शामिल है. अपराधियों के पास से एक सफेद रंग की अपाची बाइक, एक 7.65 बोर का देशी पिस्टल, 4 जिंदा गोली, तीन मोबाइल जब्त किया गया।

**आस्था व श्रद्धा**

## पूर्णाहुति के साथ नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा का समापन

# श्रद्धालुओं की भक्ति रस से सरोबार हुआ जतघघरा

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत ग्राम जतघघरा में आयोजित नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम दिन वेदी पूजन,पाठ,हवन, पूणार्हुति, महाआरती, कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन और भण्डारा के साथ यज्ञ का समापन किया गया। ज्ञात हो भव्य देवी मंडप निर्माण की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। वहीं वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा गांव भक्तिमय हो गया है। वृंदावन से आये प्रख्यात प्रवचनकर्ता पं देवकी नंदन कहा कि अधर्म के मार्ग पर चलकर कोई अब तक फला फूला नहीं है,और न ही सुख शांति से रहा है। धर्म के प्रति आस्था जब तक जनमानस में गहराई तक प्रवेश ना करेगी तब तक मानव जाति की समस्याओं एवं कठिनाइयों का हल ना हो सकेगा। हमें अच्छा मनुष्य बनना चाहिए। सनातन धर्म में किसी भी धार्मिक यज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ कलश पूजन से किया जाता है। कलश में 33 कोटी देवी देवता का निवास माना जाता है, 33 कोटि देवी देवता एक ही ईश्वर के 33 अलग-अलग शक्तियों है, प्रत्येक देवी देवता 11 शक्ति के विशेषज्ञ है। हर यज्ञ अनुष्ठान में नारियों की अहम भूमिका होती है। भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोच्च माना गया है। नारी परिवार की धुरी होती है। जिस राष्ट्र में नारी का जितना सम्मान होता है वह राष्ट्र उतना ही सर्वोच्च उन्नत एवं महान होता है। नारी का सम्मान जहां है, संस्कृति का उत्थान वहां है। उन्होंने कहा कि प्रभु का स्मरण से अनेकों कष्ट दूर हो जाता है। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष मथुरा यादव, फुलांगी यादव, सचिव दशरथ राणा,उप सचिव महेश यादव, कोषाध्यक्ष केदार यादव,



उपकोषाध्यक्ष राजकुमार यादव, पंसस मनोज यादव, सदस्य सीताराम यादव, सुरेश यादव, रामदेव यादव, दीपक यादव, जगलाल यादव, विश्वनाथ स्वर्णकार, रामलाल स्वर्णकार, विष्णुदेव यादव, रामप्रसाद राम, मुन्ना राम, सुभाष यादव समेत आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बरही में महिला जागरूकता दिवस शुरू

**बरही ।** झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वाधान में महिला जागता दिवस का शुभारंभ हुआ । जिसका उद्घाटन प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सी आर इंदीवर आदि संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । जानकारी देते हुए बीपीएल दीपक कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आगामी 8 मार्च तक लगातार चलाए जाएंगे । इसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं उनके विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देना है । महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगारमय बनाने के लिए जेएसएलपीएस के तहत सखी मंडल का गठन किया जाता है । जिसके महिलाए जुड़कर स्वाबलंबी बन रही हैं । उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने महिलाओ को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया । उन्होंने कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और विभिन्न योजनाओ को बताया । प्रमुख ने भी महिलाओ को जागरूक करते हुए स्वाबलंबन के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी दी । इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न सखी मंडल की दीदी लोग मौजूद थे ।

## बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

**बरही ।** विगत कई दिनों से पूरे दिन रात मिलाकर महज आठ से दस घंटे ही लोगो को बिजली मिल पा रहे है । इससे लोग का बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोशित होते देखे जा रहे है । एक तो बढ़ती गर्मी दूजे बच्चो के परीक्षा ने अभिभावकों तथा विद्यार्थियो को परेशान कर रखा है । बिजली की समस्या पर बोलते हुए एसडीओ (ई) सौरभ लिंडा ने बताया कि समस्या का मुख्य कारण डीवीसी का बिना शेड्यूल का लोड शेडिंग करना है । डीवीसी अपने सुविधानुसार लगातार दो दो घंटे का लोड शेडिंग कर रहा है । इस संबंध में उन्होंने बताया कि यह लोडशेडिंग डीवीसी कुछ तकनीकी कारणों से कर रहा है । जिस पर कार्य किया जा रहा है । उम्मीद है दो से चार दिनों में समस्याओं का समाधान हो जाएगा । इसके बाद जा रही है । अगले 2 से 4 दिन में समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है । इसके बाद बिजली उपभोक्ताओं को पुनः पूर्व की भांति मिलेगा ।

## डुमरी की मिठाई दुकानों की जांच

**गिरिडीह।** होली को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को गिरिडीह के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पवन कुमार ने डुमरी के ईसरी बाजार स्थित कई मिठाई दुकानों में अभियान चला कर जांच की। वैसे अभियान ईसरी बाजार स्थित चनाचूर बनानेवाली छोटी फैक्ट्री में भी चलाया गया. जहां कई मिठाई दुकानों के सैंपल लिये गये। जांच के लिए पेड़ा, पनीर और मिठाई के सैंपल कलेक्शन किये। जबकि कई राशन दुकानों में भी चनाचूर के सैंपल कलेक्शन किये गये। इस दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पवन कुमार चनाचूर फैक्ट्री पहुंचे और फैक्ट्री के सैंपल लेकर जांच की. इधर कार्रवाई के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि अभी अभियान जारी रहेगा। जिन दुकानों से सैंपल लिये गये हैं उन्हें जांच के लिए भेजा जायेगा। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद गड़बड़ी पाये जाने पर वैसे दुकानदारों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

## संदेहास्पद हालत में मिला नाइट गार्ड का शव

**गिरिडीह।** गिरिडीह के गांवा थाना क्षेत्र के गांवा-सतगांवा स्थित चिहुटिया गांव के समीप शव पड़ा मिला। गुरुवार की अहले सुबह गांवा थाना पुलिस को स्थानीय लोगों की सूचना पर बरामद हुआ। पुलिस पहुंची, तो पूरे मामले की जांच में जुट गयी। मृतक की पहचान गांवा के ही ककमारी गांव निवासी महेश वर्मा के रूप में की गयी। जानकारी मिलने के बाद मृतक महेश की पत्नी शरबती देवी और बेटा प्रवीण कुमार समेत कई ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे और महेश का शव देखते ही बेसुध हो गये. पुलिस भी फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं कर पायी कि महेश की हत्या हुई है या मामला कुछ और है। लेकिन शव में चोट लगे होने की बात सामने आयी है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार मृतक महेश गांवा थाना क्षेत्र के मंझने स्थित सरकारी शराब दुकान में नाईट गार्ड था। बेटे प्रवीण की मानें तो हर रोज उसके पिता रात नौ बजे ड्यूटी के लिए दुकान पहुंच जाते थे और रात भर ड्यूटी के बाद सुबह लौट जाते थे। लेकिन बुधवार की सुबह उसके पिता घर नहीं आये, तो कुछ देर बाद उनके पिता का शव चिहुटिया गांव से बरामद होने की जानकारी मिली।

## रक्तदान शिविर में उपायुक्त ने किया रक्तदान

**गिरिडीह।** गिरिडीह में पोस्टिंग के साथ ही डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने गुरुवार को चौथी बार रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। और युवाओं के साथ महिलाओं को रक्तदान के प्रति उत्साहित किया। गुरुवार को स्थानीय प्रशासन ने रेडक्रास के सहयोग से न्यू समाहरणालय भवन के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। और रक्तदान की शुरूआत डीसी ने रक्तदान कर किया. वैसे डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने इस दौरान जानकारी भी दिया कि जिले में उनकी पोस्टिंग के साथ ही यह चौथा रक्तदान है। इधर शिविर में डीटीओ रोहित सिन्हा, जिला कल्याण पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, डीपीओ समेत कई पदाधिकारी और कर्मियों ने भी पूरे उत्साह के साथ रक्तदान करते नजर आएं। तो डीसी को रक्तदान करते देख मौके पर कई युवाओं ने भी जरुरतमंदो के लिए रक्तदान किया। इस दौरान शिविर में 37 यूनिट रक्तदान हुआ। जबकि शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सक डा. सोहेल अख्तर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डीसी ने कहा भी कि जब भी खून की कमी दिखना शुरू हो। हर कोई रक्तदान करने के लिए सामने आएं. क्योंकि रक्तदान से रक्तदाता भी कई बीमारियों से दूर रहता है। इधर शिविर में रेडक्रास के अध्यक्ष मदन लाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष डा. तारक नाथ देव समेत कई मौजूद थे।

## ई-रिक्शा चालक को लोगों ने पीटा

**गिरिडीह।** धार्मिक स्थल में अश्लील हरकत करते हुए एक ई रिक्शा चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर उसकी जमकर धुनाई कर दी. घटना नगर थाना क्षेत्र के बाभन टोली की है। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि ई- रिक्शा चालक आफताब ने नाबालिग को लेकर टोटो से धार्मिक स्थल पहुंचा और उसके साथ अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। घटना के समय वहां पुजारी नही थे। मौके पर मौजूद पुजारी की मां ने दोनों को अश्लील हरकत करते देख इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ हिंदू संगठनों के शुभम झा, रविशंकर पांडेय समेत कई लोग पहुंचे। लेकिन तब तक नाबालिग धार्मिक स्थल से खुद को बचाकर निकल गई। जबकि टोटो चालक आफताब को स्थानीय लोगों ने दबोच कर जमकर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। बाद में पुलिस आरोपी आफताब को लेकर थाना पहुंची और उससे पूछताछ की। फिलहाल आरोपी के खिलाफ नाबालिग के पिता द्वारा केस दर्ज कराया जा रहा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**भंडरा।** थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बालू खनन परिवहन पर नकेल कसते हुए अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। कारवाई करते हुए थाना प्रभारी ने इसकी सूचना भंडरा अंचल अधिकारी एवं खनन विभाग को दे दिया है। थाना प्रभारी ने बताया की बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के एक महिंद्रा ट्रैक्टर अवैध तरीके से बालू ले जाते हुए कुम्हरिया गांव के पास पकड़ा। गाड़ी में किसी प्रकार का चलान एवं गाड़ी के कागजात नही होने के कारण ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। अब सीधे कारवाई होगी।

### झामुमो जिला समिति की बैठक संपन्न




**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में रखी गई जिसमें मुख्य रुप से झामुमो के जिला अध्यक्ष ने सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिया कि आने वाले 15 दिनों के अंदर बूथ कमेटी का लिस्ट जिला कार्यालय को जमा करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरा तैयार है। कार्यकर्ता अपने अपने बूथ में जाकर काम करे सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में सभी को बताए। जब से झामुमो की सरकार बनी है झारखंड का विकास हो रहा है। मौके पर जिला सचिव अनील उरांव, केंद्रीय समिति सदस्य उदय भगत, केंद्रीय समिति सदस्य विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष के सहार प्रखंड अध्यक्ष किसको प्रखंड अध्यक्ष सभी प्रखंड सचिव एवं सभी प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कलश यात्रा निकाली

**बानो।** प्रखंड के राधा कृष्ण मन्दिर की स्थापना दिवस पर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 501 महिलाओं व कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में काफी संख्या में बच्चों ने भी भाग लिया। राधा कृष्ण मंदिर परिसर को झंडों से सजाया गया है। कलश यात्रा पास के जलाशय से निकलकर बाजार ताड़, जयपाल मैदान, बिरसा मुंडा चौक होते हुए पुनः मन्दिर पहुंचा। रास्ते में जय श्री राम के नारे व भक्ति गीत गूंजता रहा। कलश यात्रा में पंडित भरथु पण्डा व सन्तोष द्विवेदी ने विधि पूर्वक पूजन कराया। जजमान के रूप में गोपाल सिंह सह पत्नी भाग लिया। कलश यात्रा में विश्वनाथ बड़ाईक, राजेंद्र लुनिया, महाबीर सिंह, श्रवण राम, हुलेश नायक, दुर्गा जायसवाल, पलटू सिंह, सुकरा प्रधान रतन साहू आदि लोग शामिल थे।

### डिजिटल क्लास रूम से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी

**लोहरदगा।** समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्था के अंतर्गत किस्को के कुंदगारी गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुंदगाड़ी में स्मार्ट क्लास रूम लगाया गया और बाएफ संस्था के प्रोजेक्ट ऑफिसर पंकज कुमार, फील्ड गाइड सोनम दुलारी उरांव एवम स्कूल के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार सिंह और वीरेंद्र सिंह के द्वारा डिजिटल क्लास रूम के बारे में जानकारी दी गई। पंकज कुमार ने कहा कि डिजिटल क्लास रूम के लगने से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी होगी और पढ़ने में मन लगेगा। शहरी बच्चा और ग्रामीण बच्चो में जो टेक्नोलॉजी गैप है वो दूरी कम होगी। इसके माध्यम से बच्चे इसमें पाठ्यपुस्तक का वीडियो, पढ़ना लिखना, पेंटिंग करना, इत्यादि कार्य कर सकते है और मनोरंजक तरीके से सीख सकते है। इस मौके पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष अर्जुन उरांव, सहिया अनिता उरांव, वार्ड सोमा भगत एवं समस्त अभिवावक उपस्थिति थे।

# वर्ल्ड बैंक टीम ने जलापूर्ति योजना के स्थल का निरीक्षण किया

## एक सौ चालीस करोड़ रुपये की लागत से धरातल पर उतरेगी शहरी जलापूर्ति योजना



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि अमंकवाह आए (शहरी विशेषज्ञ सह कार्य टीम लीडर जेएमपीडी) के नेतृत्व में एक टीम गुरुवार को लोहरदगा पहुंची। टीम ने वर्ल्ड बैंक से वित्त पोषित शहरी जलापूर्ति योजना के लिए स्थल का निरीक्षण किया।

वर्ल्ड बैंक की टीम ने लोहरदगा के बाघा पुल के पास कोयल नदी का अवलोकन किया और वहीं इस योजना को शुरू करने की सहमति दी। यहां वीयर का निर्माण होगा, जहां वर्षभर पानी उपलब्ध रहेगा। यहां प्लांट भी लगेगा। शहरी जलापूर्ति योजना के लिए चार टावर बनाए जाएंगे। पूरे शहर में जलापूर्ति पाईप बिछाकर पानी की आपूर्ति की जाएगी।

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि यह योजना स्वीकृत होने के दो वर्ष के अंदर पूरा होगा। यह योजना एक सौ चालीस करोड़ रुपये की लागत से पूरी होगी। इसके बन जाने से लोहरदगा शहर में चौबीसों घंटे जलापूर्ति होगी।

इस मौके पर देवेंद्र कुमार कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, उत्कर्ष मिश्रा उपनिदेशक जुडको, रामशीष रजक सामाजिक विशेषज्ञ जुड़को, प्रशांत टोपनो पर्यावरण विशेषज्ञ, कुमार मृणाल सीनियर इंजीनियर, विजय कुमार सिटी मैनेजर, सचिन कुमार सहायक अभियंता, आलोक कुमार कनीय अभियंता, संजय प्रसाद, कुमार संदीप व धर्मेंद्र मौजूद थे।

## डीसी ने कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग की समीक्षा की

# कॅरियर काउंसलिंग-सह-रोजगार मेला आयोजित करें



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कल्याण विभाग, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य, सहकारिता, खेल, पर्यटन, सामाजिक सुरक्षा विभाग के वित्तीय वर्षों में आवंटन व व्यय की समीक्षा की गई। कल्याण विभाग अंतर्गत सरना/मसना घेराबंदी, धुमकुड़िया हाउस निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, बिरसा आवास निर्माण आदि की समीक्षा की गई। समाज कल्याण अंतर्गत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सामूहिक विवाह, अंतिम संस्कार सेमिनार मद में व्यय, केंद्र प्रयोजित अभियान मद में व्यय की समीक्षा की गई। कृषि में कर्मशाला, प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार मद, एनएफएसएम मद, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना मद की समीक्षा की गई और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की राशि व्यय हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के बीच योजना का लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य देने किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, मत्स्य विभाग द्वारा निर्मित तालाब के पास भी पीएमकेएसवाई योजना का लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। विभिन्न विभागों में प्रचार-प्रसार मद में शेष रह गई राशि से नगर भवन, लोहरदगा में छात्र-छात्राओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग-सह-रोजगार मेला आयोजित करने का निदेश दिया गया। साथ ही, इसमें जिला नियोजन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित किये जाने का भी निदेश दिया गया। बैठक में समाजिक सुरक्षा कोषांग सहायक निदेशक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी/समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी ने हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण




**लोहरदगा।** उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के सीएमटीसी, भवन में हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा पलाश के फूल, चुकंदर, पालक, गुलाब जल के जरिये ये हर्बल गुलाल तैयार किये गये हैं। उपायुक्त द्वारा दीदीयों के इस प्रयास को सराहा गया और होली त्यौहार को देखते हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों से इस हर्बल गुलाल का प्रयोग करने की अपील की गई। मौके पर कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, जेएसएलपीएस डीपीएम, लोहरदगा प्रकाश रंजन, धारा महिला मंडल कुजरा, बादल आजीविका सखी मंडल पेशरार और किरण आजीविका सखी मंडल लोहरदगा समूह की दीदीयां उपस्थित रहीं।

### रामगढ़ का उपचुनाव तो ट्रेलर था

# 2024 में अभी बाकी है लड़ाई : बड़ाईक



### रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी को शानदार जीत मिली है : धुपेन्द्र पांडेय

### 2024 में गठबंधन सरकार का सूपड़ा साफ होगा : श्रद्धानंद बेसरा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर भारतीय जनता पार्टी एवं आजसू पार्टी ने संयुक्त रूप से विजय जुलूस का आयोजन किया। विजय जुलूस में भाजपा एवं आजसू कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद आजसू पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एवं लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की रामगढ़ उपचुनाव ट्रेलर है बाकी पिक्चर 2024 में दिखेगा रामगढ़ उपचुनाव में जनता ने एनडीए प्रत्याशी को जीता कर यह बता दिया की गठबंधन सरकार सिर्फ लूट झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति कर रही है। बहुत जल्द जनता इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। वहीं आजसू जिला अध्यक्ष धुपेन्द्र पांडेय ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में जिस तरह से एनडीए प्रत्याशी को जीत मिली है। झारखंड की जनता ने यह साफ कर दिया कि वर्तमान सरकार से छुटकारा चाहती है।

भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कहा की 2024 में गठबंधन सरकार का सूपड़ा साफ होगा और एनडीए की जीत होगी सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से जोहार यात्रा करके मुख्यमंत्री राज्य की जनता को ठगने का प्रयास कर रहे थे रामगढ़ की जनता ने बता दिया कि आपकी यात्रा ठग बंधन सरकार की अंतिम यात्रा है 2024 में भाजपा आजसू गठबंधन की सरकार होगी मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद बसंत नारायण माझी राकेश रविकांत सत्यनारायण प्रसाद अजय सिंह दीप नारायण दास अनिरुद्ध सिंह अशोक रजक महिला नेत्री सावित्री देवी पिंकी प्रसाद मौजूद थे।

# कैरो थाना में शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
इबादत का त्यौहार शबे बरात व रंगों का त्यौहार होली सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए गुरुवार को थाना परिसर में सीओ कमलेश उरांव, बीडीओ पवन कुमार महतो व थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव के सयुंक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुए। बैठक में पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि पर्व त्यौहार आपसे प्रेम को बढ़ावा देता है हमें आपसी गिले-शिकवे को भुलाकर एक दूसरे की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मिलजुल कर पर्व त्यौहार मनाना चाहिए।थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा कि क्षेत्र में हमेशा शांति व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर पुलिस प्रशासन सदैव ही तत्पर है खासकर पर्व त्योहार के मौके पर सोशल मीडिया के द्वारा जो अफवाहें फैलाई जाती हैं उन अफवाहों से हमें बचने की जरूरत है अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। मौके पर मौजूद प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा त्यौहारों की गरिमा बनाए रखें जिससे त्यौहारों के दौरान कोई दिक्कत न आए।हमें एक दूसरे की भावनाओं का कद्र करते हुए शांतिपूर्वक पर्व त्यौहार मनाना चाहिए। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अनीस अहमद खान ने युवाओं को नशा पान से दूर रहने की बात करते हुए अवैध रूप से नशीली चीजों का बिक्री करने वाले दुकानदारों पर प्रशासन के द्वारा कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर एसआई ऋषि कांत शर्मा, कैरो मुखिया वीरेंद्र महाले नरौली, मुखिया अरविंद उरांव, नाजिर आलम खान, जमील अख्तर, आदि उपस्थित थे।

### सेन्हा थाना में शांति समिति की बैठक

## आपसी भाईचारे से पर्व मनाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
आगामी होली एवं शबे बारात को लेकर थाना परिसर सेन्हा प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई। आयोजित शांति समिति का बैठक के दौरान होली पर्व एवं शबे बारात मनाने को लेकर एवं तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। रंगों का त्यौहार पर चर्चा करते हुए थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं शबे बारात पर्व का भी जानकारी लिया गया। पर्व के दौरान दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों से विचार विमर्श करते हुए भाईचारे के साथ पर्व मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। होली पर्व मनाने के दौरान अश्लील और भड़काऊ गाना नही बजाने एवं सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल नही करने तथा अफवाह का शिकार होने से बचने को लेकर जानकारी दिया गया। वहीं शबे बारात के दौरान विशेष समुदाय अपने रीति रिवाज के अनुसार फातिहा एवं नमाज अदा करें। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, पुलिस निरीक्षक चंद्रमोहन हांसदा, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, शांति समिति के सभी गणमान्य सदस्य शामिल थे।

## बस चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा।** कंडरा सड़क दुर्घटना मामला में बस चालक के विरुद्ध घायल युवक की पत्नी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई में जुटी पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप विगत 17 फरवरी को सड़क दुर्घटना हुई थी। जिस में मां और बेटा घायल हो गये थे। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। घटना के उपरांत घायल का पहचान गुमला जिला अंतर्गत पुसो थाना क्षेत्र के भुरसो निवासी संजीत उरांव एवं घायल की मां गंदौरी देवी के रूप में किया गया था। जानकारी के अनुसार बता दें कि घायल युवक इलाजरत होने के कारण घायल संजीत उरांव की पत्नी मालती देवी ने बसंत बस जे एच 01सी जी 9822 के चालक के विरुद्ध सेन्हा थाना में बयान देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाई है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताते हुए कहा कि घायल संजीत उरांव के इलाजरत होने के कारण उसकी पत्नी मलती देवी के बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 29/23 दर्ज कर धारा 279, 337, 338, 427 आईपीसी के तहत पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ है। घटना की सूचना पर त्वरित कारवाई करते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

# होली व शब-ए-बरात को ले कुरडेग थाना में शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
होली पर्व एवं शब-ए-बरात पर्व के मद्देनजर कुरडेग थाना परिषर में गुरूवार 10:00 बजे दिन में कुरडेग अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की की अध्यक्षता में थाना प्रभारी मुन्ना रमानी, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, पुर्व जिला परिषद मनोज साय की मौजूदगी में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपस्थित शांति समिति के सभी सदस्यों ने आपसी भाइचारे, एकता एवं हर्षोउल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने लोगों से अपील की वे होली नही खेलने की इच्छा जताने वाले लोगों पर रंग गुलाल नहीं डालें। एक दूसरे का सम्मान करें,लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। किसी भी प्रकार की अफवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल उसकी सुचना पुलिस प्रशासन को दें। कुरडेग आपसी एकता की एक मिशाल है इसे हर हाल में कायम रखें। वहीं सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि यहां की परंपरा रही है सभी धर्मो के लोग सभी त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्द्धपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर मनाते आए हैं आशा ही नही विश्वास है इस बार भी रंगो का त्योहार होली और इबादत का त्योहार शब-ए-बरात सौहाद्धपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा कि त्योहार के दौरान हुड़दंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा। सोशल मिडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की सख्त नजर रहेगी किसी भी प्रकार के फेक न्युज, अफवाह फैलाने वाले लोगों पर पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाइ की जाएगी।वहीं उन्होने सड़क सुरक्षा के बारे में यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट और चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार के वाहन चलाने नहीं दें।

साइबर अपराध के बारे में बताया कि किसी अंजान व्यक्ति को कभी भी अपना बैंक डीटेल, पीन नम्बर एटीएम और आपके फोन पर आए ओटीपी की जानकारी नहीं दे। इससे अपराधी आपके बैंक से पैसा निकाल लेगें।अगर कभी आप साइबर अपराधी के शिकार हो जातें है तो तत्काल 1930 नम्बर पर शिकायत दर्ज करायें इससे आपका पैसा वापस आ सकता है। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, सांसद प्रतिनिधि, पुर्व जिला परिषद, एसआई रमेश कुमार, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष जीशान खान, मुखिया उर्मिला कुजूर, वार्ड पार्षद अयुब अंसारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# कल्याण विभाग ने संचालित विद्यालयों में नामांकन प्रवेश परीक्षा आज

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम आवासीय विद्यालय एवं आवासीय उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में वर्ग 06,07 एवं 08 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन आज जिला के पांच परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा 11 बजे पूर्वाहन से 2 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। परीक्षा में कुल 2595 छात्र/छात्राएं भाग लेंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु उड़नदस्ता/गश्ती दल दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के इर्द-गिर्द कम से कम 100 मीटर की दूर तक धारा-144 के अंतर्गत लागू किये जाने का आदेश उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा को दिया गया है। परीक्षा आयोजन/व्यवस्था के वरीय प्रभार में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, लोहरदगा होंगे। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। परीक्षा के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त, लोहरदगा की ओर से निदेश दिए गए हैं।

**कार्यक्रम** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन

# कोलेबिरा-रांची की दूरी घटकर 70किमी होगी



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
भारतमाला परियोजना अंतर्गत लिट्टिवेड़ा (उड़िसा) से रांची (झारखंड) तक चार लेन नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाइवे का विकास उड़िसा (उड़िसा में एसएच-10 का जंक्शन) से रांची (सिथियो, रिंग रोड) झारखंड राज्य तक लंबाई - 150 कि.मी होगी। जिसे एनएच-143डी के नाम से जाना जायेगा। इस निर्माण कार्य के लिए सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड सभागार में लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से राजीव रंजन परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण गुमला,अमरेंद्र कुमार सिन्हा अपर सम्हार्ता सिमडेगा, गोपाल कुमार क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड रांची गौरव कुमार, हरीश कुमार अंचलाधिकारी कोलेबिरा के साथ क्षेत्र के कई ग्रामीण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में फोर लेन का निर्माण से संबंधित लोगों को जानकारी दी गई और मुआवजा के विषय में भी जानकारी दी गई। प्राधिकरण के परियोजना निदेशक राजीव रंजन ने बताया 150 किलोमीटर की दूरी का फोरलेन का निर्माण कार्य होगा। जो उड़ीसा और झारखंड को जोड़ेगा इसके निर्माण से यहां पर विकास विकास की गति मिलेगी और आने वाले समय में उड़ीसा और रांची की दूरी कम हो जाएगी।

महज 70 किलोमीटर की दूरी में कोलेबिरा से रांची को जोड़ दिया जाएगा जिससे जिससे कम समय पर रांची या उड़ीसा पहुंचा जा सकता है। वहीं परियोजना निदेशक ने बताया इस रोड की गति सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटा की होगी जिस पर कई कोरीडोर और अंडर बाईपास बनाए जाएंगे। जिसमें लोगों को उनके अनुरूप सुविधा प्रदान की जाएगी और यहां जो जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। उन्हें सरकारी दर से चार गुना भुगतान किया जाएगा।

वहीं जमीन के साथ पेड़ घर का भी उचित मुआवजा दिया जाएगा और उसे समय से भी दिया जाएगा ताकि लाभुक जल्द से जल्द दूसरा घर बना सके। वहीं पदाधिकारी ने बताया की सभी को भुगतान गजट निकालकर जल्द कर दिया जाएगा जिससे रोड बनाने में हमें कोई असुविधा ना हो। उन्होंने लोगों से अपील की यह भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रोड बनाने में लोग हमे सहयोग करे और साथ दे ताकि यहां के लोगों को विकास हो।

# आदिवासी छात्र संघ ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा जिला समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक सिमडेगा से मिलकर जिले भर में अवैद्य शराब ब्रिकी पर रोक लगाने को लेके ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि सिमडेगा में सालभर में ही सड़क दुर्घटना में सैकड़ों लोग जान गंवा चुकें हैं। जिसमें अधिकांश मामलों में नशा कर गाड़ी चलाने के फलस्वरुप कईयों ने जीवन गंवाया। जिसके कारण सड़क दुर्घटना के मामले में सिमडेगा अव्वल नंबर पर है। यही नहीं महिलाओं पर हिंसा और छेड़खानी भी इनदिनों बढ़ी है जिसका कारण कहीं न कहीं नशा है। क्योंकि नशा कर के कई बार लड़कियों एवं महिलाओं के साथ रात या शाम में वारदात हुए। इन सबको देखते हुए आदिवासी छात्र संघ के सिमडेगा जिला समिति ने पुलिस अधीक्षक सिमडेगा कुमार सौरभ को ज्ञापन देकर अवैध शराब बिक्री करने वालों तथा कुछ शराब पीने के अड्डाबाजी वाले स्थानों पर पुलिस गश्ती बढ़ाने की माँग की है ताकि क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बना रहे। आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता आनन्द सोरेंग, अनुप सोरेंग, ब्लासियुस कुल्लु, सरंक्षक प्रदीप टोप्पो एवं समाजसेवी अगुस्टीना सोरेंग सम्मिलित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### जिला विकल्प की अंतिम तिथि आज

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा पूर्व में जारी किए गये विषय जिसमें संथाली, पंचपरगनिया और कुरमाली विषय के अभ्यर्थियों को जिला विकल्प का लिंक दिया गया था। जिसकी अवधि एक मार्च से लेकर 3 मार्च तक था। आज इन विषयों के अभ्यर्थियों का जिला विकल्प की अंतिम तिथि है। उसके बाद आयोग के द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि आयोग के द्वारा सभी विषयों का सूची निकालने के बाद जिला विकल्प का अवसर दिया जा रहा है । उसके उपरांत ही अंतिम मेधा सूची प्रकाशित किया जायेगा।

### युवा विरोधी सरकार की दोहरी नीति को युवाओं ने नकारा

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ विधानसभा मे एनडीए की बढ़त के बाद आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि युवा विरोधी सरकार की दोहरी नीति को रामगढ़ के युवाओं ने जवाब देने का काम किया है। प्रदेश के युवा अब जाग चुके है और सरकार के झूठ और लूट की राजनीति को समझ चुके है। इस चुनाव मे आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के जीत के साथ झूठ की बुनियाद पर टिकी सरकार का जनादेश समाप्ति की ओर है। इसके लिए आजसू एवं भाजपा के सभी पदाधिकारियों के मेहनत का परिणाम है। जिन्होंने सरकार के असली चेहरे को जनता के सामने लाने का काम किया।

### वाहन चेकिंग अभियान के तहत दो बाइक जब्त

**विश्रामपुर।** पुलिस ने गुरुवार को थाना मोड पर विशेष दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया । जिसमें हेलमेट, ड्राइवरी लाइसेंस, इन्सुरेंश सहित गाड़ी की जरूरी कागजात की गहनता पूर्वक जांच की गई। जिसमें दो बाइको को जब्त कर थाना लाया गया। जांच अभियान का नेतृत्व थाना में पद स्थापित एएसआई संजय सिंह ने किया। श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आला अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बेतहाशा वृद्धि पर अंकुश लगाना पुलिस का मुख्य उद्देश्य है। उसी के मद्दे नजर यह अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगी। मौके पर एएसआई संजय सिंह, आरक्षी प्रभात कुमार जौहरी, रमेश कुमार सहित शस्त्र बल के कई जवान मौजूद थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**मोहम्मदगंज।** थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ प्रभाकर ओझा व संचालन थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने किया। बैठक में प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि व कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अपने क्षेत्रों में होली का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की सर्वसहमति बनी। बैठक में बरडंडा पंचायत में कई सालों से दो गुटों में सड़क विवाद मामला को मुखिया सुदर्शन राम ने उठाया। मामले को गंभीरता से लेते हुये बीडीओ ने शनिवार को थाना में आयोजित होने वाले थाना दिवस पर निदान की बात कही। जिसमें दोनों पक्ष के पंचायत प्रतिनिधि, सीओ व ग्रामीण उपस्थित होगें। होली में शांति भंग करने व अश्लील गीत डीजे बजाने पर रोक की बात कही गई। होली में शांतिभंग करने वालों की सूचना तुरन्त प्रशासन को देने का निर्देश दिया गया। बैठक के पश्चात थाना परिसर में सुखी होली खेली गई। बैठक मे शामिल सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। मौके पर एएसआई आशीष कुमार, सीओ यसवंत नायक, मुखिया उमेश राम, सुदर्शन राम, कमला देवी, उदय सिंह, जियाउद्दीन खान, बिनोद सिंह, मनोज सिंह, जावेद खान, नसीम अहमद, परशुराम सिंह, यासीन खान, माणिक चंद शर्मा समेत दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

# बरकाकाना-वाराणसी स्पेशल ट्रेन 28 अप्रैल तक रद्द




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के डाल्टनगंज से होकर चलने वाली बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 28 अप्रैल तक रद्द रहेगी। हालांकि इस गाड़ी का परिचालन दिसबंर माह से बंद है। रेलवे द्वारा इसे पहले 28 फरवरी तक कैसिंल किया गया था। लेकिन अब इसे पूरे मार्च के साथ-साथ 28 अप्रैल तक के लिए रद्द कर दिया गया है। इससे बरकाकाना-वाराणसी रूट के सवारियों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल, वाराणसी यार्ड के रिमॉडलिंग का काम चल रहा है। इसी के मद्देनजर रेलवे ने गाड़ी संख्या 03360/3359 वाराणसी-बराकाकाना-वाराणसी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन सहित वाराणसी से विभिन्न रूट पर चलने वाली कुल 3 जोड़ी ट्रेनों को रद्द कर दिया है। होली के वक्त इस गाड़ी के नहीं चलने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। होली के अवसर पर भारी संख्या में लोग बिहार झारंखण्ड और यूपी में अपने रिश्तेदार के यहां आते-जाते हैं। ऐसे में यात्रा करने वालों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। ऐसे समय में लोगों को स्पेशल ट्रेन का ही आस रहता है। लेकिन इस बार पहले से चल रही ट्रेन नहीं चलने वाली है।

**रद्द की गई ट्रेन :** रेलवे के द्वारा जो ट्रेन रद्द की गई है वो गाड़ी सं. 03360 वाराणसी-बराकाकाना स्पेशलगाड़ी सं. 03359 बराकाकाना-वाराणसी स्पेशलगाड़ी सं. 13343/ 13345 वाराणसी-शक्तिनगर/सिंगरौली एक्सप्रेस गाड़ी सं. 13344/13346 सिंगरौली /शक्तिनगर-वाराणसी एक्सप्रेस गाड़ी सं. 03649 बक्सर-वाराणसी स्पेशल गाड़ी सं. 03650 वाराणसी-बक्सर स्पेशल है।

# 9 प्रखंडों के 11 पैक्सों में आम निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर चुनाव संचालन पदाधिकारी अश्विनी कुमार ओझा ने बताया कि मार्च 2023 में जिले के 9 प्रखंडों के 11 पैक्स में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। अलग-अलग पैक्सों में चुनाव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है। सभी पदाधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति का चुनाव संपन्न कराकर एक प्रति सहायक निबंधक सहयोग समिति कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी निर्वाचन कार्यक्रम का निष्पादन संबंधित समिति के मुख्यालय से किया जायेगा।

# ट्राली मैन ने टांका काटने के एवज में मांगा 50 रूपये



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में ट्रॉली मैन के द्वारा मरीजों को इंजेक्शन और टांका काटा जा रहा है। यह घटना आज गुरूवार को सदर अस्पताल में देखने को मिला । जानकारी के अनुसार एक महिला अपने मरीज को लेकर महिला वार्ड में टांका कटवाने के लिए पहुंची थी। जहां सदर अस्पताल में ट्रॉली मेन के पद पर कार्यरत मुकेश कुमार के द्वारा मरीज का कांटा काटा गया और इसके एवज में उसने 50 रूपये की मांग की। पिछले दिनों ही एक ऐसा ही मामला सदर अस्पताल में आया था। जहां एक बालाजी कर्मचारी के द्वारा इंजेक्शन देने पर एक महिला मरीज की मौत हो गई थी। इसे लेकर अस्पताल में हल्ला हंगामा हुआ था । जिसे पुलिस के द्वारा शांत कराया गया था।

# लीज पटा धारियों में मचा हड़कंप

### खनन क्षेत्र की गहराई देख ग्रामीणों हुए हैरान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर पलामू उपायुक्त ए दोडे के द्वारा खनन क्षेत्र की जांच के साथ अवैध उत्खनन कर रहे लोगों पर कार्रवाई के आदेश के बाद छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में खनन कर रहे कई लीज पटा धारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। छतरपुर में चल रहे कई खनन क्षेत्रों के साथ क्रशर प्लांट की जांच छतरपुर एसडीओ नरेंद्र कुमार गुप्ता ने की। छतरपुर अंचल क्षेत्र के मुंकेरी में खनन कर रहे खनन पट्टा धारी माइंस खाता संख्या- 47 रकबा लगभग 8 एकड़ जांच की जांच के क्रम में पाया गया कि निर्धारित मानक के नियमों को खनन लीज पट्टा धारियों के द्वारा लगातार अवहेलना किया जा रहा है। हालात यह है कि खनन क्षेत्र को ना ही घेराबंदी किया गया है। नहीं सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। अब तो यह है कि साल के 6 महीने में हमेशा ही सुरक्षा के मांगों पर कई खनन लीज धारी आवाज भी लेते रहें हैं बावजूद इसके धरातल पर कुछ भी नहीं दिखता। इस दौरान एसडीओ ने पाया कि माइंस क्षेत्र के जहां एक ओर रकबा बढ़ा हुआ है। उसी के साथ-साथ व्यापक स्तर पर बेधड़क गहराई तक खनन की गई है। इधर एसडीओ के द्वारा जांच की खबर सुन कई लोगों ने बताया कि खनन क्षेत्र में लीज पट्टा धारियों के द्वारा घेराबंदी समेत कोई भी सुरक्षात्मक इंतजाम नहीं किए जाने से अक्सर पशु खनन क्षेत्र में गिरकर मर जा रहे हैं। एसडीओ के द्वारा जांच के बाद कुछ ग्रामीण जब खनन वाले क्षेत्र में घुसे तो अंदर की गहराई देखकर कई लोगों के मुंह से बाप रे बाप का शब्द निकल गया। गहराई देखकर कई ओके गौस पाक के हो गए तो कई ग्रामीणों ने कहा कि पहाड़ तो रसातल में गया ही गया इन लोगों के कारण पानी भी पताल में चला गया है।छतरपुर एसडीओ नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कुछेक माइंस की जांच की गई है जो लगातार जारी रहेगी उन्होंने अपने जांच के कार्य को उपायुक्त पलामू को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है उन्होंने कहा कि तीन हाईवा के जांच भी की जिसमें एक हाईवा का कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं था जिसका रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को लिखा गया है एसडीओ के पास यह पूछे जाने पर कि पदाधिकारियों की नजर अधिकारियों के निर्देश के बाद ही क्यों पड़ती है उन्होंने इस संबंध में कोई बात नहीं कही।



# अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़ने वाले गिरफ्तार हो : उदय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखण्ड के ग्राम तेतराई में स्थित डॉ० भीम रॉव अम्बेडकर हाई स्कूल परिसर में स्थापित डॉ० भीम रॉव अम्बेडकर की प्रतिमा को कुछ असमाजिक लोगों ने तोड़-फोड़ किया है। डॉ0 अम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़-फोड़ करने वाले असमाजिक तत्वों को चिन्हित कर अबिलम्ब गिरफ्तार किया जायें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहें हैं, जो उनकी ओछी मांसिक्ता का परिचायक है। अम्बेडकर की प्रतिमा का तोड़-फोड़ होने से अम्बेडकर वादी लोगों एवं दलितों को काफी आघात पहुंचा है। महापुरूषों की प्रतिमा का तोड़-फोड़ करना किसी भी हालत में बर्दास्त नहीं किया जायेगा। मोर्चा अध्यक्ष ने इस संबंध में उपायुक्त से अनुरोध किया है कि अम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़ने वाले असमाजिक तत्वों को अबिलम्ब गिरफ्तार किया जाये, नही तो वाध्य हो कर आन्दोलन पर उतारू होंगे।

## अध्यापक संघर्ष मोर्चा जैक अध्यक्ष से मिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने जैक अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार महतो से मिलकर सर्टिफिकेट जांच एवं आकलन परीक्षा से संबंधित कई पहलुओं पर बातचीत की । परीक्षा के अंकों का निर्धारण तय समझौते के अनुसार 100 अंक किए जाने के मुद्दे पर अध्यक्ष ने शिक्षा विभाग के स्तर से निर्णय लेने की बात कही। वही, राज्य परियोजना कार्यालय में प्रशासी पदाधिकारी से होली के पूर्व सभी सहायक अध्यापक को फरवरी तक का भुगतान कराने के मुद्दे पर स्पष्ट बात हुई। जिन सहायक अध्यापकों का सर्टिफिकेट जांच बोर्ड/यूनिवर्सिटी में लंबित है । उनके मानदेय पर राज्य परियोजना से फाइल आगे बढ़ी है। शिक्षा मंत्री के फाइल पर एप्रूवल के पश्चात होली के पूर्व भुगतान का भरोसा भी प्रशासी पदाधिकारी ने दिलाया। मोर्चा के द्वारा उम्र के मुद्दे पर विरोध दर्ज किया गया एवं शिष्टमंडल के द्वारा कहा गया कि जब विज्ञापन में न्यूनतम एज का कोई वर्णन नहीं है तो अब 15 से 20 वर्ष सेवा लेने के बाद हटाना उचित नहीं है। यदि ऐसा हुआ तो व्यापक विरोध होगा। शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापक के प्रशासनिक प्राधिकार के गठन की संचिका शिक्षा सचिव के पास भेजी गई है, जल्द गठन होगा। सभी प्रखंड कमेटी सक्रियता दिखाते हुए प्रशासनिक प्राधिकार से अविलंब सेवा संपुष्ट करें, ताकि सभी सहायक अध्यापक (टेट एवं प्रशिक्षित) को 4% वृद्धि के साथ भुगतान हो सके। टेट विसंगति के मामले में जो सहायक अध्यापक जिस कैटेगरी में टेट उत्तीर्ण हैं । उन्हें उसी कैटेगरी में टेट उत्तीर्णता का लाभ मिले। मौके पर संजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, प्रमोद कुमार, विकास कुमार यादव, प्रद्युम्न कुमार सिंह मौजूद रहे।

# छतरपुर मुख्यालय में जलसंकट से त्राहिमाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र इन दिनों भीषण सुखाड़ के चपेट में है और इसका सर्वाधिक नुकसान छतरपुर के इलाके को उठाना पड़ रहा है। आलम ये है कि इलाके के लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। इस सम्बंध में अब तक पेयजल विभाग के साथ छतरपुर नगर पंचायत के द्वारा कोई विशेष पहल नही की गई है। छतरपुर प्रखण्ड को पानी को लेकर संकटग्रस्त इलाके के तौर पर जाना जाता है। जब तक पेयजलापूर्ति के लिए पदाधिकारी के साथ इमानदार पहल सुनिश्चित नही करेंगे तब तक हाल यही रहेगा। छतरपुर के समाजसेवी अरविंद नें कहा कि नगर पंचायत के साथ प्रखंड के पदाधिकारी पेयजल संकट को लेकर उदासीन हैं नतीजन लोग पानी के लिए दर दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। कार्यपालक अधिकारी से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई हैं । नगर में लूट की पटकथा ऐसी है कि अधिकांश जल मीनारों के कनेक्शन पुराने बोरवेल में लगा दिये गए हैं नतीजन अधिकांश खराब पड़े हैं। जलस्तर नीचे जाने से पानी नहीं निकल रहा है। दर्जनों चापानल खराब पड़े हैं ऐसे में इनकी मरम्मत हो जाने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी। प्राथमिकता के आधार पर चापानलों की मरम्मत का भी आग्रह किया गया है। अरविंद ने नगर के प्रधान सचिव विनय चौबे, पलामू डीसी, नगर के कार्यपालक अधिकारी और छतरपुर के एसडीओ से भी इस मामले में संज्ञान लेने का आग्रह किया है। साथ ही पेयजलापूर्ति सुनिश्चित नहीं होने और पेयजल संकट का कोई ठोस समाधान नहीं होने की स्थिति में उन्होंने आंदोलन की भी चेतावनी दी है।



## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मोहम्मदगंज।** कोर्ट से निर्गत आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भजनिया गांव निवासी आरोपी विकास कुमार सिंह के घर पर गुरुवार को टाउन थाना के एएसआई संध्या देवी ने इश्तेहार चिपकाया है। जानकारी देते हुए एएसआई संध्या देवी ने बताया कि टाउन थाना में कांड संख्या 290/22 धारा 420,406 मामले में फरार चल रहे आरोपी विकास कुमार सिंह के घर पर पलामू न्यायालय से निर्गत आदेश पर इश्तेहार चिपकाई गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी शराब दुकान का सेल्स मैन रहते हुए। बैंक के फर्जी भाऊचर और मुहर का इस्तेमाल कर और जमा पर्ची पर फर्जी हस्ताक्षर कर 1 लाख 80 हजार की राशि का गबन कर फरार हो गया था। जिसकी प्राथमिकी बीते साल दर्ज हुई थीं। गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा है।

# अधिवक्ता सच्चिदानंद त्रिपाठी की 36वीं पुण्यतिथि 10 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भूतपूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी की स्मृति में 36 वीं पुण्य तिथि सह अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन 10 मार्च को अधिवक्ता संघ भवन में किया जायेगा। उक्त आशय कि जानकारी स्वर्गीय सच्चिदानंद त्रिपाठी के नाती व वरिष्ठ अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व कि भांति इस वर्ष भी उनके दिव्य स्मृति में10 मार्च को पुण्यतिथि के अवसर पर अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय त्रिपाठी का पुण्यतिथि 8 मार्च को हैं। परंतु 8 मार्च को होली रहने के कारण कार्यक्रम में फेरबदल कर इस वर्ष 8 मार्च की जगह 10 मार्च को मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व विशिष्ट अतिथि कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा होंगे। उन्होंने बताया कि यह उनका 36 वां पुण्यतिथि मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय त्रिपाठी 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधानसभा के विधायक रहे। अधिवक्ता के रूप में 1950 में प्रैक्टिस ज्वाइन की । वे फौजदारी मामले के जाने-माने अधिवक्ता थे। संयुक्त बिहार में विद्वान अधिवक्ता में उनका नाम था। उन्होंने बताया कि वे मूलतः सदर प्रखंड के रजवाडीह के निवासी थे। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता संघ परिसर में किया जायेगा।

## मामूली विवाद में युवक की पिटाई, मामला पहुंचा थाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के नवगढ़ा ओपी अंतर्गत लालगढ़ में गुरुवार को मामूली विवाद में एक युवक को लात, मुक्के से जमकर पिटाई कर दी गई । जिसकी पहचान जितेंद्र कुमार पिता अर्जुन चौधरी के रूप में हुई है। जो लालगढ़ गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। जिसे परिजनों ने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती करवाया है। जिसका इलाज किया जा रहा है। घायल युवक जितेंद्र की माने तो वह कुछ सामान लेने गांव के ही पास की दुकान में गया था। जहां पहले से खड़े गांव के ही एक युवक से इसकी कुछ नोक झोंक के साथ मामूली विवाद हो गई। जिसपर नाराज युवक ने अपने चार अन्य साथियों को बुलाकर मार पीट शुरू कर दी। वहीं आवेदन के माध्यम से इस घटना की जानकारी नवगढ़ा ओपी पुलिस को दे दी है। जिसकी जांच पुलिस के द्वारा की जा रही है।

# सनातन धर्म सभा ने कलाकारों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रखंड के पूणार्डीह में चल रहे श्रीरामचरितमानस नवाहन पारायण पाठ महायज्ञ बुधवार संपन्न हो गया। इसे लेकर बुधवार की रात्रि यज्ञ मंडप परिसर में समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां पहले तो यज्ञ पूजा समिति के द्वारा यज्ञ कार्यक्रम के दौरान भजन संकीर्तन में सहयोग किए सभी कलाकारों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सनातन धर्म सभा के केंद्रीय समिति के द्वारा भी सभी कलाकारों को हनुमान चालीसा, नारियल, जनेऊ एवं चंदन देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव राजू राय तथा कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के द्वारा 20 कलाकारों को सम्मानित किया गया। यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मिथिलेश राय, सचिव अंकु राय तथा कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश राय को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान यज्ञ समिति के सदस्यों ने भी सनातन धर्म सभा के सभी पदाधिकारियों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया। मौके पर सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि इन कलाकारों ने अपने भजन संकीर्तन के माध्यम से हर जगह भक्ति का रस प्रवाहित करते हैं। सनातन धर्म के झंडे को बुलंदियों तक पहुंचाने में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। इसके लिए सभी लोग बधाई एवं धन्यवाद पत्र हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन से समाज को खासकर आज की नई पीढ़ी को एक अच्छी सोच और दिशा मिलती है। युवा पीढ़ी जो आचार और विचार से भटक चुके हैं । उनमें सही संस्कार का प्रवाह यज्ञ और विद्वानों के प्रवचन जैसे कार्यक्रमों से ही होता है। मौके पर मुखिया गुड्डी देवी, सुनील सिंह, विकास सिंह, बलराम सिंह, दिलीप सिंह, मुन्ना राम, सुदर्शन राय सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**इतिहास** — राज्यवंश स्थापना के लिए राजा ने बहुत सी लड़ी लड़ाई

# पुस्तक मेला में चेरो 'राजवंश का इतिहास' मचा रहा धमाल

### पलामू के अंगद किशोर हैं लेखक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के चेरो राजाओं के जीवन पर आधारित पुस्तक चेरो राजवंश का इतिहास दिल्ली में चल रहे पुस्तक मेला में शामिल किया गया है। यह पुस्तक झारखंड पलामू के चेरो राजवंश के प्रतापी राजा मेदिनी राय के जीवन पर आधारित है। इस पुस्तक में राजा मेदिनी राय को मध्यकालीन पलामू का समुद्रगुप्त कहा गया है। इसके पीछे का कारण पूछने पर किताब के लेखक अंगद किशोर ने बताया कि जिस प्रकार समुद्रगुप्त ने देश भर में बहुत सी लड़ाइयां लड़ी। उसी प्रकार पलामू में राज्यवंश स्थापना के लिए राजा मेदिनी राय ने भी बहुत लड़ाई लड़ी है। आम तौर पर पलामू में माना जाता है कि भगवंत राय के द्वारा पलामू में चेरो राजवंश की स्थापना 1613 ईस्वीं में की गई थी। लेकिन यह सच्चाई नहीं है। पुरातत्व पर खोज करने वाले अंगद किशोर ने चेरो राजवंश के इतिहास पर लिखित पुस्तक में वर्णन किया है। भगवंत राय के द्वारा चेरो राजवंश की स्थापना शेर शाह सूरी के काल में हुई थी। इसे प्रामाणिकता के रूप में शिलालेख के माध्यम से और मुगल पुस्तक के माध्यम से खोज करने पर इसकी पुष्टि हुई है। तबसे अब तक यह पुस्तक काफी लोकप्रिय हो गया है। इसके पीछे यह भी एक कारण है कि इस पुस्तक में पलामू ही नहीं, बल्कि झारखंड और बिहार दोनों राज्यों में चेरो राजाओं के इतिहास के पीछे की कहानी है। चेरो राजवंश के प्रतापी राजा मेदिनी राय ने अपने शासनकाल में उत्तर से लेकर दक्षिण तक सैकड़ों लड़ाइयां लड़ी थी। उनके काल में प्रजा में कोई भी उदास नहीं था।




# पलामू के भ्रष्ट पदाधिकारी अपनी कार्यशैली बदलें : बिट्टू

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन के सभागार में 2 मार्च को बैठक की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंड से आए हुए कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रखंड में कुछ ऐसे पदाधिकारी बैठे हुए हैं जो बिना रिश्वत के एक भी काम नहीं करते हैं । जिला अध्यक्ष ने कहा कि पलामू जिला में भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा से प्रभावित कुछ ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी जिला में बैठे हैं ,जो महा गठबंधन सरकार की छवि को धूमिल करने का षड्यंत्र कर रहे हैं । उन्होंने भ्रष्ट पदाधिकारियों को अपने कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, भिकारी राम ,ईश्वरी प्रसाद सिंह, संतोष चौबे, सत्येंद्र सिंह ,नवल किशोर पाठक ,राजेंद्र अग्रवाल, नफीस खान, नसीम खान, सत्यनारायण तिवारी, सुधीर चौबे ,विश्राम दुबे ,मिथिलेश कुमार सिंह ,सुरेश पाठक, बागेश्वर पांडे ,सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, शैलेश सिंह, आमुख प्रियदर्शी , पासवान ,जितेंद्र कमलापुरी , कमल कौशल पासवान, सिद्धेश्वर सिंह, अमरेश तिवारी ,सोनू खान, हर्ष साहनी, अशोक पासवान ,मुकेश सिंह ,देवांग शुक्ला ,सौरभ पांडे, मिथिलेश मिश्रा, संतोष गुप्ता ,रामानंद पाठक, सतीश शुक्ला, मिंटू खान ,राजेश चौरसिया, साकेत सिंह, ि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# महंगाई, कहां से आई...

***हाय*** महंगाई,तू कहां से आई। जी हां.. मार्च माह के पहले दिन ही महंगाई का बड़ा झटका लगा है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ गये। अब घरेलू सिलेंडर 1160 रुपये का हो गया है। गैस के दामों में वृद्धि होने से होली का रंगत फीका होने की संभावना है। यह त्योहार से पहले का बड़ा झटका है। आम लोगों को यह महंगाई भारी पड़ेगी। वैसे देखा जाये तो त्योहार के समय ऐसे भी सभी घरों में खर्च की सीमा अधिक हो जाती है। ऐसे में घरेलू गैस में 50 रुपये की वृद्धि बड़ी बात है। अब लगभग सभी घरों में गैस चूल्हे का ही इस्तेमाल होता है। जंगल कट जाने की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में भी लकड़ी का कम इस्तेमाल देखा जा रहा है। झारखंड के पलामू में गैस एजेंसी के द्वारा 1160 रुपये गैस के दाम लिए जा रहे हैं। जबकि घर तक पहुंचाने में 40 रुपये अलग से लिया जाता है। ऐसे में यहां के लोगों को 1200 रुपए गैस के लग रहे हैं। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर 350.50 रुपये महंगा हुआ है। जिससे एक कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत दो हजार के पास है। देखा जाये तो पिछले एक साल में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 153.5 रुपये का इजाफा हुआ है। घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14.2 किलो वाले सिलेंडर की कीमतों में आखिरी बार 6 जुलाई 2022 को बदलाव किया गया था। घरेलू सिलेंडर की कीमतों में साल 2022 में मार्च महीने में 50 रुपये का इजाफा किया गया था। इसके बाद में मई महीने में फिर से कीमतों में 50 रुपये का इजाफा किया गया था। वहीं, मई महीने में दूसरी बार कीमतों में 3.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। इसके बाद में आखिरी बार जुलाई में कीमतों में 50 रुपये का इजाफा किया गया था। अब फिर मार्च महीने में 50 रुपये की वृद्धि की गई है। ऐसे में होली से पहले गैस का महंगा होना यह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में और महंगाई बढ़ेगी। इस स्थिति में पूरा जनमानस इसकी चपेट में आ जाता है। अच्छा होता,सरकार खाने पीने वाली वस्तुओं के साथ छेड़छाड़ नहीं करती। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय बाजार और मुद्रास्फीति के सामने सबको झुकना पड़ता है। लेकिन स्पेस की संभावना पर अवश्य विचार करने की जरूरत है। कारण त्योहार के पहले आम आदमी को महंगाई का यह दोहरा झटका किसी के लिए अच्छा नहीं है। बहरहाल सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। साथ ही सरकार को भी इस गंभीर विषय पर गंभीरता दिखलानी चाहिए। कारण यह पब्लिक है,सब जानती है। इसका खामियाजा आने वाले दिनों में भुगतना भी पड़ सकता है।

**झारखंड के पलामू में गैस एजेंसी के द्वारा 1160 रुपये गैस के दाम लिए जा रहे हैं। जबकि घर तक पहुंचाने में 40 रुपये अलग से लिया जाता है। ऐसे में यहां के लोगों को 1200 रुपए गैस के लग रहे हैं।**

# भारतीय गृहणियों के घरेलू कार्य का आकलन





प्रहलाद सबनानी

***भारतीय*** अर्थशास्त्रियों द्वारा जैसी कि उम्मीद की जा रही थी एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी अपने आकलन में जो संभावना व्यक्त की थी, उसी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही, अक्टूबर-दिसम्बर 2022 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही, अप्रेल-जून 2022, में एवं द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2022, में क्रमशः 13.2 प्रतिशत एवं 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जबकि चौथी तिमाही, जनवरी-मार्च 2023, में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना के चलते पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। इसी प्रकार कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे गोल्डमेन सेच्स, मूडी, फिच, एशियाई विकास बैंक आदि ने भी वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से आगे बढ़ने के संकेत दिये हैं। एसएंडपी ने तो 7.3 प्रतिशत का अनुमान दिया है। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज की गई वृद्धि पर नजर डालें तो ध्यान में आता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही, अक्टूबर-दिसम्बर 2022, में कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में 2.4 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। कोरोना काल के बाद से कृषि क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में लगातार सुधार दिखाई दे रहा है परंतु उद्योग क्षेत्र में अभी और अधिक सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। उद्योग क्षेत्र में हालांकि बिजली उत्पादन, गैस, जल एवं अन्य जनोपयोगी सेवाओं तथा निर्माण गतिविधियों में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है परंतु विनिर्माण के क्षेत्र में 1.1 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। जिससे उद्योग क्षेत्र की वृद्धि दर पर विपरीत असर पड़ा है। भारत सरकार द्वारा देश के समस्त नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने की दृष्टि से, विशेष रूप से गरीब वर्ग की आर्थिक समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से, कई उपाय किये जा रहे हैं उनका परिणाम स्पष्ट तौर पर अब दिखाई देने लगा है। भारत के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय अब बढ़कर 196,716 रुपए हो गई है जो वित्तीय वर्ष 2012 में केवल 71,609 रुपए प्रति व्यक्ति थी। वित्तीय वर्ष 2012 से 2022 के बीच प्रति व्यक्ति आय में 10.6 प्रतिशत प्रतिवर्ष (चक्रवृद्धि दर से) वृद्धि दर्ज की गई है। जो कि अपने आप में बहुत प्रभावशाली वृद्धि दर है। वित्तीय वर्ष 2023 में तो प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में 25,218 रुपए की अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इसका सीधा प्रभाव निजी अंतिम उपभोग व्यय

**भारत सरकार द्वारा देश के समस्त नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने की दृष्टि से, गरीब वर्ग की आर्थिक समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से, कई उपाय किये जा रहे हैं उनका परिणाम स्पष्ट तौर पर अब दिखाई देने लगा है।**

**इन दिनों**

पर भी दिखाई दिया है जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 164 लाख करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। इससे देश की आर्थिक गतिविधियों में और अधिक तेजी आने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि कोविड काल के दौरान सकल पूंजी निर्माण में वित्तीय वर्ष 2021 में कुछ कमी देखने में आई थी परंतु वित्तीय वर्ष 2022 में यह अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। विशेष रूप से कृषि, विनिर्माण, बिजली उत्पादन, व्यापार एवं होटल, रीयल एस्टेट, जन प्रशासन एवं अन्य सेवाओं जैसे क्षेत्रों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों द्वारा अपने पूंजीगत खर्चों में की गई जबरदस्त वृद्धि के कारण यह सम्भव हो सका है तथा इसके कारण ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रति व्यक्ति आय एवं उपभोग व्यय में भी तेजी दिखाई दी है। पूंजीवादी मॉडल को अपना रहे विकसित एवं अन्य कई देशों में प्रत्येक व्यक्ति, जो व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न रहता है, उसकी आय को देश के सकल घरेलू उत्पाद की गणना में शामिल किया जाता है। चूंकि इन देशों में सामान्यतः समस्त महिलाएं व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल रहती हैं अतः उनकी आय को उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल किया जाता है। परंतु भारत में सामान्यतः गृहणियां घर के कामकाज में अपना हाथ बंटाती हैं एवं इसके एवज में उन्हें किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाता है अतः इन गतिविधियों को भारत के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल नहीं किया जाता है। इस संदर्भ में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हाल ही में एक अध्ययन प्रतिवेदन में यह रोचक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी है कि भारत में 18 वर्ष से 60 वर्ष के बीच ग्रामीण इलाकों में 28.7 करोड़ महिलाएं एवं शहरी इलाकों में 18.2 करोड़ महिलाएं निवास करती है। इनमें से 1.4 करोड़ महिलाएं ग्रामीण इलाकों में एवं 4 करोड़ महिलाएं शहरी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न हैं, अतः इनकी आय भारत के सकल घरेलू उत्पाद में गिनी जाती है। परंतु शेष 27.3 करोड़ महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों में एवं 9.3 करोड़ महिलाएं शहरी क्षेत्रों में, घरेलू कार्यों में व्यस्त रहती हैं, परंतु उन्हें इन कार्यों के लिए किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाता है और इस प्रकार इन महिलाओं द्वारा किये जाने वाले घरु कार्य को भारत के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल नहीं किया जाता है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान नरसिंह की कथा*

***जब*** नरसिंह भगवान ने हिरण्यकश्यप का वध कर दिया तब उनका क्रोध शांत नही हो रहा था तथा वे पृथ्वी को समाप्त कर देने पर आमादा थे। तब उन्हें शांत करवाने के उद्देश्य से भगवान शिव ने उससे भी भयानक रूप लिया जो सिंह, मानव तथा पक्षी का भयानक रूप था। उसके दो पंख, चोंच तथा शक्तिशाली पंजे थे। शरभ अवतार ने पंजों में नरसिंह अवतार को पकड़ा तथा आकाश में उड़ गया। उससे युद्ध करके उन्होंने नरसिंह अवतार को शांत किया था। इसके बाद भी कुछ कथाएं प्रचलित हैं जिसमे भगवान विष्णु शिव के शरभ अवतार लेने से और ज्यादा क्रोधित हो गए थे तथा उन्होंने उससे भी ज्यादा भीषण अवतार गंडभेरुंड अवतार लिया था। यह अवतार शरभ अवतार से भी ज्यादा बड़ा और भीषण था। यह सब देखकर माँ आदिशक्ति ने दोनों को शांत करवाने के उद्देश्य से अपना उग्र रूप प्रत्यंगिरा धारण किया था। नरसिंह भगवान की मृत्यु कैसे हुई। वैसे प्रचलित मान्यता के अनुसार यह सब बाद की बनायी गयी कथाएं इत्यादि हैं। वास्तव में भगवान विष्णु ने केवल नरसिंह अवतार लिया था। उसके बाद भगवान शिव या विष्णु या माँ आदिशक्ति के अन्य अवतार लेने की कथाएं अप्रासंगिक हैं। जब भगवान नरसिंह ने दैत्य हिरण्यकश्यप का वध कर दिया था तब भी उनका क्रोध शांत नही हुआ था। वे लगातार फुंफकार रहे थे और दहाड़ मार रहे थे। उनके इस रूप से तीनों लोकों में सभी भयभीत थे और कोई भी उनके पास नही जा पा रहा था। ऐसी स्थिति में उनका अनन्य भक्त प्रह्लाद डरते-डरते उनके पास गया और उन्हें शांत करवाने का प्रयास किया।

*(क्रमशः)*

# भव्य आयोजन से भूपेश बघेल का कद बढ़ा



उमेश चतुर्वेदी

***कांग्रेस*** अपने गठन के 138वें साल में प्रवेश कर चुकी है। इस अवधि में उसके 85 महाधिवेशन हो चुके हैं। रायपुर से सटे नवा रायपुर में हुए 85वें अधिवेशन के जैसे इंतजाम रहे, कम से कम उससे कांग्रेसी खेमे में संतुष्टि का भाव नजर आ रहा है। रायपुर में हुआ कांग्रेस महाधिवेशन राजनीतिक तौर पर कितना सफल हुआ, कांग्रेस की भावी चुनावी सफलता और विपक्षी खेमे में उसकी स्वीकार्यता पर इसका आकलन निर्भर करेगा। लेकिन कांग्रेसी राजनीति में एक शख्स ऐसा है, जिसका कद इस महाधिवेशन के बाद बढ़ना तय है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कांग्रेस के गांधी-नेहरू परिवार की मिजाजपुर्सी का विपक्षी खेमे की ओर से चाहे जितना भी आरोप लगा हो, लेकिन इस महाधिवेशन की कामयाबी के बाद कांग्रेसजनों की नजर में उनका कद बढ़ गया है। इसका फायदा वे आगामी विधानसभा चुनावों में उठाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस अपने गठन के 138वें साल में प्रवेश कर चुकी है। इस अवधि में उसके 85 महाधिवेशन हो चुके हैं। रायपुर से सटे नवा रायपुर में हुए 85वें अधिवेशन के जैसे इंतजाम रहे, कम से कम उससे कांग्रेसी खेमे में संतुष्टि का भाव नजर आ रहा है। इसकी वजह है, महाधिवेशन का सफल आयोजन। कांग्रेस में सक्रिय आज की पीढ़ी के बीच अब तक हैदराबाद अधिवेशन की जमकर चर्चा होती थी। उस अधिवेशन का इंतजाम आंध्र प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेता वाई राजशेखर रेड्डी ने किया था। महज डेढ़ साल पहले ही उन्होंने अपने दम पर आंध्र प्रदेश की सत्ता पर कांग्रेस को काबिज कराया था। 2004 में केंद्रीय राजनीति में कांग्रेस की वापसी में भी आंध्र प्रदेश ने बड़ी भूमिका निभाई थी। तब आंध्र प्रदेश की 42 सीटों में से कांग्रेस ने अकेले 29 और उसकी सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टियों ने दो सीटें जीती थीं। लोकसभा के साथ हुए विधानसभा चुनाव की 294 सीटों में से कांग्रेस ने जहां वाईएसआर की अगुआई में 185 सीटें जीती थीं, वहीं उसकी सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टियों को पंद्रह सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इसके साथ ही कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। जाहिर है कि दोनों जीतों और अरसे से आंध्र की सत्ता पर काबिज तेलुगू देशम को पराजित करने का असर दो साल बाद हुए हैदराबाद कांग्रेस महाधिवेशन पर दिखा। वाईएसआर ने महाधिवेशन को कामयाब बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। लेकिन कांग्रेसी हलकों में माना जा रहा है कि भूपेश बघेल ने हैदराबाद अधिवेशन की सुनहली यादों को अपने इंतजामों के जरिये कम से मौजूदा पीढ़ी के कांग्रेसियों के दिल-ओ-दिमाग से निकाल दिया है। इस अधिवेशन को रायपुर में कराने का प्रस्ताव भूपेश बघेल ने दिया था। कांग्रेस के पहले परिवार से अपनी नजदीकी के चलते इसे आयोजित कराने के लिए आलाकमान की सहमति लेने में भी कामयाब रहे। कांग्रेसी हलकों में कहा जा रहा है कि उनके आयोजन को खराब करने की कोशिश भी हुई। प्रवर्तन निदेशालय के छापे भी इस दौरान चलते रहे। कांग्रेसियों का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय का छापा महाधिवेशन का इंतजाम देख रहे कारोबारी के घर भी पड़ा। लेकिन वह पीछे नहीं हटा। जिससे आयोजन पर असर नहीं पड़ा। कांग्रेसी जानकार कहते हैं कि इसके सफल आयोजन के पीछे भूपेश बघेल की अपनी टीम का हाथ रहा। जिसमें दो पूर्व पत्रकार समेत कुछ अधिकारी शामिल हैं। लगातार तीन दिनों तक चले महाधिवेशन में देशभर से करीब पंद्रह हजार कांग्रेसी जुटे। आखिरी दिन सभा भी हुई। उस दिन रायपुर में करीब एक लाख से ज्यादा की भीड़ जनसभा में जुटी। कांग्रेस संगठन का भीड़ जुटाने में सरकारी तंत्र का आरोप भाजपा ने लगाया है। लेकिन विधानसभा चुनावी वर्ष में इतनी भीड़ जुटना कांग्रेसी मामूली बात नहीं मानते। इसकी वजह से माना जा रहा है कि भूपेश बघेल एक बार फिर कांग्रेस आलाकमान का भरोसा जीतने में कामयाब रहे। कांग्रेस में उनके विरोधी टीएस सिंहदेव कुछ महीने तक बगावती तेवर अख्तियार किए हुए थे। माना जा रहा है कि कांग्रेस महाधिवेशन की सफलता के बाद उनका असर कम होगा। महाधिवेशन के बाद छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी राजनीति में भूपेश बघेल का कद के बढ़ने का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आखिरी दिन की रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आयोजन की ना सिर्फ तारीफ की, बल्कि बघेल को बधाई भी दी। बघेल कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के नजदीकी माने जाते हैं। प्रियंका के स्वागत में बघेल ने प्रियंका की राह में गुलाब की पंखुड़ियों का गलीचा बिछा दिया। इसकी आलोचना होनी थी और हुई भी। इसे राजनीतिक हलकों में अच्छे संदर्भ में नहीं लिया गया। आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी इसे मुद्दा जरूर बनायेगी।

**भूपेश बघेल पर कांग्रेस के गांधी-नेहरू परिवार की मिजाजपुर्सी का विपक्षी खेमे की ओर से चाहे जितना भी आरोप लगा हो, लेकिन इस महाधिवेशन की कामयाबी के बाद कांग्रेसजनों की नजर में उनका कद बढ़ गया है।**

**कांग्रेस**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट



Mithilesh Kumar Thakur
@MithileshJMM
राज्य सरकार की नई नियोजन नीति तैयार है।इस प्रस्ताव को विधि विभाग की सहमति के लिए भेजा गया है।

राज्य सरकार ने नई नियोजन नीति को लागू कर पहले चरण में 30 हजार नियुक्तियां करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

@HemantSorenJMM जी हर एक वादे को पूरा करेंगे,ऐसा विश्वास दिलाते हैं।

## फेसबुक वॉल से



Radhey Shyam Tiwari
23 h

कल पुस्तक मेले में किसी ने सुनाया,
"ठाकुर, ये हाथ मुझे दे दो।"
ठाकुर, " नहीं, तुम्हें दे दूंगा तो पुस्तक विमोचन किससे करूँगा।"

# जन-जन की आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्री श्याम



रमेश सर्राफ धमोरा

***हमारे*** देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्वविख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीब 25 से 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीश और धनुष पर तीन बाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरंभ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होंने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेद्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनों लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हुआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुए पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिए वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की ओर अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिए उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापस तरकश में ही आयेगा। यदि उन्होंने तीनों बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनों लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड़ के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनों खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तों की ओर चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुए कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तविक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होंने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यकता होती है। उन्होंने बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होंने अपने शीश का दान दिया।

**घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है।**

**भक्तिभाव**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# दशाश्वमेध में चला अभियान, जेसीबी से हटाया गया अतिक्रमण





**वाराणसी।** दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क के पास गुरुवार को अभियान चलाकर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण कारियों के विरोध को देखते हुए मौके पर फोर्स मुस्तैद रही। अतिक्रमण कारियों के विरोध को दरकिनार कर पार्क के पास और दीवारों से सटे अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ दिया। अभियान दशाश्वमेध से राजेन्द्र प्रसाद घाट और दशाश्वमेध घाट की ओर जाने वाले मार्ग पर भी चला। नगर निगम की इस कार्यवाही से वीडीए की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# मप्र : 5 साल में 120 बाघ और 209 तेंदुओं की मौत

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश की पहचान वन्य प्राणी संरक्षण के मामले में है मगर यह भी सही है कि यहां वन्य प्राणियों की मौत भी कम नहीं हो रही है। यह खुलासा हुआ है विधानसभा में दिए गए ब्यौरे से। वर्ष 2014 से 2018 के बीच पांच वर्षों में 120 बाघ और 209 तेंदुओं की मौत हुई है। विधानसभा में तेंदुआ और बाघों की मौतों का यह विवरण सामने आया है। कांग्रेस के विधायक जीतू पटवारी ने बाघों और तेंदुए की मौत को लेकर सवाल पूछा था जिस पर वन मंत्री विजय शाह ने स्वीकार किया है कि राज्य में वर्ष 2014 से 2018 की अवधि के बीच 120 बाघ और 209 तेंदुओं की मौत हुई है। वन मंत्री ने सुरक्षा को लेकर कहा है कि बाघ



और तेंदुओं के अतिरिक्त अन्य वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्य प्राणी अभ्यारण की स्थापना की गई है। इनकी सुरक्षा के लिए वन क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा पैदल, हाथी और वाहनों से गश्ती की जाती है, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी होती है। इसके अलावा विद्युत लाइनों का समय-समय पर संयुक्त निरीक्षण, गोपनीय सूचना तंत्र का उपयोग कर बाजार हाट में चेकिंग, जल स्रोतों की निगरानी आदि कार्य किए जाते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### अनुब्रत को दिल्ली ले जाने की दी अनुमति



**कोलकाता।** आसनसोल में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को करोड़ों रुपये के पशु तस्करी घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल को बंगाल से नई दिल्ली ले जाने की अनुमति दे दी। नई दिल्ली में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीरभूम पार्टी अध्यक्ष को राष्ट्रीय राजधानी ले जाने के लिए ईडी की याचिका को मंजूरी देने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय में आदेश को चुनौती दी, जिसकी सुनवाई 17 मार्च को होनी है।

### भागलपुर : करंट लगने से मजदूर की मौत

**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव स्थित निमार्णाधीन मकान में गुरुवार को करंट लग जाने से मकान में काम कर रहे मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 शाहाबाद गांव निवासी नागेश्वर मंडल के 36 वर्षीय पुत्र अजय मंडल के रूप में हुई है।

### युवक का शव बरामद

**पटना।** बिहार में पटना जिले के फुलवारीशरीफ थान क्षेत्र से पुलिस ने गुरूवार को एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर कुरकुरी गांव स्थित तालाब से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक युवक की पहचान गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के चितकोहड़ा मुहल्ला निवासी सूरज कुमार (24) के रूप में की गयी है। सूरज की गला दबाकर हत्या की गयी है। सूत्रों ने बताया कि सूरज कुमार 24 फरवरी से लापता था।

### शाहरुख खान की पत्नी गौरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**लखनऊ।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गौरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुंबई के रहने वाले जसवंत शाह ने शिकायत दर्ज कराई थी। शाह ने आरोप लगाया कि जिस कंपनी की गौरी ब्रांड एंबेसडर हैं, वह कंपनी 86 लाख रुपये लेने के बावजूद फ्लैट का कब्जा देने में विफल रही।

### जंगली सुअर के हमले से 2 महिला घायल, एक की हालत नाजुक

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के धमनी गांव की दो महिला पर गुरुवार को जंगली सूअर ने हमला कर दिया। जिससे दोनों महिला बुरी तरह से घायल हो गई। आसपास के लोग ने आनन-फानन में दोनों महिला को उठाकर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया है।

**मुख्यमंत्री ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा करते हुए गिनाईं सरकार की उपलब्धि**

# पसीना बहाया, तब बदला परसेप्शन



**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

बजट पर विधान सभा में विपक्ष को करारा जवाब देने के बाद गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उनका फोकस फरवरी में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर रहा। उन्होंने कहा कि हमने फरवरी 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। 2023 में फिर से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट किया गया। पहले जहां 4.68 लाख करोड़ के प्रस्ताव आते थे, आज उसी यूपी में 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव आए हैं। केवल एनसीआर तक ही ये सीमित नहीं है, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में लाखों करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके लिए अभियान चलाना पड़ा। 6 साल तक टीम यूपी लगातार काम करती रही, पसीना बहाया तब परसेप्शन बदला। हमारे पास आज बेहतर कनेक्टिविटी है, एक्सप्रेस-वे, रेल नेटवर्क, एयर नेटवर्क है। हमने सेक्टोरल पॉलिसी बनाई और उसमें कार्ययोजना बनाकर अपने परिश्रम को आगे बढ़ाया। पॉलिसी बनाई गई, एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाकर, 64 हजार हेक्टेयर भूमि का लैंडबैंक बनाकर भूमाफियाओं से मुक्त कराया। परिणाम हमारे सामने है।

### विदेशों से लेकर प्रदेश के पिछड़े इलाकों तक से आ रहा निवेश

सीएम योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस बार हमारे डिप्टी सीएम और वरिष्ठ मंत्रीगण जिस देश में गए उनका हर जगह सम्मान के साथ स्वागत हुआ। हमारी टीम दुनिया के 16 देशों और भारत के आठ शहरों में से बड़े पैमाने पर निवेश लेकर आई। हमारे जनप्रतिनिधियों ने यूपी के हर जिले में निवेशक सम्मेलन किए। यूपी की ये सबसे बड़ी सफलता है कि जहां 75 जनपद कवर हो रहे हैं तो वहीं सबसे पिछड़े इलाके पूर्वांचल और बुंदेलखंड से भी भारी निवेश हुआ है। पहले यूपी के इन्वेस्टर्स समिट लखनऊ में न होकर दिल्ली और मुम्बई में होते थे। पूछा जाता था कि यूपी में क्यों नहीं करते तो जवाब मिलता था कि यूपी में कोई नहीं आएगा।

### यूपी की अर्थव्यवस्था में विकास को दिखाता है ये बजट

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा 5 साल तक प्रदेश में सफलतापूर्वक शासन करने के बाद फिर से दो तिहाई बहुमत के साथ प्रदेश की सत्ता में आई है। 2016 का बजट 3.29 लाख करोड़ का था। 2017 में 3.40 लाख करोड़ का बजट था। आज 6 साल बाद हमने 6.90 लाख करोड़ का बजट सदन में पेश किया, जो प्रदेश के 25 करोड़ जनमानस की आकांक्षाओं के अनुरूप है। ये बजट यूपी की अर्थव्यवस्था में विकास को दिखाता है। प्रदेश के अंदर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में हमें सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री ने 2014 में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिया था। वही इस सरकार की सफलता का मूल मंत्र है। गांव, गरीब, महिला, किसान युवा सबको एक साथ जोड़ते हुए प्रत्येक क्षेत्र में विकास दिखाई दे रहा है। कभी युवाओं के सामने पहचान का संकट था, संगठित अपराध के माफिया की पैरलल सत्ता चलती थी। बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, किसान आत्महत्या कर रहे थे। आज यूपी का नौजवान जहां जाता है वहां सम्मान प्राप्त करता है। भारत के हृदय स्थल यूपी के हर गांव, मोहल्ले, जनपद में विकास देखने को मिल रहा है।

### हम विकास की बात करते हैं, वो जाति की बात करते हैं

सीएम योगी ने एक बार फिर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि मैंने कल भी कहा था कि समस्या के समाधान के दो रास्ते होते हैं, या तो उसमें भाग लो या उससे भाग लो। हमारे पास समाधान करने वाली टीम है। जब हम वसुधैव कुटुम्बकम की बात करते हैं तो वो जाति की बात करते हैं। जब हम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की बात करते हैं तो वह जाति की बात करते हैं। जब हम बजट की बात करते हैं तो वो जाति की बात करते हैं।

### हमेशा दुनिया को परिवार माना है

सीएम ने जी-20 के आयोजन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जी-20 के दो सम्मेलन यूपी में हो चुके हैं। यह दुनिया के 20 बड़े देशों का संगठन है। इनका दुनिया की 65 फीसदी आबादी, 75 फीसदी ट्रेड, 85 फीसदी से अधिक जीडीपी और 90 फीसदी रिसर्च पर अधिकार है। आजादी के अमृत वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत उसकी अध्यक्षता कर रहा है। आगरा और लखनऊ में इसके दो सम्मेलन हो चुके हैं। 20 बड़े देशों, भारत के 9 मित्र देश और 7 अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। आवभगत से वे सभी अभिभूत थे। हमने वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ हमेशा दुनिया को परिवार माना है।

**विधानपरिषद में सीएम**

### दूसरों को नसीहत न दें, अपने ऊपर दर्ज मुकदमों को खुद अखिलेश ने ले लिया था वापस : योगी

**यूपी** विधानपरिषद् में बजट सत्र को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पिछली सरकार के कारनामों को उजागर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 में अखिलेश यादव ने अपने ऊपर दर्ज मुकदमों को अपने ही हस्ताक्षर से वापस लेने का काम किया था, जबकि वो मुकदमा चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराया गया था और उसे बिना आयोग की अनुमति के नहीं हटाया जा सकता था। ये लोग दूसरों को नसीहत देते हैं मगर खुद के कारनामे नहीं देखते। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में अपराधी सत्ता के सरपरस्त तो थे ही, देशद्रोही आतंकवादियों के मुकदमे भी वापस लिये जाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिते छह साल में ना तो सीएम और ना ही डिप्टी सीएम के खिलाफ किसी मुकदमों को वापस लिया गया है। सीएम ने सपा शासन के कारनामों का उल्लेख करते हुए कहा कि तब लखनऊ, वाराणसी, बिजनौर, कानपुर, गोरखपुर, रामपुर और बाराबंकी के आतंकी हमलों में शामिल आतंकियों के गंभीर धाराओं के मुकदमों को वापस करने का दुःसाहस समाजवादी पार्टी की ओर से किया गया था। उस वक्त माननीय उच्च न्यायालय को टिप्पणी करनी पड़ी कि आज आप आतंकियों के मुकदमों को वापस ले रहे हैं, कल उन्हें पुरस्कार देने का काम भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सरकार चल रही है। यूपी देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रदेश सरकार नेक नीयत से सारे कार्य कर रही है।

# हमले को लेकर विपक्ष का बिहार विस में हंगामा




**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन यानी गुरुवार को हंगामा देखने को मिला। भाजपा के सदस्यों ने तमिलनाडु में बिहारियों पर हो रहे हमले, शिक्षक भर्ती समेत अन्य मुद्दों को उठाया और नीतीश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधानसभा की गुरुवार को कारवाई प्रारंभ होते ही, भाजपा के सदस्यों ने तमिलनाडु में बिहार के लोगों की बर्बर पिटाई का मामला उठाते हुए जमकर हंगामा किया। भाजपा के सभी सदस्य वेल में आ गए। इस दौरान सदस्यों ने रिपोर्टिंग टेबल पलटने की कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने विपक्षी सदस्यों को अपने जगह पर जाकर बात रखने का अनुरोध किया। सदस्य जब नहीं माने तब आक्रोश भी प्रकट किया। इसके बाद भाजपा के सदस्य सदन से बाहर चले गए। इधर, सदन से बाहर निकलने के बाद नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तमिलनाडु में बिहारियों की बर्बर तरीके से पिटाई की जा रही है। इस हमले में कई बिहारियों की मौत हो गई। दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री वहां केक काटने और पार्टी मनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सदन में इतने महत्वपूर्ण मुद्दे के बाद भी मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और न ही संसदीय कार्य मंत्री आए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को आज भी पलायन करना पड़ रहा है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही। दूसरे राज्यों में बिहार के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा।

**एडिनोवायरस**

## एक माह में 12 बच्चों की मौत, 5 हजार से अधिक संक्रमित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एडिनोवायरस से बच्चों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा। इसे लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक चिंताजनक जानकारी साझा की गई है। बताया गया है कि बुधवार रात तक एक महीने में 12 बच्चों की मौत एडिनोवायरस से हो चुकी है। हालांकि इनमें से आठ बच्चों में कोमोरबिडिटी की समस्या भी थी। यानी सांस लेने में तकलीफ के साथ सर्दी-खांसी और बुखार जनित अन्य लक्षण थे। इनकी उम्र नवजात से दो साल के बीच थी। इतना ही नहीं पिछले एक महीने में 5213 बच्चों में संक्रमण की पुष्टि हुई है जो विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। राज्य के 121 अस्पतालों में पांच हजार बेड बच्चों के लिए एलॉटेड रखे गए हैं, जिनमें सर्दी-खांसी, बुखार जैसे एडिनोवायरस संक्रमण के लक्षणों वाले बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि 600 चाइल्ड स्पेशलिस्ट को चिकित्सा के लिए लगाया गया है। 2500 एसएनसीयू, 654 पीडियाट्रिक आईसीयू, 120 पीसीयू तैयार किए गए हैं।

# नालंदा में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

**एजेंसी। नालंदा**

जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र इलाकों में हुए सड़क हादसे में बुधवार देर रात से गुरुवार सुबह के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस के मुताबिक पहली घटना कतरीसराय मोड़ के पास हुई जहां दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। युवक सोहन कुमार मायापुर गांव से गृह प्रवेश में शिरकत करने के बाद कंबलबीघा आ रहा था तभी कतरीसराय मोड़ के पास घटना घटी।

दूसरी घटना करायपरसुराय थाना क्षेत्र के हुरारी गांव के के नजदीक मोटरसाइकिल और टेंपो की टक्कर में युवक की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति जख्मी हो गया। बताया जाता है कि यह लोग दो मोटरसाइकिल से फतुहा बराती गए थे। लौटने के दौरान करायपरसुराय थाना क्षेत्र इलाके के हुरारी गांव के समीप तेज रफ्तार टेंपो ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

तीसरी घटना नूरसराय थाना के स्टेट हाई वे की है जहां अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल सवार को कुचलते हुए भाग निकला, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### बक्सर में सड़क दुर्घटना में होमगार्ड जवान की मौत



**बक्सर।** बिहार में बक्सर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-922 पर नावाडेरा गांव के समीप बुधवार रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार होमगार्ड के जवान समेत दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। जहां होमगार्ड जवान की ईलाज के दौरान मौत हो गई।

**जागरूक** | **दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित, प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा**

# भारतीय भाषा-ज्ञान गंगा की तरह पवित्र

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

भाषाएं अपनी उपयोगिता, आवश्यकताऔर रोजगार देने की क्षमता के आधार पर आगे बढ़ती हैं। अगर आज हमारी भाषाएं सीमित हैं, तो इसकी जिम्मेदारी हम किसी और पर नहीं डाल सकते। भाषाएं और माताएं अपने पुत्र और पुत्रियों से सम्मानित होती हैं। भारतीय भाषाओं के विकास के लिए हमें ऐसे मार्ग तय करने पड़ेंगे, जिनसे भाषाओं की उन्नति हो।

ये विचार भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने भारतीय भाषा समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) एवं अरुंधती भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र, पी.जी.डी.ए.वी.कॉलेज (सांध्य) के संयुक्त तत्वाधान में 'भारतीय भाषाएं और भारतीय ज्ञान परम्परा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार गुप्ता, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा से प्रो. उमापति दीक्षित, भारतीय भाषा समिति के सहायक कुलसचिव जे.पी. सिंह एवं संगोष्ठी के समन्वयक प्रो. हरीश अरोड़ा उपस्थित रहे।




प्रो. द्विवेदीने कहा कि आज स्वभाषाओं के सम्मान का समय है। हिन्दी और भारतीय भाषाएं सशक्त होकर दुनिया के मंच पर स्थापित हो रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिन्दी बोलकर दुनिया के हृदय पर राज कर रहे हैं। सभी भारतीय भाषाएं हमारी अपनी मातृभाषाएं हैं। संगोष्ठी के दौरान कॉलेज के प्राचार्य प्रो.रवींद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय भाषाएं एवं भारतीय ज्ञान परम्परा दोनों में भारतीय शब्द समान है। अगर हमें भारत को जानना-समझना है, तो भारतीय ज्ञान परम्परा को जाने बिना नहीं समझ सकते। प्रो.उमापति दीक्षित ने कहा कि भारतीय भाषाएं और भारतीय ज्ञान परम्परा गंगा की तरह पवित्र, प्रवाहमान, अक्षुण्ण और अबाध हैं। भाषा भी गंगा की तरह अपने प्रवाह में संस्कृति, सभ्यता और स्वर्णिम अतीत को आत्मसात करके चलती है।

इस अवसर पर भारतीय भाषा समिति के सहायक कुलसचिव जे.पी. सिंह ने कहा कि भारतीय भाषा समिति भाषाओं के संवर्धन एवं उनके विकास का कार्य करती है। भाषाएं संस्कृति की वाहक हैं और उनका सरंक्षण आवश्यक है। अतिथिवक्ता के रूप में सत्यवती कालेज, हिंदी विभाग की प्रोफेसर रचना विमल ने कि प्रत्येक देशवासी को अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त एक भारतीय भाषा सीखनी चाहिए। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में पांच सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। संगोष्ठी के समन्वयक प्रो. हरीश अरोड़ा ने कहा कि भारत सदैव से ज्ञान के क्षेत्र में श्रेष्ठ रहा है। जब विश्व में लोग लिखना-पढ़ना भी नहीं जानते थे, उस समय भारत में वेदों की रचना हो चुकी थी। यही कारण है कि भारत को विश्वगुरु कहा जाता है।

# हाथरस कांड में एक दोषी करार, 3 हुए बरी

**एजेंसी। हाथरस**

उत्तर प्रदेश के हाथरस के बहुचर्चित युवती प्रकरण में फैसला आया है। चारों अभियुक्तों में से एक दोषी पाया गया है। शेष तीन आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया गया है। हाथरस के एससी-एसटी कोर्ट में त्रिलोक पल सिंह की अदालत में यह फैसला सुनाया गया है। युवती पक्ष के अधिवक्ता महीपाल सिंह निमहोत्रा ने कहा कि 14 सितंबर 2020 को हुए हाथरस कांड में एससी-एसटी कोर्ट ने अभियुक्त संदीप को दोषी पाया है। लवकुश, रामू और रवि को दोषमुक्त कर दिया गया है। आरोपी संदीप को आईपीसी की धारा 304 एससी-एसटी एक्ट के लिए दोषी माना गया है, दुराचार का आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। गुरुवार को ही सजा सुनाई जाएगी। वकील महीपाल सिंह निमहोत्रा ने कहा कि न्यायालय के इस फैसले के खिलाफ वो हाईकोर्ट जाएंगे। सीबीआई ने सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामलों में चार्ज शीट दाखिल की थी। ज्ञात हो कि हाथरस के चंदपा इलाके के एक गांव में



14 सितंबर 2020 को अनुसूचित जाति की एक युवती के साथ दरिंदगी हुई थी। गांव के ही चार युवकों ने दुष्कर्म किया था और उसकी गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया था। 29 सितंबर 2020 में युवती ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर चार अभियुक्त संदीप, रवि, रामू व लवकुश को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की विवेचना सीबीआई ने की थी। सीबीआई ने चारों अभियुक्तों संदीप, रवि, रामू व लवकुश के खिलाफ आरोपत्र विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) के न्यायालय में दाखिल किया था। सीबीआई ने आरोप पत्र धारा 302, 376 ए, 376 डी, व एससी-एसीटी एक्ट के तहत दाखिल किया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### श्रीलंका टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ 9 मार्च से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम की गुरुवार को घोषणा की। इंग्लैंड के साथ हाल ही में 1-1 से ड्रा सीरीज में भाग लेने वाले सभी 13 खिलाड़ियों का नाम लिया गया है, जिसमें उस टीम से अनकैप्ड सीमर जैकब डफी, लेग स्पिनर ईश सोढ़ी और चोटिल काइल जेमीसन शामिल हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी टीम का नेतृत्व करेंगे।

### सऊदी अरब और उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगा वेनेजुएला

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला इस महीने के अंत में सऊदी अरब और उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगा। टीमें फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर कर रही हैं। वेनेजुएला फुटबॉल फेडरेशन (एफवीएफ) ने एक बयान में कहा कि मैच 24 और 28 मार्च को सऊदी अरब के जेद्दा में खेले जाएंगे। शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों टीमें इस साल के अंत में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले अगले विश्व कप में जगह बनाने के लिए अपनी संभावना तलाशना शुरू करेंगी।

### अगस्त में यूएई के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगा न्यूजीलैंड

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड अगस्त 2023 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगा। इस बारे में न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने गुरुवार को घोषणा की। तीनों मैच 17, 19 और 20 अगस्त को खेले जाएंगे। टीम सीमित ओवरों के मैच के लिए इंग्लैंड जाने के रास्ते में यूएई में सीरीज खेलने के लिए रुकेगी। यह केवल दूसरी बार होगा, जब न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के फैसलाबाद में दोनों टीमों के बीच 1996 के विश्व कप वनडे मैच के बाद संयुक्त अरब अमीरात में एक पूर्ण अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है।

### समाप्त हो सकता है डेविड वार्नर का टेस्ट करियर : रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को डर है कि सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का टेस्ट करियर समाप्त हो सकता है, जो काफी समय से रन के लिए संघर्ष कर रहे हैं और एशेज श्रृंखला से भी बाहर हो सकते हैं। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर का टेस्ट करियर उनकी अपनी शर्तों पर समाप्त नहीं हो सकता। भारत दौरे के बाद एशेज टीम में उनकी जगह भी खतरे में होगी। भारत दौरे से कोहनी की चोट के कारण वापस लौटने से पहले वार्नर ने पहली तीन पारियों में 1, 10 और 15 का स्कोर किया है।

# महिला कबड्डी लीग शुरू करने की योजना

### पीकेएल के आयोजक बना रहे हैं प्लान

### पुरुषों की तर्ज पर महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए पेशेवर लीग शुरू करने की संभावना

**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने गुरुवार को घोषणा की है कि वे पुरुषों की लीग की तर्ज पर महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए एक वार्षिक पेशेवर लीग शुरू करने की संभावना तलाश रहे हैं, जो अब अपने 10वें वर्ष में है। लीग को महिला कबड्डी लीग कहा जाने की संभावना है। प्रो कबड्डी लीग, मशाल स्पोर्ट्स एंड लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहाः एक पेशेवर महिला कबड्डी लीग के लिए हमारी योजना पुरुषों की लीग में देखी गई सफलता और कबड्डी को भारत से एक आधुनिक विश्व स्तरीय खेल के रूप में विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता पर आधारित है। हम एमेच्योर कबड्डी सहित अपने विभिन्न हितधारकों के साथ काम करेंगे।



फेडरेशन आफ इंडिया और इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन महिलाओं की लीग शुरू करने जा रहे हैं। महिलाओं के लिए प्रस्तावित पेशेवर लीग मशाल स्पोर्ट्स के अनुभव और महिला कबड्डी चैलेंज से मिली सीख पर आधारित होगी। यह एक तीन-टीम टेस्ट टूर्नामेंट है, जिसे मशाल ने 2016 में एकेएफआई के समर्थन और मंजूरी के साथ आयोजित और संचालित किया था। महिला कबड्डी चैलेंज को उच्चतम गुणवत्ता वाले कबड्डी टूर्नामेंट के रूप में याद करते हैं, जिसमें उन्होंने कभी भाग लिया था। 2016 में महिला कबड्डी चैलेंज में विजेता स्टॉर्म क्वींस टीम की कप्तानी करने वाली वी तेजस्विनी बाई ने कहाः 2014 में प्रो कबड्डी लीग के लॉन्च के बाद से, भारत में महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने अपनी खुद की एक पेशेवर कबड्डी लीग की तलाश शुरू कर दी है।

# बुमराह सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे : रिपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी पीठ की सर्जरी कराने के लिए न्यूजीलैंड जा सकते हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रबंधकों ने रोवन स्काउटन नाम के एक सर्जन से बातचीत की, जिन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर काम किया था। पिछले पांच महीने से क्रिकेट से बाहर चल रहे बुमराह को सर्जरी के लिए जल्द से जल्द आकलैंड ले जाने के लिए युद्ध स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। स्काउटन ने, अतीत में, प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन ग्राहम इंगलिस के साथ काम किया था, जिन्होंने शेन बॉन्ड सहित न्यूजीलैंड के कुछ खिलाड़ियों का आपरेशन किया था। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि स्काउटन ने आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन की सर्जरी में भी इंगलिस की सहायता की थी, जबकि उन्होंने बेन द्वारसुइस और जेसन बेहरेनडॉर्फ की सर्जरी भी की थी, जो पीठ की समस्या से भी जूझ रहे थे।

बुमराह के लिए रिकवरी का समय 20 से 24 सप्ताह के बीच है, जिसका मतलब है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 और लंदन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में नहीं खेल पाएंगे। अगर भारत क्वालीफाई करता है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने आखिरी बार 25 सितंबर 2022 को आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में भारत के लिए खेला और अपनी पीठ की चोट के कारण एशिया कप और टी20 विश्व कप से चूक गए थे। बीसीसीआई प्रबंधन की मौजूदा प्राथमिकता बुमराह को अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए तैयार करना है।

# तीसरा टेस्ट : बैकफुट पर भारत दूसरी पारी 163 रनों पर सिमटी

### भारत को 75 रनों की मिली बढ़त

### ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 76 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। इंदौर**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की दूसरी पारी 163 रनों पर सिमट गई। भारत को इस तरह 75 रनों की बढ़त मिली और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 76 रनों का लक्ष्य मिला है। दूसरी पारी में भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 59 रन बनाए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन ल्योन ने 8 विकेट लिए। भारत ने पहली पारी में 109 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 197 रन बनाए थे।

दूसरी पारी में भी भारत की शुरुआत खराब रही और केवल 32 रनों के कुल स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा (12) और शुभमन गिल (05) को नाथन ल्योन ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली ने टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 54 के कुल स्कोर पर मैथ्यू कुह्नमैन ने कोहली (13) को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। रवींद्र जडेजा एक बार फिर असफल रहे और केवल 7 रन बनाकर ल्योन का तीसरा शिकार बने।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए श्रेयस अय्यर ने पारी को तेज गति से आगे बढ़ाया और 27 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 26 रन बनाए। 113 के कुल स्कोर पर स्टॉर्क ने अय्यर को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। श्रीकर भरत भी कुछ खास नहीं कर सके और ल्योन का चौथा शिकार बने। भरत ने 3 रन बनाए। 140 के कुल स्कोर पर ल्योन ने अश्विन (16) को एलबीडब्ल्यू कर भारत को सातवां झटका दिया। इसके बाद जमकर खेल रहे पुजारा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, 155 के कुल स्कोर पर ल्योन ने पहले पुजारा और फिर उमेश यादव को आउट कर भारत को दोहरा झटका दिया। पुजारा ने 59 और उमेश बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ल्योन ने 163 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज को (00) को बोल्ड कर भारतीय पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन ल्योन ने 8 और मिचेल स्टॉर्क व मैथ्यू कुह्नमैन ने 1-1 विकेट लिया।

### नाथन ल्योन ने दूसरी पारी में झटके आठ विकेट



### उमेश यादव ने घरेलू जमीन पर पूरे किये 100 टेस्ट विकेट

अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव गुरुवार को भारत में 100 विकेट पूरे करने वाले 13वें गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन हासिल की। उमेश ने मिचेल स्टॉर्क को आउट कर घर में अपना 100वां विकेट पूरा किया। वह कपिल देव (219), जावगल श्रीनाथ (108), जहीर खान (104) और ईशांत शर्मा (104) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पांचवें तेज गेंदबाज हैं। रवींद्र जडेजा (04 विकेट), रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव (दोनों 3-3 विकेट) की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई पारी तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन आज पहली पारी में 197 रन पर सिमट गई। दिन की शुरुआत भारत से 47 रन आगे करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 88 रन की बढ़त हासिल की टर्निंग पिच पर उमेश दोनों टीमों की पहली पारी में विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज बने। उमेश ने सुबह के सत्र के दूसरे घंटे में तीन ओवर में तीन विकेट लिए और पांच ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल लिए। अब उनके नाम भारत में 31 टेस्ट में 24.53 की औसत से 101 विकेट दर्ज हैं। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के पास दूसरे दिन एक अच्छा पहला घंटा था क्योंकि उन्होंने बिना किसी नुकसान के 30 रन जोड़े। लेकिन ड्रिंक्स के बाद अश्विन और उमेश ने गेंद से कहर बरपाया और सिर्फ 11 रनों पर ऑस्ट्रेलिया के बाकी 6 विकेट गिरा दिये।



## मैक एलिस्टर ने इंग्लैंड में ही रहने की इच्छा जताई

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के मिडफील्डर एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इस सीजन ब्राइटन को छोड़ने की खबरो के बीच इंग्लैंड में ही रहने की इच्छा जताई है। कतर में अर्जेंटीना की 2022 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद से, 24 वर्षीय एलिस्टर को अन्य क्लबों में लिवरपूल, मैनचेस्टर सिटी और एटलेटिको मैड्रिड के साथ जोड़ा गया है। मैक एलिस्टर ने बुधवार को अर्जेंटीना के मीडिया आउटलेट टीवाईसी स्पोर्ट्स को बताया कि कोई विशेष टीम नहीं है जो मुझे कहती है, मैं इस तरह से खेलता हूं। मुझे लगता है कि यहां प्रीमियर लीग में बहुत मजबूत टीमें हैं जो आकर्षक फुटबॉल खेलती हैं, जैसे मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल। साथ में चेल्सी भी शामिल है। मेरे पास मैनेजर के रूप में ग्राहम पॉटर थे।

# डब्ल्यूपीएल : दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनीं मेग लैनिंग, जेमिमाह होंगी उपकप्तान

**एजेंसी। मुंबई**

दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2023 के उद्घाटन सीजन के लिए ऑस्ट्रेलियाई लीजेंड मेग लैनिंग को टीम का कप्तान और भारतीय स्टार जेमिमाह रोड्रिग्स को उप-कप्तान नियुक्त किया है। सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक, लैनिंग ऑस्ट्रेलिया के साथ सात विश्व कप (दो एकदिनी और पांच टी-20 विश्व कप) जीतने वाले अभियानों का हिस्सा रही हैं।

शीर्ष-क्रम की बल्लेबाज लैनिंग ने ऑस्ट्रेलिया को 2022 में एक एकदिनी विश्व कप और 2014, 2018, 2020 और 2023 में चार टी20 विश्व कप खिताबी जीत में टीम का नेतृत्व किया है। अपनी नई भूमिका पर लैनिंग ने कहाः मुझे दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस होता है और कप्तान नामित होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं टीम को एक साथ लाने और सभी को जानने के लिए बहुत उत्सुक हूं। मैं लीग के शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकती।




इस बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय में 1,700 से अधिक रन बनाने वाले जेमिमाह रोड्रिग्स ने कहाः हम बहुत लंबे समय से इस टूर्नामेंट के बारे में सपना देख रहे थे। पूरी भारतीय टीम नीलामी को देखते हुए भावनात्मक हो गई थी क्योंकि प्रतियोगिता आखिरकार हो रही थी। मैं वास्तव में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। आगामी डब्ल्यूपीएल सीजन के बारे में बात करते हुए दिल्ली कैपिटल के सीईओ धीरज मल्होत्रा ने कहाः यह हमारे लिए एक बेहतरीन समय रहा है। हमने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों का अधिग्रहण किया और नीलामी में खिलाड़ियों के सही मिश्रण को एक साथ रखा। आईपीएल ग्लोबल क्रिकेट के लिए एक गेम-चेंजर था और मेरा दृढ़ विश्वास है कि महिला प्रीमियर लीग का भी ऐसा ही प्रभाव पड़ेगा।

## पीवीएल अहमदाबाद डिफेंडर्स के डेनियल मौताजेदी बोले

# वॉलीबॉल मेरे जीवन के बहुत करीब

### टीम बहुत अच्छी है और उनके साथ खेलना सम्मान की बात

### 32 वर्षीय मौताजेदी 14 सालों से तेहरान में रह रहे हैं अकेले

**एजेंसी। कोच्चि**

प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) में अहमदाबाद डिफेंडर्स फ्रेंचाइजी के लिए मिडल ब्लॉकर के रूप में खेलने वाले ईरान के डेनियल मौताजेदी लीग में अपने शानदार आल-राउंड प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने कहाः टीम बहुत अच्छी है और उनके साथ खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह बिल्कुल सही है। हम एक परिवार की तरह हैं और एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, चाहे कुछ भी हो। दक्षिणा जी ने मुझे हर स्थिति में शांत रहना सिखाया है, चाहे कितना भी बुरा क्यों न हो। ईरान के पश्चिम में स्थित खेरमेह के कुर्द समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 32 वर्षीय मौताजेदी पिछले 14 सालों से अकेले तेहरान में रह रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि मौताजेदी अब लगभग 23 साल से एक खिलाड़ी हैं। ईरानी ने पहले स्विमिंग से शुरुआत की। इसके बाद जिम्नास्टिक और फिर किकबॉक्सिंग की। वह पिछले 14 सालों से वॉलीबॉल खेल रहे हैं। उन्होंने आगे कहाः मैं उस समय 17 साल का था जब वॉलीबॉल कोच मेरी बहन ने मुझसे पूछा कि मैं अपनी लंबाई के कारण वॉलीबॉल को क्यों नहीं आजमाता। जब मैंने पहली बार कोर्ट पर कदम रखा, तो यह मेरे लिए पहला प्यार था। मुझे खेल से प्यार हो गया। अहमदाबाद डिफेंडर्स स्टार अपने परिवार के साथ काफी करीबी जुड़ाव महसूस करते हैं। जब उन्हें वॉलीबॉल खेलने के लिए उसकी भारत यात्रा के बारे में पता चला तो वे हैरान रह गए। डेनियल ने कहाः मैंने कई देशों में खेला है। जब मैंने अपने परिवार को बताया कि मैं प्राइम वॉलीबॉल लीग में खेलने के लिए भारत जा रहा हूं, तो उन्हें पहले तो मुझ पर विश्वास नहीं हुआ। उन्होंने जवाब दिया, सचमुच? लेकिन प्रतिस्पर्धा के स्तर ने हम सभी को चौंका दिया है। डेनियल ने 7 साल पहले अपनी मां को खो दिया था। उनका कहना है कि वह उनके लिए खेल खेलते हैं। उन्होंने कहाः मैं उनके लिए खेलता हूं। मेरा मानना है कि वह हमेशा मुझे खेलते हुए देखती हैं। काश! वह यहां मेरा खेल देखने के लिए होती। मुझे यकीन है कि वह मुझे खेलते हुए देखना पसंद करतीं। मैं अपनी मां को गर्व महसूस कराने के लिए वॉलीबॉल खेलता हूं। ईरानी ने यह भी बताया कि यह खेल उनके देश में कितना लोकप्रिय है। उन्होंने खुलासा किया कि ईरान में कबड्डी के बाद वॉलीबॉल दूसरा सबसे पसंदीदा खेल है। हमारे देश में कुछ अच्छे खिलाड़ी भी हैं।







# सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाने का गौतम अडाणी ने किया स्वागत



**एजेंसी। नई दिल्ली**
गौतम अडाणी ने अडाणी समूह और हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़े मसले पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से जांच समिति गठित करने के फैसले का स्वागत किया है। गौतम अडाणी ने ट्विट कर कहा है कि हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हैं सच सामने आएगा। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम आडाणी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि सत्य की जीत होगी। अडाणी ने ट्वीट कर कहा कि अडानी समूह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करता है। ह्ययह समयबद्ध तरीके से अंतिम रूप लाएगा और सच्चाई की जीत होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए नियामक तंत्र से संबंधित समिति के गठन पर अमेरिकी वित्तीय रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कमेटी गठित करने का फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एएम सप्रे की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय समिति में ओपी भट्ट, जस्टिस जेपी देवधर, नंदन नीलकेणी, सोमशेखर सुंदरेशन और केवी कामत को शामिल किया गया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को भी जांच करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को अपनी जांच दो महीने में पूरा करके स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को यह भी जांच करने का निर्देश दिया है कि क्या नियमों का उल्लंघन हुआ है और क्या स्टॉक की कीमतों में कोई हेर-फेर किया गया था। इसके साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार, वित्तीय सांविधिक निकायों, सेबी चेयरपर्सन को गठित जांच समिति को पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते 25 जनवरी को हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह को लेकर 32 हजार शब्दों की एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि बीते तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से गौतम अडाणी की संपत्ति एक अरब डॉलर बढ़कर 120 अरब डॉलर हो गई है। इस रिपोर्ट के आने के बाद बवाल मच गया और सड़क से लेकर संसद तक हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी दलों ने केंद्र की सरकार पर गौतम अडाणी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया था।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी बढ़कर 85 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 76.69 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। घरेलू तेल कंपनियों ने लंबे समय से पेट्रोल-डीजल कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है।

## रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी शुरू

**रांची।** टाटा मोटर्स ने जयपुर, राजस्थान में अपना पहला रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ), रीसायकल विद रेस्पेक्ट (सम्मान के साथ पुनर्चक्रण) का शुभारंभ किया। यह सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा में टाटा मोटर्स की वचनबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस अत्याधुनिक फैसिलिटी का उदघाटन किया। इसकी क्षमता प्रति वर्ष 15,000 वाहनों की है और यहां कालातीत वाहनों के सुरक्षित और संवहनीय विघटन के लिए विष-स्तरीय, पर्यावरण-हितैषी पद्धतियों को लागू किया गया है। इसका विकास और परिचालन टाटा मोटर्स के पार्टनर गंगानगर वाहन द्वारा किया जा रहा है, और यहां सभी ब्रांड के यात्री और वाणिज्यिक कालातीत वाहनों को स्क्रैप करने की अत्याधुनिक व्यवस्था है। इस अत्याधुनिक फैसिलिटी को सभी ब्रांडों के कालातीत यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को विघटित करने और प्रदूषण कम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## शेयर बाजार में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** एक दिन की मजबूती के बाद ही घरेलू शेयर बाजार में आज एक बार फिर दबाव नजर आने लगा है। मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार ने आज कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की। आज के कारोबार में शुरू से ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार नीचे गिरते चले गए। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.51 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। पहले 1 घंटे के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोल इंडिया, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बीपीसीएल और अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 1.51 प्रतिशत से लेकर 0.66 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। दूसरी ओर टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, इंफोसिस और मारुति सुजुकी के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 1.45 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## भारत काली चाय का सबसे बड़ा उत्पादक

**नई दिल्ली।** भारत ने चाय उत्पादन को बढ़ावा देने, भारतीय चाय को एक विशिष्ट ब्रांड बनाने और इस उद्योग के साथ जुड़े परिवार के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत काली चाय (ब्लैक टी) का सबसे बड़ा उत्पादक होने के साथ ही दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय उत्पादक देश है। घरेलू जरूरतों और निर्यात दायित्वों को पूरा करने के मामले में आत्मनिर्भर है। वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक भारत करीब 1350 मिलियन किलोग्राम उत्पादन के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय उत्पादक देश है। भारत काली चाय का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भी है। विश्व की कुल चाय खपत का लगभग 18 फीसदी उपभोग यहां होता है। भारतीय चाय को विभिन्न देशों को निर्यात किया जाता है।

### शेयरों के भाव में हेरा-फेरी पर सेबी का एक्शन

# एक्टर अरशद वारसी समेत कई पर लगा बैन



**एजेंसी। नई दिल्ली**
शेयर बाजार के रेग्युलेटर सेबी ने यूट्यूब चैनल का इस्तेमाल कर शेयरों के भाव में हेराफेरी करने वाले लोगों को शेयर बाजार में ट्रेड करने पर बैन लगा दिया है जिसमें बालीवुड एक्टर अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी भी शामिल हैं। सेबी को कुछ कंपनियों के शेयरों के भाव में हेराफेरीकी शिकायत मिली थी. सेबी ने मामले की जांच के बाद ये फैसला लिया है। गुरुवार को अपने आदेश में सेबी ने 31 एंटिटी जिसमें अरशद वारसी, उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी और साधना ब्रॉडकास्ट के प्रमोटर्स को शेयर बाजार में ट्रेड करने पर बैन लगा दिया है। ये लोग यूट्यूब चैनल पर भ्रामक वीडियो अपलोड कर निवेशकों को खास कंपनियों के शेयर को खरीदने की सलाह देते थे। कंपनी के प्रमोटर श्रेया गुप्ता, गौतम गुप्ता, सौरभ गुप्ता, पूजा अग्रवाल और वरूण मीडिया पर ये बैन लगाया गया है। यूट्यूब चैनल्स पर भ्रामक वीडियो अपलोड कर गैरकानूनी तरीके से मुनाफा बनाने पर सेबी ने 41.85 लाख रुपये का जुर्माना भी ठोका है। सेबी ने कहा कि अरशद वारसी ने 29.43 लाख रुपये का मुनाफा बनाया है तो उकी पत्नी को 37.56 लाख रुपये का मुनाफा हुआ है। सेबी को ये शिकायत मिली थी कि साधना ब्रॉडकास्ट के शेयर के भाव में हेराफेरी की जा रही है। शेयरों को ऑफलोड कर उसके भाव को प्रभावित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया था गलत सूचनाओं के आधार पर भ्रामक यूट्यूब विडियो अपलोड कर निवेशकों को लुभाने की कोशिश की जा रही है। इस शिकायत के मिलने के बाद अप्रैल से सितंबर 2022 के बीच सेबी ने इस शिकायत की जांच शुरू कर दी। और पाया कि अप्रैल से जुलाई 2022 के बीच साधना ब्रॉडकास्ट के शेयर के भाव और वॉल्यूम में जबरदस्त है। सेबी के मुताबिक जुलाई 2022 के दूसरे पखवाडे.में साधना ब्रॉडकास्ट के बारे में झूठा और भ्रमित करने वाले वीडियो दो यूट्यूब चैनल दि एडवाइजर और मनीवाइज पर अपलोड किए गए।

## अजय बंगा बने विश्व बैंक प्रमुख नामित होने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने आज अजय बंगा को विश्व बैंक प्रमुख के तौर पर नामित होने पर शुभकामनायें देते हुये कहा कि भारत उनका समर्थन करता है और विश्व बैंक के प्रमुख के तौर पर उनको देखना चाहता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने श्री बंगा को नामित किया है। बंगा अभी दुनिया की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी कंपनी जनरल अटलांटिक के उपाध्यक्ष हैं और वह इससे पहले क्रेडिट कार्ड कंपनी मास्टरकार्ड के भी कार्यकारी अध्यक्ष एवं सीईओ रह चुके हैं। वित्त मंत्रालय ने आज ट्विट के माध्यम से श्री बंगा को विश्व बैंक प्रमुख नामित होने पर शुभकामनायें देते हुये कहा कि उनके पास वित्त एवं प्रौद्योगिकी का बेहतर अनुभव है। इसके साथ ही विकासशील देशों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के क्षेत्र में निवेश करने के लिए बड़े संगठनों को मार्गदर्शित करने का भी अनुभव है और बड़े पैमाने पर संसाधनों को जुटाने का भी अनुभव है। बंगा अपने अनुभवों से विश्व बैंक को मार्गदर्शित कर सकते हैं जब यह वैश्विक संगठन अगली पीढ़ी के सुधारों पर विचार कर रहा है ताकि गरीबी को कम किया जा सके और वर्तमान चुनौतियों से निपटा जा सके।

# एचडीएफसी लाइफ का गारंटीड भविष्य सुनिश्चित करता है

**नवीन मेल संवाददाता। मुंबई**
भारत की प्रमुख लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है। यह प्रोडक्ट नियमित टैक्स फ्री लाभ और मृत्यु लाभ की गारंटी देता है। एचडीएफसी लाइफ द्वारा लगातार ऐसे प्रोडक्ट पेश करने की कोशिश की जाती है, जो ग्राहकों के लिए जीवन के विभिन्न चरणों की जरूरतों को पूरा करे। एचडीएफसी लाइफ गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान के जरिये, कंपनी ग्राहकों को अपने लिए एक पूंजी निर्माण करने का मौका देती है, जो उन्हें नियमित एवं गारंटीकृत आमदनी के साथ लगातार मदद करती रहेगी। लाइफ इंश्योरेंस हर उस व्यक्ति के लिए आवश्यक है जिसके पास अपने परिवार की जिम्मेदारियां और लंबी अवधि के आर्थिक लक्ष्य हैं। एचडीएफसी लाइफ गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान इन जीवन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।

**प्रमुख फायदे :** यह प्लान पॉलिसी की सम एश्योर्ड राशि का 11% से 12% हिस्सा प्रतिवर्ष गारंटीकृत आमदनी के रूप में प्रदान करता है। पॉलिसी ऑनलाइन खरीदने पर पहले वर्ष के प्रीमियम पर छूट भी मिलेगी; 8 से 10 वर्ष की प्रीमियम भुगतान अवधि (पीपीटी) पर 12% की छूट और 12 एवं 15 वर्ष के पीपीटी पर 15% की छूट दी जाएगी। यह प्लान आमदनी भुगतान के चरण में भी लाइफ कवर प्रदान करेगा। ग्राहकों के लिए 8, 10, 12, 15, 20, 25 या 30 वर्ष की आमदनी अवधि चुनने का विकल्प, गारंटीकृत मृत्यु लाभ एकमुश्त या मासिक किश्तों में फैमिली इनकम बेनिफिट विकल्प के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। इस प्लान के लिए प्रवेश आयु 0 (शून्य) से 65 वर्ष तक है। यह एक नॉन-पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। नए प्लान के लॉन्च पर बोलते हुए अनीश खन्ना झ हेड, प्रोडक्ट्स एंड सेगमेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, एचडीएफसी लाइफ में हमारा लक्ष्य अपने पॉलिसीधारकों एवं उनके परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लाइफ इंश्योरेंस एक ऐसी प्रोडक्ट कैटेगरी है, जो सुरक्षा के साथ लंबी अवधि तक बचत करने का दोहरा फायदा प्रदान करती है। एचडीएफसी लाइफ गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान में गारंटीकृत रिटर्न पेश किया जाता है और यह पॉलिसीधारकों को भविष्य की अनिश्चितताओं से सुरक्षित करता है।

## देश

# सातवां अंतर्राष्ट्रीय धर्म धम्म सम्मेलन आज से

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी शुभारंभ



**एजेंसी। नई दिल्ली**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म धम्म सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल (3 मार्च) को 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म धम्म सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए भोपाल (मध्य प्रदेश) जाएंगी। इसका आयोजन इंडिया फाउंडेशन द्वारा सांची बौद्ध-भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है। नए युग में मानववाद के सिद्धांत पर केंद्रित सम्मेलन 3 से 5 मार्च तक कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार, भोपाल में होगा। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को एक मंच प्रदान करने वाले इस सम्मेलन में 15 देशों से 350 से अधिक विद्वान शामिल हो रहे हैं। इसमें भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आदि शामिल होंगी।

## फायरमैन भर्ती परीक्षा 2022 का अंतिम परिणाम जारी

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने गुरुवार को फायरमैन भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। कई दिन से अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे थे। अंतिम परीक्षा परिणाम में दोगुना अभ्यर्थियों को पास किया गया है। अब अभ्यर्थियों की पात्रता जांच और दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा 600 पदों के लिए आयोजित हुई थी। अठारह अप्रैल 2022 को लिखित परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद अभ्यर्थियों की शारीरिक और प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 15 से 28 दिसंबर और 30 दिसंबर को किया गया था। लिखित और शारीरिक प्रायोगिक परीक्षा के अंकों के योग के आधार पर अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए सफल घोषित किया गया है।

### सीजेआई व एससीबीए अध्यक्ष के बीच तीखी नोकझोंक

# उन्हें धमकी न दें : चीफ जस्टिस



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष विकास सिंह से कहा कि वे वकीलों के लिए चैंबर ब्लॉक में सुप्रीम कोर्ट को आवंटित जमीन के एक पार्सल को बदलने के लिए उन्हें धमकी न दें। सिंह ने प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा शामिल हैं, से वकीलों के कक्षों के लिए भूमि के आवंटन से संबंधित एक मामले पर सुनवाई की मांग की। सिंह ने कहा कि इस मामले को छह बार सूचीबद्ध किया गया है। सीजेआई ने जवाब दिया कि इसे सामान्य क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा। सिंह ने कहा कि तब मुझे आपके निवास पर आना होगा। इस बयान से मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ नाराज हो गए और उन्होंने सिंह से कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश को धमकी न दें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा आप अभी इस अदालत को छोड़ दो, आप हमें डरा नहीं सकते! सिंह ने कहा कि वह बार के प्रति जवाबदेह हैं। सीजेआई ने जवाब दिया, श्री विकास सिंह, कृपया चिल्लाएं नहीं। बार के अध्यक्ष के रूप में, आपको बार का संरक्षक और नेता होना चाहिए। मुझे खेद है कि आप संवाद के स्तर गिरा रहे हैं। याचिका में मांग की गई है कि सर्वोच्च न्यायालय को आवंटित भूमि को कक्षों के निर्माण के उद्देश्य से बार को सौंप देना जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, जब यह मामला आएगा, तो हम इससे निपटेंगे। कृपया हमारा हाथ मरोड़ने की कोशिश न करें।

## पेज एक के शेष

### 4546 करोड़ का...

करोड़, पथ निर्माण विभाग को 365 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग को 136 करोड़, जल संसाधन विभाग को 162 करोड़, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण को 470 करोड़ , शिक्षा विभाग के लिए 371 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले हम खर्च करने में हांफते थे अब दौड़ रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही निविदा नीति को लेकर सभी सचिवों के साथ बैठक करेंगे और निविदा नीति लाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के अनुपूरक प्रस्ताव से सरकार के राजकोषीय बजट पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### विशेषज्ञों ने टिकाऊ...

की अध्यक्षता के तहत जी20 की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' या 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' एक तरह से आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। पूरी दुनिया को एक साथ आने और स्थायी ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ताकि शुद्ध शून्य उत्सर्जन के साथ हमारा एक वैश्विक भविष्य हो सके। उन्होंने जी20 देशों से टिकाऊ ऊर्जा भंडारण, वितरण और प्रबंधन के क्षेत्रों में अनुसंधान और तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया। तीन सत्रों के तहत 'सतत ऊर्जा के लिए सामग्री' के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

### सीएम साहब! एक...

मुख्यमंत्री जी हम लोगों के लिए एक बढ़िया ऑडिटोरियम का निर्माण करवाएं। यह पूछे जाने पर कि आज के ओटीटी के दौर में थिएटर देखने वाले कितने लोग हैं झारखंड में, संजय लाल ने कहाः आप दिखाएंगे तो लोग देखेंगे। हम दिखाना भी चाहते हैं, लोग देखना भी चाहते हैं, पर देखने और दिखाने की जगह भी तो होनी चाहिए। दुनिया भर के लोग थिएटर देख रहे हैं। ओटीटी के पहले सिनेमा हॉल हैं। फिल्म देखने वाले फिल्म देखते हैं। नाटक देखने वाले नाटक देखते हैं। यह अपनी-अपनी पसंद है। संस्कार भारती और इप्टा इस क्षेत्र में लोकप्रिय है। इसका मतलब है कि नाटक देखने के शौकीन लोग हैं। बस, जरूरत है हमें इंफ्रास्ट्रक्चर देने की। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि थिएटर में दर्शकों का सीधा संबंध कलाकारों से होता है। वहां जो परफेक्शन मिलता है, वह फिल्मों में नहीं मिलता। आप समझ सकते हैं, नसीरुद्दीन शाह, मनोज बाजपेयी, पंकज त्रिपाठी, ओम पुरी, अमरीश पुरी, शबाना आजमी जैसे जितने भी दिग्गज कलाकार हुए हैं इस देश में, उन सभी का बैकग्राउंड थिएटर ही था। मुझे भी बहुत तरह के प्रस्ताव मिले लेकिन मैं नहीं गया। मेरा जुनून ही था कि मैं झारखंड में थिएटर को आगे बढ़ाऊंगा। मैं उसी प्रयास में लगा हूं। हम लोगों को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ता। इतना मिलता है कि दो वक्त की रोटी खा सकते हैं। फीस जैसी कोई चीज नहीं है। आयोजक जो दे देते हैं, वह पर्याप्त होता है। कोई कम देता है तो उसे टोकते हैं। एक स्ट्रगल तो है लेकिन लाइफ का मजा भी उसी में है।

### जो मेरा कांशस...

आपको एक अश्लील गाने की जरूरत है। मैं ऐसा नहीं कर सकती। मैं संगीत में साहित्य के विमर्श को समझने का प्रयास करती हूं। मुझे शारदा सिन्हा, भरत शर्मा व्यास जैसे लोकगायक बेहद पसंद हैं जिन्होंने बिना कोई शॉर्ट-कर्ट अपनाए इतनी लंबी और गहरी लकीर खींच दी कि उसे मीट-आउट करना मुश्किल है। शॉर्ट-कर्ट के रास्ते शोहरत पाना बड़ी बा नहीं। लेकिन, उसके बाद क्या होगा, यह भी सोचना चाहिए।
प्रो. रमैया मानती हैं कि संगीत मूलतः एक साधना है। आप जैसे-जैसे साधना करते जाते हैं, वैसे-वैसे मैच्चुरिटी आती जाती है। इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। मैं अगर ठुमरी, सोहर, गजल, भजन आदि गा लेती हूं तो यह साधना का ही कमाल है। अमूमन फिल्मी गाने गाने वाले भजन या क्लासिकल कम ही गाते हैं। मैं सबमें बैलेंस करके चलती हूं। मैं मानती हूं कि संगीत वही बेहतर है, जो दिल को छू ले। अब तक मेरी कोशिश यही रही है कि मैं कोई ऐसा गीत न गाऊं कि परिजनों के सामने सुनने में हिचक हो।

**माल्यार्पण**

### डॉ बीआर. अंबेडकर सामाजिक विश्वविद्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन

# विश्वविद्यालय विकास के लिए एकजुट हो करें कार्य



**नवीन मेल नेटवर्क। महू(मप्र)**
डॉ. अम्बेडकर के चिंतन एवं दर्शन को अपने पठन-पाठन में शामिल कर विश्वविद्यालय ज्ञान सृजन का कार्य कर रहा है। बाबा साहब की जन्मस्थली पर स्थापित सामाजिक विज्ञान का एकल विश्वविद्यालय सामाजिक मुद्दों पर अध्ययन अध्यापन एवं शोध का अग्रणी विश्वविद्यालय बने. विक्टिमोलॉजी, फोरेंसिक साइंस जैसे पाठ्यक्रमों का संचालन भी करना है। उक्त बातें डॉ. बी.आर.अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. रामदास, गोमाजी आत्रम ने परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में कही। कुलपति प्रो. रामदास गोमाजी आत्रम ने डॉ. अम्बेडकर और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रो. आत्रम ने कहा कि विश्वविद्यालय में निरंतर नए कार्यों का क्रियान्वयन किया जाएगा। विश्वविद्यालय में नैक की तैयारी कर अच्छी ग्रेडिंग लाना उच्च प्राथमिकता रहेगी। कुलसचिव डॉ. एल.एस. सोलंकी ने कहा कि विश्वविद्यालय में टीम भावना के साथ सबको लेकर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। डॉ. अम्बेडकर के दर्शन, विचार व संकल्पों को लेकर विश्वविद्यालय की गरिमामयी परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा। संकायाध्यक्ष प्रो. डी. के.वर्मा ने विश्वविद्यालय की स्थापना के उद्देश्यों तथा पूर्व के कुलपतियों के नेतृत्व में किये गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी संकाय, अधिकारी एवं कर्मचारी की मदद से विश्वविद्यालय प्रगति करेगा। अंतररष्ट्रीय पर स्थापित विश्वविद्यालय कुलपति के नेतृत्व में और अधिक प्रगति करेगा ऐसा पूर्ण विश्वास है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष अधिकारी तथा कर्मचारियों ने नए कुलपति का स्वागत पुष्पगुच्छ तथा माल्यार्पण से किया। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति का स्वागत करने वालों में कुलसचिव डॉ. एल.एस.सोलंकी, संकायाध्यक्ष प्रो. डी.के. वर्मा, डॉ. मनीषा सक्सेना, प्रो. सुनील गोयल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, डॉ. कौशलेंद्र वर्मा डॉ. धनराज डोंगरे, डॉ. संगीता मसानी, डॉ. शीतल झा, सहायक कुलसचिव संध्या मालवीय, डॉ. दीपक कारभारी, डॉ. पी.सी. बंसल, रितु त्रिवेदी, हिमांशी सोनी, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. रामशंकर, डॉ. जितेंद्र वर्मा, डॉ. संतोष गुजरे, प्रवीण वाघ, रश्मि अग्रवाल, सहित विश्वविद्यालय परिवार के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष,संकाय सदस्य, अतिथि विद्वान, विजिटिंग फैकल्टी, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### वियतनाम के नए राष्ट्रपति वो वान थुओंग चुने गए

**हनोई।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम (सीपीवी) के पोलित ब्यूरो के सदस्य वो वान थुओंग वियतनाम के नये राष्ट्रपति चुने गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, देश की शीर्ष विधायिका ने एक विशेष बैठक बुलाई और थुओंग को 98.38 प्रतिशत की अनुमोदन दर (स्वीकृति) के साथ नए राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है। इसके बाद थुओंग ने कहा कि वह राष्ट्र, लोगों और वियतनाम के समाजवादी गणराज्य के संविधान के प्रति पूरी तरह से निष्ठावान रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, वह 2026 में वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने तक सेवा करेंगे।

### महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोझिकोड जिले में पिछले तीन महीने से एक महिला डॉक्टर से बार-बार बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। डॉक्टर थिसुर के रहने वाले निशाम बाबू के साथ मैसूरु के एक निजी अस्पताल में काम कर रही थीं। निशाम वॉर्ड बॉय का काम करता है। इसके बाद उसने अस्पताल में अच्छी नौकरी का झांसा देकर डॉक्टर को कोझिकोड बुलाया। जब वह कोझिकोड पहुंचीं तो उसने उसका यौन उत्पीड़न किया।

### रमेश सिंह अरोड़ा करतारपुर कॉरिडोर के एम्बेसडर नियुक्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सरदार रमेश सिंह अरोड़ा को करतारपुर कॉरिडोर के लिए एम्बेसडर नियुक्त किया है। समा टीवी ने बताया कि बुधवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, अरोड़ा मानद क्षमता पर काम करेंगे। वह पीएमएल-एन की अल्पसंख्यक शाखा के केंद्रीय महासचिव भी हैं। समा टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, अरोड़ा ने कहा कि करतारपुर कॉरिडोर शांति का मार्ग है, जिसका अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा दुनिया भर से आने वाले यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एम्बेसडर होने के नाते, वह करतारपुर कॉरिडोर की सॉफ्ट इमेज को बढ़ावा देंगे, जो आपसी सद्भाव का प्रतीक है।

चुनाव आयुक्तों के चयन का मामला

# समिति गठित करने का 'सुप्रीम' आदेश



### पीएम, विपक्ष के नेता व चीफ जस्टिस समिति में होंगे शामिल

### शीर्ष अदालत ने दिया जोर, चुनाव आयोग को कार्यपालिका से रहना होगा स्वतंत्र

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता (एलओपी) व भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की एक समिति का गठन करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति के.एम. जोसफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि यह समिति तब तक रहेगी जब तक संसद इस संबंध में कानून नहीं बना देती। शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव आयोग को कार्यपालिका से स्वतंत्र रहना होगा। एक कमजोर चुनाव आयोग के परिणामस्वरूप कपटपूर्ण स्थिति पैदा होगी और आयोग की कुशलता प्रभावित होगी। शीर्ष अदालत का फैसला चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया में सुधार की सिफारिश करने वाली याचिकाओं की सुनवाई करते हुए आया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष और कानूनी तरीके से कार्य करने और संविधान के प्रावधानों का पालन करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि लोकतंत्र लोगों की शक्ति के साथ जुड़ा हुआ है और एक आम आदमी के हाथों में शांतिपूर्ण बदलाव की सुविधा प्रदान करता है।

## अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच के लिए समिति गठित

**सर्वोच्च** न्यायालय ने गुरुवार को अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच करने के लिए अपने सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.एम. सप्रे की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने अधिवक्ता विशाल तिवारी, एम.एल. शर्मा, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और अनामिका जायसवाल की याचिका पर यह आदेश दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि समिति में ओ.पी. भट, न्यायमूर्ति जे.पी. देवधर (सेवानिवृत्त), के.वी. कामत, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदेरेसन को शामिल किया गया है। पीठ ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे करेंगे। समिति स्थिति का समग्र मूल्यांकन प्रदान करेगी और सुरक्षा बाजारों में अस्थिरता के कारण कारकों का नेतृत्व करेगी। समिति निवेशकों की जागरूकता को मजबूत करने के उपायों का सुझाव देगी और यह भी जांच करेगी कि अडाणी समूह या अन्य कंपनियों के संबंध में प्रतिभूति बाजार से संबंधित कानूनों के कथित उल्लंघन में नियामक विफलता तो नहीं हुई है।

### सत्य की जीत होगी : अडाणी

**हिंडनबर्ग** रिसर्च रिपोर्ट के सामने आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट की जांच करने और छोटे निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सेबी के मौजूदा रेग्युलेटरी मैकेनिज्म



की समीक्षा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक्सपर्ट कमिटी का गठन कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की प्रतिक्रिया आई है। गौतम अडाणी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि सत्य की जीत होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ए एम सापरे के नेतृत्व में कमिटी का गठन किया है, जिसे आईसीआईसीआई बैंक के सीईओ रहे के वी कामथ और इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि कमिटी के सदस्य होंगे। इनके अलावा एसबीआई के पूर्व चेयरमैन ओ पी भट्ट, जस्टिस जे पी देवधर और सोमशेखर संदरेशन कमिटी के अन्य सदस्य हैं। इस कमिटी को दो महीने में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में जमा कराने को कहा गया है। अडाणी ने ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट किया: अडाणी समूह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करता है। ये समयबद्ध तरीके से मामले को चरम तक लेकर जाएगा। सत्य की जीत होगी।

# प्रभावित देशों को सुने बगैर वैश्विक नेतृत्व असंभव : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विकसित देशों के नाम एक संदेश में कहा कि कोई भी समूह उन लोगों की बात सुने बिना वैश्विक नेतृत्व का दावा नहीं कर सकता है, जो उसके फैसलों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, विश्व युद्ध के बाद वैश्विक शासन भविष्य के युद्धों को रोकने और आम हितों के मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में विफल रहा।

उन्होंने कहा कि कई विकासशील देश अपने लोगों के लिए खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश करते हुए अस्थिर ऋण से जूझ रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के प्रति विकसित देशों की भूमिका को इंगित करते हुए मोदी ने कहा कि अमीर देशों के कारण इस घटना से विकासशील देश सबसे अधिक प्रभावित हैं। उन्होंने कहा : भारत की जी20 अध्यक्षता ने वैश्विक दक्षिण को आवाज देने की कोशिश है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि बैठक गहरे वैश्विक विभाजन के समय हो रही है और यह स्वाभाविक है कि भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित होती है। इन तनावों को कैसे सुलझाया जाना चाहिए, इस पर हम सभी की अपनी स्थिति और हमारे दृष्टिकोण हैं। दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं की हमारे प्रति जिम्मेदारी है।

दुनिया विकास, आर्थिक लचीलापन, आपदा लचीलापन, वित्तीय स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय अपराध, भ्रष्टाचार, आतंकवाद और खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा की चुनौतियों को कम करने के लिए जी20 को देख रही है। हमें उन मुद्दों पर एक साथ आना चाहिए, जिन्हें हम एक साथ हल नहीं कर सकते हैं। एक तरफ विकास और दक्षता और दूसरी तरफ लचीलापन के बीच सही संतुलन खोजने में जी20 की महत्वपूर्ण भूमिका है।



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार, 2 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के दौरान इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी का स्वागत किया।*

# सिख कार्यकर्ता पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे सुनक सरकार : विपक्ष

**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारर ने कहा है कि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और विदेश कार्यालय पांच साल से भारतीय जेल में बंद ब्रिटिश सिख जगतार सिंह जोहल के लिए समर्थन वापस ले रहे हैं। द गार्जियन के अनुसार, सुनक सरकार ने भारत द्वारा मनमाने ढंग से जोहल को हिरासत में लिए जाने के दावे को अस्वीकार कर दिया है। जोहल उर्फ जग्गी जोहल को पंजाब पुलिस ने 4 नवम्बर, 2017 को जालंधर में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) द्वारा हत्याओं में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के एक पैनल ने पिछले साल कहा था कि जोहल को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया है, बिना कोई मुकदमा चलाए। इसे एक महत्वपूर्ण कदम कहते हुए, स्टारर ने सुनक को फरवरी की शुरुआत में लिखा कि वह इस मामले पर क्या कार्रवाई करना चाहता है। उन्होंने कहा: मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप पुष्टि कर सकते हैं कि यूके सरकार भी मानती है कि जगतार को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया और यदि ऐसा है, तो आपकी सरकार इस मामले में सफलता हासिल करने के लिए क्या कदम उठाएगी? द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, जवाब में, सुनक ने यह कहते हुए सीधे सवाल टाल दिया कि एफसीडीओ (विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय) जोहल और उनके परिवार को काउंसलर सहायता प्रदान करना जारी रखता है।





### रजनीकांत, 'जय भीम' निर्देशक के अगले प्रोजेक्ट की घोषणा



**सुपरस्टार** रजनीकांत की अगली फिल्म की घोषणा कर दी गई है और इसका निर्देशन टीजे ज्ञानवेल करेंगे। 2024 में रिलीज होने वाली फिल्म 'थलाइवर 170' में अभिनेता कथित तौर पर एक मुस्लिम पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस ने गुरुवार को ट्विटर पर घोषणा की है कि वे उस फिल्म का निर्माण करेंगे, जिसका निर्देशन टीजे ज्ञानवेल करेंगे, जिन्होंने अपनी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तमिल फिल्म 'जय भीम' से सुर्खियां बटोरी थीं। हम थलाइवर 170 के लिए सुपरस्टार एट द रेट रजनीकांत के साथ अपने अगले जुड़ाव की घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े अन्य विवरण अभी गुप्त रखे गए हैं। काम के मोर्चे पर, रजनीकांत जल्द ही अपनी आगामी रिलीज 'जेलर' की शूटिंग पूरी करेंगे।

### भुवन बाम ने शेयर की 'द कपिल शर्मा शो' के सेट से तस्वीर, जताया आभार



**यूट्यूब** सेंसेशन और अभिनेता भुवन बाम, जिन्हें उनकी ओटीटी सीरीज 'ताजा खबर' के लिए सराहना मिली, जल्द ही 'द कपिल शर्मा शो' की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने हाल ही में कपिल शर्मा के साथ एक विशेष एपिसोड के लिए शूटिंग की, जो अपने आगामी नाटक 'ज्विगेटो' की रिलीज का भी इंतजार कर रहे हैं। भुवन ने अपने सोशल मीडिया पर कपिल के साथ एक खास पल की तस्वीर साझा की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया: औकात के बाहर आ गया हूं, द कपिल शर्मा शो पे। उनकी 2023 की वेबसीरीज 'ताजा खबर' की शुरुआत अच्छी रही और ऑरमैक्स की रिपोर्ट के अनुसार इसने चार हफ्तों तक नंबर एक स्थान हासिल किया। इसने शाहिद कपूर और विजय सेतुपति-स्टारर प्राइम वीडियो वेबसीरीज 'फर्जी' की रिलीज के बाद अपना शीर्ष स्थान सौंप दिया। इस बीच, भुवन 'ढिंढोरा 2' और 'ताजा खबर 2' की पटकथा पर काम कर रहे हैं।

### 'टाइगर 3' के लिए एक हफ्ते तक एक्शन सीक्वेंस शूट करेंगे शाहरुख



**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान, जिन्होंने 'पठान' के साथ धमाकेदार वापसी की है, अब वह सलमान की 'टाइगर 3' में दिखाई देंगे। वह एक्शन सीक्वेंस शूट के लिए सात दिन व्यस्त रहेंगे। हिंदी सिनेमा के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स के मिलन ने फिल्म जगत में हलचल पैदा कर दी है। दर्शकों ने स्क्रीन पर उनकी एक्टिंग को पसंद किया है। एसआरके के पठान और सलमान के टाइगर के साथ अब जाने-माने वाईआरएफ स्पाई-ब्रह्मांड का भी संकेत मिलने लगा है। एक सूत्र के मुताबिक, शाहरुख अप्रैल के अंत में मुंबई में 'टाइगर 3' के लिए सात दिनों तक शूटिंग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'टाइगर 3' में शाहरुख खान और सलमान से पूरे दमखम की उम्मीद है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स हर फिल्म के थिएटर अनुभव को कुछ स्तर ऊपर ले जाने वाला है।

### आयशा झुल्का के लिए मैंने पहला गीत कोरियोग्राफ किया : फराह

**फिल्म** निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान ने साझा किया है कि उन्होंने आयशा झुल्का के लिए अपना पहला गाना कोरियोग्राफ किया और यह हमेशा खास रहेगा। फराह ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आयशा के साथ एक सेल्फी पोस्ट की और अभिनेत्री को विशेष कहा। तस्वीर में फराह ने ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहना है जबकि आयशा ने ब्लैक के साथ व्हाइट आउटफिट चुना है। फराह ने पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा: मैंने अपना पहला गाना आयशा झुलका के लिए कोरियोग्राफ किया है। वह हमेशा खास रहेंगी। एक अन्य तस्वीर में, आयशा ने फराह के चारों ओर अपना हाथ रखा और वे कैमरे के लिए मुस्कुरा रही थीं।

**आतंकवाद** दुनिया के लिए एक बड़े चिंता का विषय

# उच्च स्तरीय बहस करेगा यूएनएससी

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

मोजांबिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रपति फिलिप न्यासी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बहस बुलाएगा। यह बात परिषद में मोजांबिक की स्थायी प्रतिनिधि प्रेडो कोमिसारियो अफोंसो ने परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आतंकवाद दुनिया के लिए एक बड़े चिंता का विषय है।

अफोंसो ने महीने के लिए परिषद के एजेंडे के बारे में बुधवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा, आतंकवाद आज दुनिया में बहुत चिंता का विषय है, इसलिए हमें इसे खत्म करने के लिए अपने प्रयासों को एकजुट करने की जरूरत है। भारत, जिसने पिछले दो वर्षों में परिषद में अपने कार्यकाल के दौरान आतंकवाद-रोधी समिति (सीटीसी) का नेतृत्व किया, ने आतंकवाद के अभिशाप पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया।

दिसम्बर में इसकी अध्यक्षता के दौरान, भारत ने आतंकवाद से लड़ने पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में परिषद की एक मंत्रिस्तरीय बैठक बुलाई। भारत सीटीसी के सदस्यों को मुंबई में 2008 के आतंकी हमलों के स्थल पर लाया, जिसमें 170 से अधिक लोग मारे गए थे ताकि खतरे पहचाना जा सके। अफोंसो ने कहा: आतंकवादी खतरा हमेशा बना रहता है और कई लोगों और कई देशों को इसका अनुभव है कि कैसे आतंकवादी वहां किसी भी समय हमला कर सकते हैं। कुछ देशों द्वारा किए जाने वाले बहाने को खारिज करते हुए उन्होंने कहा: आतंकवाद आतंकवाद है।



### परिषद के सुधार पर भी दिया जोर

**रूस** के यूक्रेन पर आक्रमण से निपटने में परिषद की अक्षमता को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि यह सामान्य रूप से संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता को प्रभावित नहीं करता है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के विऔपनिवेशीकरण प्रयासों का हवाला दिया, जो इसकी प्रभावकारिता के उदाहरण के रूप में उनके जैसे देशों को स्वतंत्रता प्रदान करता है। लेकिन उन्होंने यह कहते हुए परिषद के सुधार पर भी जोर दिया कि अफ्रीका एक ऐतिहासिक अन्याय का शिकार है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद महाद्वीप को स्थायी सीट से इनकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी।